हिन्दी दैनिक

जन-जन की वाणी...

# सोन वर्षा वाणी

औरंगाबाद, आरा एवं रांची से प्रकाशित



Page 11

खेल

## आईपीएल 2024 : आईपीएल में युजवेन्द्र चहल के नाम दर्ज हुआ शर्मनाक रिकॉर्ड



Page 10

देश

## देश में इमरजेंसी लगाकर लोकतंत्र की हत्या करने वाले संविधान बचाने की कर रहे बात...

शुक्ल पक्ष पुनर्वसु संवत 2081

• औरंगाबाद • सोमवार • 15 अप्रैल 2024 • वर्ष 26 • अंक 124 • पृष्ठ 12

मूल्य ₹ 2.00

## सोना चांदी

| सोना | चांदी |
|---|---|
| 10 ग्राम 24 कैरेट | 1 किलो चांदी |
| ₹72, 550 | ₹85,500 |





## आज का इतिहास

- 1994 : भारत ने जैकब फील्ड में पहला गेम गंवा दिया, कनास शहर 2-1.1991 से जीता-नेपाली कांग्रेस पार्टी ने आम चुनाव जीता।
- 1991 : 706 प्रदर्शनों के लिए सीक्रेट गार्डन 'सेंट जेम्स थियेटर न्यूयॉर्क सिटी में खुलता है।

## न्यूज बाइट्स

### सलमान खान के घर के बाहर फायरिंग मामले में केस दर्ज

**मुंबई (ए.)।** सलमान खान के घर के बाहर रविवार तड़के दो बाइक सवार शूटर ने फायरिंग की। घटना को अंजाम देने के बाद दोनों वहां से फरार हो गए। उस वक्त दोनों ने हेलमेट पहना हुआ था। राहत की बात रही कि किसी को कोई नुकसान नहीं पहुंचा। मुंबई पुलिस ने हमलावरों के खिलाफ हत्या की कोशिश और आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस ने हमलावरों की बाइक भी जब्त कर ली है। वहीं दोनों हमलावरों की तस्वीरें भी सामने आई हैं। एक ने सफेद और काली टी-शर्ट पहनी है। वहीं दूसरा शख्स लाल टी-शर्ट में दिख रहा है। सीसीटीवी फुटेज से तस्वीर मिली है। इसके आधार पर पुलिस उनकी तलाश में जुट गई है।

### पोर्टेबल टैंक रोधी निर्देशित मिसाइल हथियार प्रणाली के सफल परीक्षण

**नई दिल्ली (ए.)।** रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) ने देश में ही डिजाइन और विकसित पोर्टेबल टैंक रोधी निर्देशित मिसाइल हथियार प्रणाली की प्रौद्योगिकी दृष्टि से श्रेष्ठता साबित करने के उद्देश्य से कई सफल फायरिंग परीक्षण किए हैं। इस हथियार प्रणाली के शनिवार को राजस्थान की पोखरण फील्ड फायरिंग रेंज में वारहेड उड़ान परीक्षण सफलतापूर्वक किए गए।

### डीएलएड कोर्स की डिमांड बढ़ी

**पटना (नि. सं.)।** सुप्रीम कोर्ट के द्वारा प्राथमिक शिक्षक नियुक्ति के लिए जरूरी आर्हता से बीएड को हटाने और सिर्फ डीएलएड उत्तीर्ण अभ्यर्थियों को इसमें मौका देने के निर्णय के बाद डीएलएड कोर्स की डिमांड राज्य में एकाएक बढ़ गई है। इस बार डीएलएड नामांकन के लिए हर सीट पर काफी टफ फाइट होगी और नामांकन पिछले बार की तरह आसान नहीं होगा। इसके पीछे का कारण है कि डीएलएड में जहां पहले एक से दो लाख ही आवेदन आते थे, इस बार सत्र 2024-26 के लिए 6.81 आवेदन आए हैं। जबकि राज्य भर के 306 डीएलएड कॉलेजों के 30,750 सीटों पर ही नामांकन होना है।

### आईसीएआर एआईईईए के लिए आवेदन शुरू

**पटना (नि. सं.)।** नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) ने भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद अखिल भारतीय प्रवेश परीक्षा प्रवेश (आईसीएआर एआईईईए) 2024 स्नातकोत्तर के लिए पंजीयन प्रक्रिया शुरू कर दी है। वेबसाइट पर जाकर आईसीएआर एआईईईए पीजी के लिए 11 मई तक आवेदन कर सकते हैं। उम्मीदवार 15 मई तक अपने आइसीएआर एआईईईए पीजी आवेदन पत्र को ऑनलाइन संपादित कर सकेंगे।

भाजपा के घोषणा पत्र में यूसीसी वादा, बुजुर्गों के लिए आएगी आयुष्मान भारत योजना

# 70 साल से ऊपर के बुजुर्गों को 5 लाख तक मुफ्त इलाज, गरीबों के लिए तीन करोड़ घर

- संकल्प पत्र 'मोदी की गारंटी 2024' किया जारी

एजेंसी | नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को दिल्ली स्थित पार्टी दफ्तर में 2024 लोकसभा चुनाव के लिए भाजपा का मैनिफेस्टो जारी किया। इसे 'भाजपा का संकल्प-मोदी की गारंटी' नाम दिया गया है। मोदी के साथ मंच पर जेपी नड्डा, राजनाथ सिंह, अमित शाह और निर्मला सीतारमण मौजूद थे। संकल्प पत्र की पहली कॉपी गुजरात, हरियाणा और छत्तीसगढ़ से आए तीन लोगों को दिया गया। ये वो लोग थें, जिन्हें मोदी सरकार की पिछली किसी न किसी योजना का फायदा मिला। पार्टी ने पिछले 10 साल के वादों और उन्हें पूरा करने पर बना एक वीडियो भी जारी किया। पार्टी अध्यक्ष नड्डा, संकल्प पत्र कमेटी के अध्यक्ष राजनाथ सिंह ने अपनी बातें रखीं। इसके बाद प्रधानमंत्री मंच पर आए। 46 मिनट की स्पीच में पिछले 10 साल के कामकाज का लेखा-जोखा देते हुए कहा कि हमने धारा 370, महिला आरक्षण जैसे वादे पूरे किए। इसके बाद मोदी ने 2024 की गारंटी यानी वादे गिनाए। इसमें 70 साल की उम्र से ऊपर के किसी भी वर्ग के बुजुर्गों को आयुष्मान भारत योजना के तहत 5 लाख रुपए तक के मुफ्त इलाज, गरीबों के लिए 3 करोड़ घर, गरीबों को मुफ्त राशन 2029 तक देने की गारंटी दी। मोदी ने कहा- 4 जून को नतीजे आने के तुरंत बाद बीजेपी के 'संकल्प पत्र' पर काम शुरू हो जाएगा। सरकार ने 100 दिन की कार्ययोजना पर काम शुरू कर दिया है। देश की जनता की महत्वाकांक्षा ही मोदी का मिशन है। संकल्प पत्र में भाजपा ने खेती-किसानी और किसानों की समस्याओं पर भी खासा धयान दिया है। मालूम हो कि पंजाब, हरियाणा और यूपी के कुछ हिस्सों से किसान कृषि कानूनों को लेकर पूर्व में सरकार के लिए समस्या खड़ी कर चुके हैं।




### गरीबों के लिए घोषणाएं

- » पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना- अगले पांच साल तक मुफ्त राशन
- » गरीब की थाली की सुरक्षा प्राइज स्टेबलाइजेशन फंड बनाया जाएगा
- » 1 फ्री स्वास्थ्य सुविधाएं आयुष्मान भारत के तहत 5 लाख रुपए तक का मुफ्त इलाज
- » पीएम आवास योजना- हर गरीब को आवास सुविधा मिलेगी
- » हर घर नल से जल- गांव-कस्बों और शहर के हर घर में नल से जल की पहुंच
- » स्लम रीडेवलपमेंट- झुग्गी-झोपड़ी वाले गरीबों को पक्का घर देंगे
- » पीएम उज्वला योजना- रसोई गैस के लिए योजना जारी रहेगी
- » पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना हर महीने फ्री बिजली, ताकि बिजली बिल जीरो हो

» भाजपा ने घोषणात्र की सुचिता को फिर स्थापित किया है। ये संकल्प पत्र विकसित भारत के 4 मजबूत स्तंभ - युवाशक्ति, नारीशक्ति, गरीब और किसान, इन सभी को सशक्त करता है। हमारा फोकस जीवन की गरिमा एवं गुणवत्ता और निवेश से नौकरी पर है। पिछले 10 वर्ष, नारी गरिमा, नारी को नए अवसरों को समर्पित रहे हैं। आने वाले 5 वर्ष नारीशक्ति की नई भागीदारी के होंगे। उन्होंने कहा कि गरीबों के लिए मुफ्त भोजन की योजना पांच साल और चलेगी ताकि वे किसी वजह से फिर से गरीबी के जाल में नहीं फंस जाएं।

# छठ व्रतियों ने दिया अस्तलचगामी सूर्य को अर्घ्य, घाटों पर उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़





निज संवाददाता | पटना

लोक आस्था का महापर्व चैती छठ के चार दिवसीय अनुष्ठान का रविवार को तीसरा दिन था। छठ व्रतियों ने अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य दिया। इस दौरान छठ पूजा घाटों पर श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। किन्नर समुदाय के लोग भी छठ पूजा कर रहे हैं। घाट पर छठ गीत गाकर महिलाएं भगवान भास्कर की आराधना की। रविवार को चैत्र शुक्ल षष्ठी तिथि में आर्द्रा नक्षत्र में अस्ताचलगामी सूर्य को संध्याकाल में पहला अर्घ्य दिया गया। सप्तमी सोमवार 15 अप्रैल को पुनर्वसु नक्षत्र व सुकर्मा योग में उदीयमान सूर्य को दूध और जल से अर्घ्य देकर व्रत का समापन किया जाएगा। भगवान भास्कर को जल से अर्घ्य देने से मानसिक शांति और जीवन में उन्नति होती है। लाल चंदन, फूल के साथ अर्घ्य से यश की प्राप्ति होती है।

### ऋग्वैदिक काल से छठ महापर्व की परंपरा

पंडित राकेश झा कहते हैं कि छठ महापर्व ग्रह गोचरों के शुभ संयोग में मनाई जा रही है। यह पर्व पारिवारिक सुख समृद्धि व मनोवांछित फल की प्राप्ति के लिए व्रती पूरे विधि-विधान से छठ का व्रत करती है। इस पर्व को करने से रोग, शोक, भय आदि से मुक्ति मिलती है। छठ व्रत करने की परंपरा ऋग्वैदिक काल से ही चला आ रहा है। भगवान भास्कर को अर्घ्य देने से कई जन्मों के पाप नष्ट होते हैं। उन्होंने आगे बताया कि सूर्य ऐसे देवता हैं, जिन्हें प्रत्यक्ष देखा जाता है। सूर्य की शक्ति का मुख्य स्त्रोत उनकी पत्नी उषा और प्रत्युषा हैं। छठ में सूर्य के साथ दोनों शक्तियों की संयुक्त आराधना होती है। पहले सायंकालीन अर्घ्य में सूर्य की अंतिम किरण (प्रत्युषा) और फिर उदीयमान सूर्य की पहली किरण (उषा) को अर्घ्य देकर नमन किया जाता है।

कलयुग के प्रत्यक्ष देवता सूर्य को जल में गुड़ मिलाकर अर्घ्य देने से पुत्र और सौभाग्य का वरदान मिलता है। वहीं, प्रातःकाल में जल में रक्त चंदन, लाल फूल, इत्र के साथ ताम्रपात्र में आरोग्य के देवता सूर्य को अर्घ्य देने से आयु, विद्या, यश और बल की प्राप्ति होती है। पंडित गजाधर झा के मुताबिक, छठ व्रत आरोग्य, सौभाग्य व संतान के लिए किया जाता है। स्कंद पुराण के मुताबिक राजा प्रियव्रत ने भी यह व्रत रखा था। उन्हें कुष्ठ रोग हो गया था। भगवान भास्कर से इस रोग की मुक्ति के लिए उन्होंने छठ व्रत किया था। स्कंद पुराण में प्रतिहार षष्ठी के तौर पर इस व्रत की चर्चा है। स्कंद पुराण और वर्षकृतम में भी इस प्रतिहार षष्ठी की वर्णन है।

नीतीश कुमार ने मुकेश सहनी को दिया बड़ा झटका

# तेजस्वी के साथ जाने पर वीआईपी में फूट, कई पार्टी नेता जदयू में आए

निज संवाददाता | पटना



राजद नेता तेजस्वी यादव की पहल पर मुकेश सहनी ने इंडी गठबंधन में शामिल होने का फैसला किया। उनकी पार्टी विकासशील इंसान पार्टी, वीआईपी बिहार में महागठबंधन का हिस्सा बन गई। तेजस्वी यादव ने आरजेडी के कोटे से तीन लोकसभा की सीटें भी वीआईपी को दे दिया। इस बीच अपना रानैतिक वजूद बचाने में व्यस्त मुकेश सहनी को बड़ा झटका लगा है। उनकी पार्टी वीआईपी में भगदड़ मच गई है। मछुआरा समाज के कई नेता मुकेश सहनी का साथ छोड़कर नीतीश कुमार की पार्टी जेडीयू में शामिल हो गए हैं जिनमें वीआईपी के प्रदेश महासचिव अमरेंद्र सिंह मुन्ना भी शामिल हैं।

रविवार को इन नेताओं ने नीतीश कुमार से मुलाकात की और उनके नेतृत्व में आस्था जताई। नीतीश से मिलने वालों में कांग्रेस और राजद के कई कार्यकर्ता और नेता भी मौजूद थे। इन नेताओं ने नीतीश कुमार की नीतियों और कार्यों की सराहना की। मिलन समारोह आयोजित किया गया जिसके तहत सबने जदयू की सदस्यता ग्रहण कर लिया। इस मौके पर जदयू के राष्ट्रीय महासचिव सह राज्यसभा सांसद संजय कुमार झा और बिहार सरकार के मंत्री विजय कुमार चौधरी भी मौजूद थे। मुख्यमंत्री से मुलाकात कर जदयू की सदस्यता ग्रहण करने वालों में वीआईपी के प्रदेश महासचिव अमरेंद्र सिंह मुन्ना, पार्टी के कटिहार जिलाध्यक्ष सुनील चौधरी निषाद, भागलपुर जिला सचिव शिव सिंह निषाद, युवा वीआईपी के प्रदेश महासचिव शैलेंद्र सिंह निषाद, मछुआरा कांग्रेस कमेटी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष श्री सुंदर सहनी, मुजफ्फरपुर के कांग्रेस नेता प्रिंस कुमार चौधरी, वैशाली के राजद नेता गरीबन सहनी आदि शामिल हैं। इन दिनों तेजस्वी यादव और मुकेश सहनी की केमिस्ट्री राजनीतिक गलियारे में चर्चा का विषय बना हुआ है। खासकर हेलिकॉप्टर में पहले मछली और फिर नारंगी की पार्टी करके दोनों ने खूब सुर्खियां बटोरी।

# शिक्षकों के नियमित प्रशिक्षण के लिए सुदृढ़ होंगे संस्थान

निज संवाददाता | पटना



शिक्षा विभाग शिक्षकों को नियमित रूप से बेहतरीन प्रशिक्षण की व्यवस्था करेगा। इसको लेकर विभाग ने निर्णय लिया है कि राज्य के शिक्षक प्रशिक्षण संस्थानों को सुदृढ़ करेगा। हर संस्थान में आवश्यकता के अनुसार नये कमरों के निर्माण से लेकर अन्य संसाधनों को विकसित किया जाएगा। इसके लिए वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए 215 करोड़ खर्च करने की स्वीकृति दी है।

विभाग ने जारी आदेश में कहा है कि शिक्षकों के आवासीय और गैर आवासीय प्रशिक्षण में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखना है। इसके लिए जरूरी है कि प्रशिक्षण संस्थानों की आधारभूत संरचना विकसित हो। संस्थानों में आधारभूत संरचनाओं के विकास, निर्माण, जीर्णोद्धार के साथ ही तकनीकी सेवाओं के विकास के लिए उक्त राशि स्वीकृत की गयी है। पूर्व में राशि की कमी से आवश्यक कार्य नहीं हो पाते थे। विभाग ने कहा है कि बिहार लोक सेवा आयोग से पहले चरण में एक लाख दो हजार 871 तथा दूसरे चरण में 69 हजार 500 शिक्षकों को नियुक्त किया गया है। तीसरे चरण की नियुक्ति की कार्रवाई चल रही है, जिसके तहत 86 हजार 491 शिक्षक नियुक्त होंगे। वहीं, पूर्व से राज्य में करीब साढ़े तीन लाख शिक्षक कार्यरत हैं। इस प्रकार इसी साल राज्य में कुल छह लाख शिक्षक कार्यरत होंगे। इतने अधिक शिक्षकों को समय-समय पर प्रशिक्षण देने के लिए पर्याप्त व्यवस्था होनी चाहिए।

इजराइल वार : भारत कड़े कदम उठाने के लिए तैयार

# विदेश मंत्री एस जयशंकर ने यात्रा करने से बचने की दी सलाह

एजेंसी | नई दिल्ली



विदेश मंत्री एस जयशंकर ने इंडिया टुडे से खास बातचीत में कहा कि ईरान और इजराइल के बीच जारी संघर्ष चिंता की बात है। दोनों देशों के बीच स्थिति और खराब हो सकती है। विदेश मंत्री ने कहा, उस क्षेत्र में हमारी भी हिस्सेदारी है। भारतीयों की सुरक्षा को लेकर कहा, अगर जरूरत पड़ी तो भारत कड़े कदम उठाने से पीछे नहीं हटेगा। विदेश मंत्री ने इस दौरान ईरान और इजराइल की यात्रा करने से बचने की सलाह दी है। भारत हॉर्मुज जलडमरूमध्य के निकट शनिवार को ईरानी सेना द्वारा जब्त किये गए इजराइली मालवाहक जहाज पर सवार 17 भारतीय नागरिकों को मुक्त कराने के लिए ईरान के संपर्क में है। जहाज यूएई से भारत आ रहा था। तब 'एमएससी एरीज' को ईरान ने अपने कब्जे में ले लिया। इजराइल में भारतीय दूतावास ने ईरान के हमलों के बाद अपने नागरिकों के लिए रविवार को एक नया महत्वपूर्ण परामर्श जारी कर उन्हें शांतचित्त रहने और सुरक्षा प्रोटोकॉल के पालन की सलाह दी। भारतीय दूतावास ने सोशल मीडिया हैंडल पर पोस्ट कर भारतीयों के लिए सूचना जारी की। कहा गया कि दूतावास स्थिति पर करीबी नजर रख रहा है और वह हमारे सभी नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए इजराइली प्राधिकारियों तथा भारतीय समुदाय के सदस्यों के संपर्क में है। ईरान ने शनिवार देर रात इजराइल पर हमला कर दिया और उस पर सैंकड़ों ड्रोन, बैलेस्टिक मिसाइलें तथा क्रूज मिसाइलें दागीं। इजराइल ने कहा कि ईरान ने 170 ड्रोन, 30 से अधिक क्रूज मिसाइल और 120 से अधिक बैलेस्टिक मिसाइल दागीं। हालांकि रविवार सुबह ईरान ने कहा कि हमला समाप्त हो गया है।

राष्ट्रीय अग्नि सुरक्षा सप्ताह कार्यक्रम आयोजित

# ड्यूटी के दौरान जान की बाजी लगाने वाले अग्निशामकों को दी गई श्रद्धांजलि

निज संवाददाता | पटना

अग्निशमन विभाग में अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते हुए जान की बाजी लगाने वाले बहादुर अग्निशामकों की याद में पटना में राष्ट्रीय अग्नि सुरक्षा सप्ताह का आयोजन किया गया। एक सप्ताह तक चलने वाले इस कार्यक्रम के प्रथम दिन 14 अप्रैल 1944 को मुंबई पोर्ट में आग में अपनी जान गवाने वाले बहादुर अग्निशामकों को श्रद्धांजलि दी गई। कार्यक्रम के उद्देश्य के बारे में बताते हुए सहायक जिला अग्निशमन पदाधिकारी शशिकांत शर्मा ने कहा कि इसका उद्देश्य जनता के बीच अग्नि सुरक्षा के बारे में जागरूकता फैलाना है। उन्होंने कहा कि लोगों को आग से बचाव, आपातकालीन तैयारी, अग्निशमन तकनीकी के बारे में लोगों को शिक्षित करने के लिए देशभर के विभिन्न गतिविधियां आयोजित किया जाना है। अग्नि अभ्यास, प्रशिक्षण सत्र, जागरूकता अभियान और अग्नि सुरक्षा से संबंधित विषयों पर प्रतियोगिताएं भी आयोजित की जाएगी। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय अग्नि शमन सेवा सप्ताह 2024 का मुख्य विषय अग्नि सुरक्षा सुनिश्चित करें, राष्ट्रीय निर्माण में योगदान दें'इस थीम का उद्देश्य अग्नि सुरक्षा उपायों के बारे में जागरूकता बढ़ाना, कार्यस्थलों में आग की रोकथाम को बढ़ावा देना, अग्नि सुरक्षा उपकरणों की कार्यक्षमता सुनिश्चित करना, व्यक्तियों को प्रभावी ढंग से आग का प्रबंधन करने के लिए सशक्त बनाना और आग की रोकथाम, नियंत्रण, बचाव और पुनर्वास के लिए रणनीतियों को अपनाने के लिए प्रोत्साहित करना है।

# 19 अप्रैल तक 40 डिग्री से नीचे रहेगा पारा, मई के पहले हफ्ते से सताएगी लू

निज संवाददाता | पटना

पटना समेत पूरे बिहार में अगले दो दिन तक अधिकतम तापमान में बढ़ोतरी की संभावना नहीं है। पटना समेत बिहार के दक्षिणी भाग में 14 से 19 अप्रैल तक दोपहर या उसके बाद बादल छाएंगे। मौसम विभाग के अनुसार बंगाल की खाड़ी और अरब सागर से नमी युक्त हवा आ रही है। शनिवार को दक्षिण बिहार का औसत अधिकतम तापमान 36 से 39 डिग्री के बीच, जबकि उत्तर बिहार का 34 से 36 डिग्री के बीच दर्ज किया गया। पटना का अधिकतम तापमान 37.4 डिग्री सेल्सियस रहा। 19 अप्रैल तक दक्षिण बिहार के अधिकतर जिलों का अधिकतम तापमान 40 डिग्री से नीचे रहने की संभावना है। शनिवार को सबसे गर्म जिला शेखपुरा और औरंगाबाद रहा। यहां का अधिकतम तापमान 40.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। गया 38.2 डिग्री, जमुई 38 डिग्री, पटना 37.5 डिग्री, बेगूसराय 37.6 डिग्री। इसके अलावा अन्य जिलों का अधिकतम तापमान 40 डिग्री के नीचे रहा। अप्रैल के अंतिम या मई के पहले सप्ताह में लू चलेगी। हर साल अप्रैल के दूसरे सप्ताह के बाद हीटवेव यानी लू चलने लगती थी। इस साल देरी की वजह बार-बार पश्चिमी विक्षोभ का आना है। अबतक चार बार 3, 5, 10 और 12 अप्रैल को पश्चिमी विक्षोभ दस्तक दे चुका है।

### क्या है पश्चिमी विक्षोभ

बंगाल की खाड़ी और अरब सागर से नमी आती रहती है। इससे बादल बनते हैं। जब पश्चिमी विक्षोभ आता है तब आकाश बादलों से छा जाता है। कहीं-कहीं बारिश होने लगती है। यही सिस्टम इस साल हो रहा है।

# बम फटने से घायल चार बच्चों में से दो की मौत, 5 लोगों के खिलाफ केस दर्ज

निज संवाददाता



**धोरैया (बांका)।** अहिरो गांव में मु. इस्माइल के घर पर बम बनाने के दौरान हुए विस्फोट से चार बच्चे जख्मी हो गए थे। इसमें से दो सद्दाम के पुत्र सनाउल्लाह (पांच) और इस्माइल के छोटे पुत्र कुर्बान (आठ) की उपचार के दौरान भागलपुर के मायागंज अस्पताल में मौत हो गई। वहीं इस्माइल का बड़ा पुत्र मुस्तफा जिंदगी और मौत से जूझ रहा है।

एक अन्य जख्मी अब्बू अनिफा (सात) की स्थिति नाजुक बनी हुई है। पुलिस ने इस मामले में अवैध तरीके से घर में बम बनाने व रखने के आरोप में पांच लोगों इस्माइल, आरिफ, फारूक अंसारी उर्फ जफीर अंसारी, असगर अंसारी एवं नूर मुहम्मद के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की है। मुख्य आरोपित इस्माइल और नूर मुहम्मद को भागलपुर से गिरफ्तार कर लिया गया है। पूछताछ में इस्माइल ने बताया कि वह बम फटने के समय घर पर नहीं था। पुलिस ने बताया कि फारूक अंसारी उर्फ जफीर अंसारी इस कांड का मास्टर माइंड है। वह ग्रामीण चिकित्सक भी है। गांव में उसका फतवा चलता है। पुलिस ने फरार आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए स्पेशल टीम गठित की है। वहीं, घटना के बाद गांव के सभी पुरुष घर छोड़ भाग गए हैं। पुलिस गांव में कैंप कर रही है। भागलपुर से आई दो सदस्यीय फारेंसिक लैब (एफएसएल) की टीम में शामिल सहायक निदेशक अमित कुमार एवं सुनील कुमार ने घटनास्थल सहित आसपास क्षेत्र से जख्मी लोगों के गिरे हुए ब्लड का सैंपल लिया।

BAYC Institute
स्थापित : 1972

## बिहार एक्युप्रेशर योग कॉलेज

गांधी सेतु लिंक पथ, बिस्कोमान कॉलोनी गोलम्बर के पूरब, पटना-7



नामांकन प्रारंभ | नियमित / पत्राचार कोर्स

डॉक्टर बनें एक्युप्रेशर, योग, इलेक्ट्रोपैथी, ट्रेडिशनल मेडिसिन

DIPLOMA COURSE: DAT Acupressure Theapy | DAYS Acupressure Yoga Science | DY Yoga अवधि : 02 वर्ष योग्यता : 10th | DEMS Electrohomeopathy Medicine Science अवधि : 02 वर्ष योग्यता : 10th

DEGREE COURSE: MBBA Bachelor of Magnet & Acupressure | BAYS Bachelor of Acupressure Yoga Science अवधि : 03 वर्ष योग्यता : 10+2 | BEMS Bachelor of Electrohomeopathy Medicine Science | MBAS Bachelor of Medicine in ALT. Science अवधि : 4½ वर्ष योग्यता : 10+2

MD (Acu Yoga) | MD (TM) अवधि : 01 वर्ष योग्यता : मेडिकल ग्रेजुएट | MD (EH) अवधि : 02 वर्ष योग्यता : BEMS

BA (Yoga) | MA (Yoga) | Yoga Teacher Course

PROFESSIONAL: BLIS | MLIS | BBA | MBA

TRADITIONAL: BA | MA HINDI | POLITICAL SCIENCE SOCIOLOGY | HISTORY



Proposed Campus

Bihar State Govt. University & Central University UGC DEB MHRD Govt. of India Recognised

Direct Admission | Regular Classes | Online Classes | Experienced Faculties

» एक्यूप्रेशर चिकित्सा की उत्तम व्यवस्था यथा गर्दन, कंधा, कमर, घुटना दर्द, गठिया, डायबिटिज आदि।



डॉ. अजय प्रकाश
सचिव

कॉलेज से उत्तीर्ण हजारों विद्यार्थी सरकारी संस्थानों, गैर सरकारी संस्थानों एवं निजी संस्थान खोलकर सेवा दे रहे हैं।

Apply Online : www.bayc.in



डॉ. सर्वदेव प्रसाद गुप्त
अध्यक्ष

9572607696, 9304942855, 9334278279

परीक्षा सूचना : एक्युप्रेशर, योग, इलेक्ट्रो होमियोपैथी, ट्रेडिशनल मेडिसिन, हर्बल मेडिसिन, कम्युनिटी मेडिकल कोर्स की परीक्षा शीघ्र प्रारम्भ होने वाली है। सम्बंधित छात्र/छात्राएं कॉलेज कार्यालय में संपर्क करें।

Email : baycpatna@gmail.com | Website : www.indianacupressure.com

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com
ई-पेपर
sonvarshavani.com/epaper


## संक्षिप्त समाचार

### रामनवमी शोभायात्रा को लेकर थाना परिसर में शांति समिति की हुई बैठक

**21 अप्रैल को रजौली में एवं 23 को अमावां में निकाली जाएगी भव्य शोभायात्रा**



**रजौली।** थाना परिसर में रविवार को थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर राजेश कुमार के नेतृत्व में रामनवमी शोभायात्रा को लेकर शांति समिति की बैठक की गई।इस दौरान विश्व हिंदू परिषद से अरविंद विश्वकर्मा व धनंजय वर्णवाल उर्फ धन्नू एवं बजरंग दल के प्रखण्ड संयोजक पिन्टू वर्मा मौजूद रहे।थानाध्यक्ष ने कहा कि थाना क्षेत्र से कुल छः स्थानों से रामनवमी शोभायात्रा निकाली जानी है।जिसमें 17 अप्रैल को हरदिया सेक्टर ए व सेक्टर डी,21 अप्रैल को नीचे बाजार स्थित राज शिव मंदिर,पुरानी बस स्टैंड रजौली व डीह रजौली एवं 23 अप्रैल को अमावां से रामनवमी शोभायात्रा निकाली जानी है।जिसके लिए सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ते इंतेजाम किये गए हैं।वहीं निर्गत लाइसेंस में निर्धारित रूट से ही शांतिपूर्ण ढंग से शोभायात्रा निकाले जाने की अपील की गई है।वहीं बैठक में उपस्थित बजरंग दल के प्रखण्ड संयोजक पिन्टू वर्मा द्वारा शोभायात्रा के दौरान संवेदनशील स्थानों को थानाध्यक्ष को बताया गया है।साथ ही रजौली में निकलने वाले शोभायात्रा में भारी संख्या में महिलाओं के शामिल होने की बात कही गई।इस बार शोभायात्रा राज शिव मंदिर से रजौली थाना से होते हुए बिजली ऑफिस,बजरंगबली चौक से पुरानी बस स्टैंड होते हुए जगदीश मार्केट से पुनः राज शिवाला मंदिर के समीप समापन होगा।शांति समिति की बैठक में सभी लोगों से सौहार्दपूर्ण तरीके से त्यौहार मनाने की अपील की गई।वहीं बैठक में आये लोगों ने पुलिस एवं प्रशासन को पूरी तरह सहयोग देने को आश्वस्त किया।

### श्रद्धापूर्वक मनाई गई बाबा भीमराव आंबेडकर की जयंती

**संसू,जागरण नारदीगंज।** नारदीगंज बाजार के अनुसूचित टोला स्थित सामुदायिक भवन में रविवार को बाबा साहेब डा0 भीमराव आंबेडकर की जयंती श्रद्धापूर्वक मनाई गई । अध्यक्षता नारदीगंज पंचायत के सरपंच प्रवेश रविदास ने की।इस दौरान वउपस्थित लोगों ने उनकी तस्वीर पर पुष्प-माला अर्पित कर बताये गये मार्गो पर चलने का संकल्प लिया ।इस अवसर पर उनके कृतित्व व व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला । कहा गया शिक्षित बनो,जागो, और अपने अधिकार के लिए आगे बढ़ो।मौके पर पूर्व सरपंच डा0 किशोरी शर्मा,पूर्व उपसरपंच पप्पू राजबंशी,शकल राजबंशी, अनिता देवी समेत अन्य लोग मौजूद थे।इधर,पेंशनर भवन,नारदीगंज में बाबा साहेब डा0 भीमराव की जयंती पेंशनर समाज प्रखंड अध्यक्ष रामधनी प्रसाद की अध्यक्षता में मनाया गया।मौके पर सचिव श्रीकांत सिंह ने कहा आज के परिपेक्ष्य में समाज व राष्ट्र हेतु समरसता,राजनीतिक सोच,प्रत्येक भारतीय के लिए अनुकरणीय हैं । इस दौरान रामशरण सिंह,कामता प्रसाद सिंह,रामधीन सिंह समेत अन्य मौजूद रहे।

### दिनकर ग्राम सिमरिया स्टेशन का हो समुचित विकास

**बीहट।** दिनकर ग्राम सिमरिया स्टेशन पर रविवार को पूर्व से घोषित कार्यक्रम के अनुसार समाज सेवा संघर्ष समिति गढहरा बरौनी की ओर से एक दिवसीय अन्न त्याग सत्याग्रह किया गया। सत्याग्रह पर बैठे समिति के अध्यक्ष मुक्तेश्वर प्रसाद वर्मा ने कहा कि यह सत्याग्रह का दूसरा सोपान है। सोनपुर मंडल के डीआरएम को एक मांग पत्र दिया गया। समिति के द्वारा दिए गए आठ सूत्री मांग में प्रमुख रूप से तिलरथ-जमालपुर गाड़ी का विस्तारीकरण कर दिनकर ग्राम सिमरिया तक करने की मांग की गई।इसके अलावे पुणे- दानापुर का विस्तारीकरण कर बरौनी तक करने, दिनकर ग्राम सिमरिया स्टेशन पर कोसी एक्सप्रेस, कटिहार- पटना, भागलपुर-मुजफ्फरपुर, सहरसा- राजेंद्र नगर, सियालदह- बलिया का ठहराव अतिशीघ्र करने, मोकामा- बेगूसराय और मुजफ्फरपुर- सियालदह का संचालन पुनः शुरू करने की मांग की गई।साथ ही दिनकर ग्राम सिमरिया स्टेशन के दोनों तरफ के सड़कों पर लाइट की समुचित व्यवस्था करने की मांग की गई। सत्याग्रह स्थल पर दिनकर पुस्तकालय के अध्यक्ष विश्वंभर सिंह, राष्ट्रकवि दिनकर विकास समिति के उपाध्यक्ष कैलाश सिंह, राजेंद्र राय, शिवकुमार सिंह, पुस्तकालय उपाध्यक्ष ललन प्रसाद सिंह, विजय कुमार चौधरी, सुभाष चंद्र चौधरी, सुरेंद्र कुमार, प्रमोद सिंह, गुलशन कुमार, संजीव फिरोज, प्रवीण प्रियदर्शी, कृष्ण मुरारी आदि उपस्थित थे।गढ़हरा के पूर्व वार्ड पार्षद शिवजी चंद्रवंशी ने सभी सत्याग्रहियों को पुष्प माला व समिति अध्यक्ष को पाग पहनाकर उत्साहपूर्वक समर्थन किया।

### एबीवीपी ने डॉ भीमराव अंबेडकर की 134वीं जयंती मनाई

**मंझौल, बेगूसराय।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद मंझौल नगर इकाई के द्वारा डॉ भीमराव अम्बेदकर के 134 जयंती के अवसर पर पवड़ा पंचायत में जिला सहसंयोजक रवि कुमार के नेतृत्व में पुष्पांजलि-माल्यार्पण कर धूमधाम से जयंती मनाया गई। इस अवसर पर राज्य विश्वविद्यालय संयोजक कन्हैया कुमार ने कहा कि बाबा साहब के विचारों पर वर्तमान में युवा पीढ़ी को उनके मार्गदर्शन में चलने के लिए विद्यार्थी परिषद लगातार प्रयास कर रही है। आज भी हम सभी कार्यकर्ता काफी धूमधाम से इस जयंती को मना रहे हैं और समाज में उनके किए गए बेहतर कार्यों को संदेश के रूप में पहुंचाने का आगे काम करेंगे। प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य अमित कुमार सिंह गप्पू एवं नगर उपाध्यक्ष संजय साह ने कहा कि विद्यार्थी परिषद अपने महापुरुषों को याद करके हमेशा से उनके मार्गदर्शन पर चलने का काम कर रही है। आज बाबा साहब के जयंती के शुभ अवसर पर संगोष्ठी के माध्यम से अपने-अपने विचार रखने का मौका मिला जिससे हमलोग अपने-आपको काफी गौरवांवित महसूस करते हैं।आरसीएस कॉलेज मंत्री आकाश कुमार पासवान एवं नगर कोषाध्यक्ष रविकांत कुमार ने कहा कि बाबा साहब हमेशा अपने राष्ट्र-समर्पित विचार को लेकर देशहित में कार्य किए हैं। उनके कार्यों को आज भी हम सभी युवा पीढ़ी याद कर रहे हैं एवं जीवन में उतारने का प्रयास कर रहे हैं जिससे आनेवाला हम सभी युवा पीढ़ी का जीवन सफल हो सके।जिला सोशल मीडिया सहसंयोजक दीपू कुमार एवं एसएफडी प्रमुख रौनक शर्मा व पिंटू कुमार चौधरी ने कहा कि हम सभी विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ता बाबा साहब की जयंती को विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से साप्ताहिक कार्यक्रम के रूप में धूमधाम से मनाएंगे एवं उनके पदचिन्ह पर चलने का प्रयास करेंगे। मौके पर हिमांशु कुमार, संजय कुमार, रवि कुमार, घनश्याम कुमार, सिम्मी सिंह, मुकेश कुमार, रौनक कुमार आदि उपस्थित थे।

### डॉ0 अम्बेडकर के विचारों पर चलना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि डॉ अंबेडकर की जयंती मनाई गई

**मंझौल, बेगूसराय।** चेरिया बरियारपुर प्रखंड के मंझौल 1 खोईर टोला मे डा. भीम राव अम्बेडकर की जयंती मनाई गई। इस इस अवसर पर संजीव कुमार के द्वारा बाबा साहेब के द्वारा बताए गए मार्ग पर चलने का अनुरोध किया एवं शिक्षा पर पर चर्चा किया। मुख्य अतिथि कांग्रेस पार्टी अनुसूचित जाति के प्रदेश संयोजक राजेंद्र पासवान मौजूद थे। मंच संचालन संजीव कुमार ने किया।वक्ताओं ने कहा कि उनके विचारों पर चलना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। मौके पर मनीष कुमार पासवान, अशोक कुमार, शिक्षक अरुण कुमार महतो, डॉ दिनेश राम, सच्चिदानंद ठाकुर, राष्ट्रीय जनता दल के अनुमंडल संयोजक अनिल कुमार पासवान, रंजू कुमारी, भूषण पासवान आदि उपस्थित थे।

# नंदपुर गांव के 22 किसान परिवार के लोगों ने वोट वहिष्कार का लिया फैसला





निज संवाददाता। **संसू, जागरणः नारदीगंज**

प्रखंड के पेश पंचायत की नंदपुर गांव के 22 किसान परिवार के लोगों ने आगामी 19 अप्रैल 2024 को होने वाले लोकसभा चुनाव में वोट वहिष्कार करने का फैसला की आवाज को बुलंद रविवार को किया है।ग्रामीणों का कहना है कि वर्ष 2002 में तिलैया राजगीर रेल लाइन के निर्माण में हमलोगों का जमीन सरकार द्वारा अधिग्रहण की गई थी। इस गांव के 22 किसानों का तकरीबन 40 एकड़ भूमि अधिग्रहण हुआ है। उस समय 10 से 15 प्रतिशत ही भूमि का मुआवजे की राशि मिली है। 85 से 90 प्रतिशत राशि का हम सभी किसानों को नहीं मिल पाया है।जबकि अभी तक प्रतिवर्ष लगान भी दे रहा हूं।कहा गया कि जबकि इस रेलखंड में अन्य गांवों के किसानों का अधिग्रहण की गई भूमि का मुआवजे की राशि मिल चुका है। भूमि अधिग्रहण किये 22 वर्ष बीत गए हैं, और अभी तक राशि के लिए टकटकी लगाए हुए हैं। कई सांसद आये ,और चले गए। लेकिन किसी भी ने किसानों के हित में सुध नहीं ली। जबकि इस मामले में सांसद, विधायक को भी ध्यान दिलाया था, इसके अलावा भूअर्जन पदाधिकारी व डीएम को भी आवेदन देकर मुआवजे की राशि मांग कर चुके हैं। लेकिन,आजतक किसी भी जनप्रतिनिधि व अधिकारियों ने इस पर ध्यान नहीं दिया है। ग्रामीण सह किसान यमुना सिंह, राजकुमार सिंह, रामानंद सिंह, जयराम सिंह, वृजनंदन सिंह, ब्रजेंद्र सिंह, बाल्मिकी सिंह, उमेश सिंह, रामयतन सिंह, दिनेश सिंह, शैलेंद्र सिंह समेत सभी किसानों ने आवाज बुलंद करते हुए कहा कि पदाधिकारियों व जनप्रतिनिधियों का रवैया किसानों के प्रति उदासीन है। ऐसे में हम सभी किसान असंतुष्ट हैं। किसानों ने स्पष्ट कहा कि किसानों की अधिग्रहण की गई भूमि का मुआवजे की राशि नहीं मिली तो आगामी 19 अप्रैल को होने वाले चुनाव में इस गांव के 22 किसान के परिवार ने वोट का वहिष्कार करने का फैसला लिया है। जब मांग पूरी होगी तभी वोट डालने

## श्रद्धा से मनाई गई भारत रत्न बाबा साहब अम्बेडकर की जयंती



निज संवाददाता। **कौआकोल**

भारत रत्न बाबा साहब डॉ० भीम राव अम्बेदकर की 133 वीं जयंती रविवार को प्रखण्ड में श्रद्धा के साथ मनाई गई। इस अवसर पर विभिन्न विद्यालयों समेत सरकारी एवं गैर-सरकारी संस्थानों सहित विभिन्न स्थानों पर कार्यक्रम का आयोजन कर बाबा साहब के तैलीय चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें याद किया गया। मुख्य कार्यक्रम प्रखण्ड मुख्यालय परिसर से सटे अम्बेदकर पार्क में आयोजित किया गया। जहां अनुसूचित जाति-जनजाति कर्मचारी/गैर कर्मचारी संघ के बैनर तले संघ के प्रखण्ड अध्यक्ष ब्रहमदेव रविदास की अध्यक्षता में आयोजित भव्य कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद कौआकोल सीओ मनीष कुमार एवं पूर्व सेवानिवृत्त रेंजर रविन्द्र कुमार एवं बाबा साहब के अन्य अनुयायियों ने भीम राव अम्बेदकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं केक काटकर कार्यक्रम की शुरुआत की। जयंती को लेकर जय भीम,जय भीम के नारों से कौआकोल प्रखण्ड गूँजयमान हो गया। इस अवसर पर आयोजित समारोह को सम्बोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि बाबा साहब ने हमेशा समाज के पीड़ित,उपेक्षित व दबे कुचले लोगों को बराबरी का दर्जा दिलाने के लिए संघर्ष किया। उन्होंने संविधान के माध्यम से गरीब समाज को अधिकार और सम्मान दिया है। जिसकी बदौलत आज समाज में ऊंच-नीच की खाई मिट रही है। मौके पर समाजसेवी रामबालक यादव, शिक्षक कौलेश्वर दास, सुरेश सोरेन समेत दर्जनों लोग मौजूद थे। कार्यक्रम के दौरान सविधान के प्रस्तावना को पढ़कर इसके रक्षा का भी संकल्प लोगों ने लिया।

## हसनपुरा में डॉ भीमराव अंबेडकर की मनाई गई जयंती



निज संवाददाता। **संसू, जागरण नरहट (नवादा)**

रविवार को अम्बेडकर पार्क हसनपुरा में विश्व रत्न बाबा साहब डॉ भीम राव अम्बेडकर की जयंती धूमधाम से मनाई गई। राजद के प्रखंड अध्यक्ष शंभु यादव ने बाबा साहब के प्रतिमा पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वललित कर कार्यक्रम को आगे बढ़ाया। कार्यक्रम की अध्यक्षता रामस्वरूप राम ने की। कार्यक्रम में उपस्थित मुकेश संगम ने अपने सम्बोधन में बाबा साहब के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा की, इस दिन को 'समानता दिवस' और 'ज्ञान दिवस' के रूप में भी मनाया जाता है, क्योंकि जीवन भर समानता के लिए संघर्ष करने वाले डॉ आंबेडकर साहब को समानता और ज्ञान के प्रतीक माना जाता है। आंबेडकर को विश्व भर में उनके मानवाधिकार आंदोलन संविधान निर्माता और उनकी प्रकांड विद्वता के लिए जाने जाते हैं और यह दिवस उनके प्रति सम्मान व्यक्त करने के लिए मनाया जाता है। भारत संबिधान के जनक चिंतक समाज सुधारक और दलित वर्गों के आवाज उठाने वाले बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर का जन्म 14 अप्रैल 1891 को मध्यप्रदेश के महू में हुआ था। कार्यक्रम में उपस्थित कई व्यक्ताओं ने बाबा साहब के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में उमा शंकर राजवंशी, अनिल राजवंशी, धनेश्वर राम, विनोद राजवंशी इत्यादि लोग शामिल रहे।

## फिसड्डी साबित हो रहा नगर पंचायत में लगी स्ट्रीट लाइट, छठ व्रतियों समेत श्रद्धालुओं को हो रही परेशानी

**विकास के नाम पर सड़कों पर लग रहे सिर्फ झाड़ू,मुख्य पार्षद समेत सभी साधे हैं चुप्पी**

निज संवाददाता। **रजौली**



नवसृजित नगर पंचायत में भ्रष्टाचार का बोलबाला चरम सीमा पर है।मामला छः महीने पूर्व निर्मित छठ घाट का हो या नगर पंचायत में लगे स्ट्रीट लाइट का हो या इसके अलावे अन्य कोई मामला हो,सभी में भ्रष्टाचार का बोलबाला है।वहीं नगर पंचायत क्षेत्र में सड़कों पर झाड़ू पड़ने के अलावे और कोई नहीं विकास का काम निष्पक्ष दिखाई नहीं देता है।वहीं नगर पंचायत के मुख्य पार्षद मानती देवी एवं उपमुख्य पार्षद फिरोजा खातून समेत 14 वार्डों के पार्षद आंखों के सामने सबकुछ होते हुए भी चुप्पी साधे हुए हैं।जो नगर पंचायत वासियों के लिए चिंता और चिंतन दोनों का विषय है।नगर पंचायत वासियों ने बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मुख्य पार्षद एवं उपमुख्य पार्षद समेत अपने-अपने वार्ड पार्षदों को मतदान कर चुना था।वही लोग आज अपने चुनाव पर अफसोस जता रहे हैं।बीते चार महीने पूर्व नगर पंचायत में सैकड़ों घटिया प्रकार के स्ट्रीट लाइट लगाए गए थे।इसकी पोल तब खुली जब एक महीने के बाद ही धीरे-धीरे स्ट्रीट लाइट खराब होने लगा।साथ ही उसकी मरम्मत हेतु जनप्रतिनिधियों से लेकर पदाधिकारी तक कोई कुछ भी नहीं कर रहे हैं।जिसके कारण लोगों को पहले की तरह अंधेरे में गली-मोहल्ले में आवागमन करना पड़ रहा है।वहीं रजौली के हृदय कहे जाने वाले बजरंग बली चौक पर लगे 16 मीटर ऊंचे खम्बे में लगी टॉवर लाइट भी आधा जल रही है।जिसकी लागत नौ लाख रुपये बताई जा रही है।इस जैसे लगभग आधा दर्जन टॉवर लाइट पुरानी बस स्टैंड,सती स्थान,राज शिवालय मंदिर समेत अन्य जगहों पर लगाई गई है।लोगों की मानें तो नगर पंचायत में प्रस्तवित योजनाओं के नाम पर भ्रष्टाचार का बोलबाला है।

**छठ घाट आवागमन में हो रही परेशानी-** नगरवासियों का यह भी कहना है कि लोक आस्था के महापर्व चैती छठ में भी लोगों को अंधेरे में छठ घाट आना-जाना पड़ रहा है।पुरानी बस स्टैंड निवासी नेपाली राजवंशी ने सोशल मीडिया के एक व्हाट्सएप के ग्रुप में छठ में लाइट की व्यवस्था पर सवाल भी उठाया।किन्तु उनके सवाल का जवाब किसी के पास नहीं था।उन्होंने कहा कि प्रत्येक छठ पूजा में व्रतियों एवं श्रद्धालुओं के घर से छठ घाट आवागमन के लिए लाइट की उत्तम व्यवस्था हुआ करती थी।जो कि इस बार नदारद है।बताते चलें कि नगर पंचायत में टॉवर लाइट के अलावे सैकड़ों स्ट्रीट लगाए गए हैं,जिसकी स्थिति दयनीय है।इसके पूर्व विभिन्न छठ पूजा समितियों द्वारा चंदा कर जेनरेटर की मदद से पूरे सड़कों पर ट्यूब लाइट जलाकर उजाला किया जाया करता था।

**क्या कहते हैं नगर पंचायत पदाधिकारी -** इस बाबत पर नगर पंचायत पदाधिकारी राजेश ने कहा कि जिस कम्पनी द्वारा लाइट लगाई है।उसे खराब लाइट की सूचना दी जाएगी और खराब लाइटों को बनवाया जाएगा।साथ ही उन्होंने कहा कि जिस वार्ड में भी स्ट्रीट लाइट खराब है,इसकी सूचना वे अपने वार्ड पार्षद को अथवा हमें दें,ताकि लाइट सम्बंधित समस्यों का निष्पादन ससमय किया जाए।वहीं उन्होंने कहा कि छठ व्रतियों के लिए छठ पूजा समितियों को ही लाइट आदि की व्यवस्था की जानी है।

## नवादा लोकसभा में स्थानीय बनाम बाहरी की लड़ाईः- तेजस्वी

- सरकार बनने पर युवाओं को एक करोड़ नौकरी एवं बिहार को विशेष राज्य का दर्जा एवं पैकेज देने की कही बात
- चिरपरिचित अंदाज में नीतीश एवं मोदी पर बोला हमला



निज संवाददाता। **कौआकोल**

बिहार के नवादा संसदीय क्षेत्र के गोविंदपुर विधानसभा अंतर्गत कौआकोल प्रखण्ड के बापू इंटर विद्यालय पाण्डेयगंगौट के मैदान में रविवार को राजद समर्थित महागठबंधन प्रत्याशी श्रवण कुमार के समर्थन में बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री सह नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव एवं पूर्व मंत्री सह भीआईपी सुप्रीमो मुकेश साहनी ने चुनावी सभा को सम्बोधित किया। इस दौरान नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने अपने चिरपरिचित अंदाज में बिहार के सीएम नीतीश कुमार एवं देश के पीएम नरेंद्र मोदी पर हमला बोलते हुए सरकार को उखाड़ फेंकने का आह्वान किया। नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने कहा कि मैं आप लोगों के पास मुद्दों की बात करने आया हूं। आज देश में बेरोजगारी, महंगाई, शिक्षा, गरीबी आदि सबसे बड़ा दुश्मन है। लेकिन भाजपा सरकार इस पर बात नहीं करेगी। वह इधर-उधर के मुद्दों पर बात कर लोगों का ध्यान भटका रही है। जिससे सावधान रहने की जरूरत है। उन्होंने नवादा लोकसभा के प्रत्याशी श्रवण कुशवाहा को स्थानीय बताते हुए कहा कि इनके सांसद बनने के बाद लोगों को काफी सहूलियत होगी। जबकि उन्होंने कहा कि नवादा में भाजपा हमेशा बाहरी उम्मीदवारों को टिकट देती है। जो जीतकर दुबारा दर्शन नहीं देते हैं। तेजस्वी यादव ने सभा में मौजूद लोगों से पूछा कि देश में पिछले 10 वर्ष से पीएम मोदी की सरकार है। बिहार में 17 साल से डबल इंजन की सरकार चल रही है। आप खुद से पूछिये कि आपके यहां कितना विकास हुआ है। इस क्षेत्र से भाजपा व एनडीए के ही सांसद चुनकर आते रहे हैं। हमने श्रवण को यहां से उतारा है।

जिन्होंने गरीबी देखी है। एवं अंडा भी बेचने का काम किया है। तेजस्वी यादव ने कहा कि आज हम अपने साथ परिवर्तन का पत्र लेकर आए हैं। जिसके तहत 15 अगस्त से ही सरकार बनने पर एक करोड़ युवाओं को सरकारी नौकरी,बिहार को विशेष राज्य का दर्जा एवं विशेष पैकेज आदि का लाभ दिया जाएगा। उन्होंने नीतीश सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि हमारे चाचा जो काम 17 साल में नहीं कर पाए,वह हमने 17 महीनों में कर दिखाया। हमने 17 महीना में पांच लाख सरकारी नौकरियां दी,परन्तु मेरे हटने के बाद पेपर ही लीक होने लगा। वहीं भीआईपी सुप्रीमों मुकेश साहनी ने भी केंद्र एवं राज्य सरकार पर हमला बोलते हुए स्थानीय प्रत्याशी श्रवण कुमार के पक्ष में वोट देने की अपील लोगों से किया। इसके पूर्व चुनावी मंच पर ही बाबा साहब की जयंती पर तेजस्वी एवं साहनी ने स्थानीय विधायक मोहम्मद कामरान,हिसुआ विधायक नीतू सिंह,प्रत्याशी श्रवण कुशवाहा,लोकसभा प्रभारी सह पूर्व विधायक शक्ति सिंह यादव की मौजूदगी में केक काटकर भारत रत्न डॉ० अंबेदकर का जन्मदिन मनाया। मौके पर राजद जिलाध्यक्ष उदय यादव,महिला प्रकोष्ठ के रेणु सिंह,प्रखण्ड राजद अध्यक्ष कैलाश प्रसाद यादव,जिला पार्षद नीतीश राज समेत हजारों लोग मौजूद थे।

## अस्तचलगामी सूर्य को अर्घ्य प्रदान कर छठव्रतियों ने की सुख- समृद्धि मंगल कामना

निज संवाददाता। **कौआकोल**



कौआकोल में लोक आस्था का महापर्व छठ पूजन को लेकर शांति और हर्ष उल्लास का माहौल है। रविवार की संध्या को प्रखण्ड के रानीबाजार सूर्य मंदिर छठ घाट,सोखोदेवरा तालाब सहित विभिन्न ग्रामीण इलाकों में पहला अर्घ्य अर्पण किया गया। भगवान भास्कर की उपासना का चार दिवसीय चैती छठ के तीसरे दिन लोग सुबह से ही छठ घाट जाने वाले रास्ते एवं छठ घाटों की सफाई एवं सजावट करते देखे गए।

शाम चार बजे छठ मैया के गीतों के साथ अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य अर्पित करने को लेकर घरों से छठ व्रती स्वजन के साथ गीत गाते हुए निकलने लगे। छठ घाट पहुंचकर अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य अर्पित किया। इसके पूर्व समेत बाजारों में फल एवं पूजा सामग्रियों की बिक्री परवान पर रही। महंगाई के बावजूद व्रतियों के स्वजनों ने फलों की खरीदारी की। सोमवार की सुबह उदीयमान सूर्यदेव को अर्घ्य अर्पण के साथ ही चार दिवसीय चैती छठ संपन्न हो जाएगा। इसके साथ ही व्रती का 36 घंटे का निर्जला उपवास भी खत्म हो जाएगा।

## डा0 भीमराव आंबेडकर की श्रद्धापूर्वक मनाई जयंती

निज संवाददाता। **नारदीगंज**

प्रखंड के परमा पंचायत स्थित रजौर गांव में संविधान निर्माता डा0 भीमराव आंबेडकर की 133 वीं जयंती श्रद्धापूर्वक रविवार को मनाई। मुख्य अतिथि के रूप में महेश कुशवाहा, पूर्व मुखिया संजय कुमार, रामचंद्र प्रसाद कुशवाहा रहे। अध्यक्षता अनिल चौधरी व संचालन नरेश चौधरी ने की। कार्यक्रम उपस्थित लोगों ने उनके प्रतिमा पर माल्यापर्ण कर कृतित्व व व्यक्तित्व पर प्रकाश डालें ।वक्ताओं ने कहा ऐसे महापुरुष की प्रतिमा को स्थापित करने का काम किया है ,जो ऐतिहासिक व अनुकरणीय है। इन्होंने सभी को एकरूपता व समानता का अधिकार दिया। शिक्षित बनो,संघर्ष करो,संगठित होने की बात कही। वोट देने का संवैधानिक अधिकार भी इन्हीं महापुरुषों का देन है। इनके पद चिन्हों पर चलने से देश ,समाज का विकास होगा। मौके गपर शिक्षक श्रीकांत आनंद, वार्ड सदस्य देवेन्द्र कुमार, मो0 साबिर अंसारी, भरत चौहान, गोपाल कुमार सुनील चौधरी, रंजीत चौधरी, सुरेश राजबंशी, मुन्नी लाल राजबंशी, मंटू राजबंशी समेत अन्य लोग शरीक हुए।

## श्रद्धा व भक्तिभाव से श्रद्धालुओं ने डूबते सूर्य को अर्ध्यदान कर मांगी मन्नतें

निज संवाददाता। **संसू, जागरणः नारदीगंज**



प्रखंड के विभिन्न गांवों में लोक आस्था का चैती छठपूजा श्रद्धा व उत्साह के साथ अर्ध्यदान कर मन्नतें मांगी ।इस दौरान रविवार को श्रद्धालुओं व छठव्रती ने श्रद्धा व उत्साह के साथ अस्ताचलगामी सूर्य अर्ध्यदान किया। जिले के ऐतिहासिक द्वापरकालीन हंडिया गांव स्थित सूर्य मंदिर में हजारों छठव्रती व श्रद्धालुओं ने भगवान भास्कर को अर्घ्य दान देकर पूजा अर्चना किया। शाम चार बजे से ही छठवर्ती एवं श्रद्धालु घाट पर पहुंच गए। सूर्य अस्त होने के पूर्व छठव्रती एवं श्रद्धालु घाटों व सरोवरों में कष्टी कर पूजा में तल्लीन रहे । अर्ध्यदान के बाद सूर्य मंदिर जाकर भगवान भास्कर की पूजा अर्चना किया। पारंपरिक लोक गीतों से वातावरण भक्तिमय रहा। इस मौके पर परिवार के लोग काफी उत्साहित नजर आए। सूर्य मंदिर एवं घाट पर पूजा अर्चना करने वाले लोगों का सैलाब देखा गया। चारों ओर पारंपरिक लोकगीतों से वातावरण भक्तिमय हो रहा था। पूरी पवित्रता के साथ रात्रि में भजन कीर्तन हुआ। हड़िया पचेया मार्ग सड़क मार्ग में वाहनों की लंबी कतार रहने से जाम की स्थिति बनी रही। काफी मशक्कत के बाद श्रद्धालु छठ घाट पर पहुंच रहे थे। ग्रामीण सेवक मेला में विधि व्यवस्था में लगे रहे। थानाध्यक्ष राजगृह प्रसाद के नेतृत्व में पुलिस जवानों के साथ तैनात रहे,साथ ही महिला पुलिस भी मुस्तैद रहे।बीडीओ रंजीत कुमार समेत अन्य पदाधिकारी मेला का निरीक्षण किया। वही हंडिया सूर्यमंदिर परिसर में चिकित्सक की टीम व स्वास्थ्य कर्मियों छठपूजा में आये श्रद्धालुओं की सेवा में तत्पर रहे।इसके अलावा नारदीगंज ढाढर नदी और कोसला,रामे,ओड़ो समेत अन्य गांव में स्थित सूर्य मंदिर में छठव्रतियों एवं श्रद्धालुओं ने पूजा-अर्चना कर मन्नतें मांगी।इधर, ढाढर नदी में रॉयल क्लब के सौजन्य से बनाये गए घाट में और आदर्श युवा क्लब अब्दलपुर पड़रिया के सौजन्य से पावरग्रिड स्थित तालाब में छठव्रती व श्रद्धालुओं ने अर्ध्यदान किया। सोमवार को छठव्रतियों एवं श्रद्धालुओं ने उदयाचलगामी सूर्य को अर्ध्यदान कर चार दिवसीय छठपूजा का समापन होगा।

### 51 संवेदनशील और 18 अति संवेदनशील स्थल का चयन

# डीएम-एसपी ने निकाला फ्लैग मार्च नए जुलूस को नहीं मिलेगी अनुमति



निज संवाददाता

**सासाराम (रोहतास)**। राम नवमी पर्व को लेकर शनिवार देर रात डीएम नवीन कुमार और एसपी विनीत कुमार ने फ्लैग मार्च निकाला। मार्च नगर थाना से शुरू होकर पुरानी जीटी रोड, धर्मशाला, चौखण्डी, गंधी के नीम, गोला बाजार, नवरतन बजार, रौजा रोड होते हुए सभी प्रमुख स्थानों से गुजरी। इसके सात ही अधिकारियों ने जुलूस के रूट का जायजा लिया और आवश्यक निर्देश दिए। डीएम और एसपी ने कहा कि जिला में 51 संवेदनशील स्थल और18 अति संवेदनशील स्थल पर मजिस्ट्रेट, पुलिस पदाधिकारी और सुरक्षा बलों की नियुक्ति की जाएगी। इसके साथ ही पुलिस बल की ओर से गश्ती भी की जाएगी। संवेदनशील स्थलों पर सीसी टीवी की मदद से निगरानी की जाएगी। मालूम हो कि जुलूस की विडियो ग्राफी और ड्रोन से निगरानी का निर्देश पहले ही दे दिया गया है। इसके साथ ही हर थाना क्षेत्र में जुलूस की संख्या और प्राप्त लाइसेंस की संख्या को लेकर जानकारी देने का निर्देश थानाध्यक्ष को दिया गया था। इसको लेकर डीएम और एसपी ने कहा कि किसी भी नए जुलूस की अनुमति नहीं दी जाएगी। राम नवमी के पूर्व के जो लोग जुलूस की जानकारी देंगे। उनको ही अनुमति मिलेगी।

## सांसद और डीएम ने बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर किया माल्यार्पण

निज संवाददाता



**जहानाबाद**। जहानाबाद में भारत रत्न बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती मनाई गई। रविवार की सुबह सांसद चंदेश्वर चंद्रवंशी और डीएम अलंकृता पांडे ने चौक स्थित उनके प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें याद किया। सांसद ने कहा कि संविधान निर्माता भीमराव अंबेडकर के बताए रास्ते पर चलने से जीवन में सफलता जरूर मिलती है। उनके कहे हुए हर एक बात से सीख लेने की जरूरत है। उन्होंने आगे कहा कि आज भी उनके विचार बहुत प्रासंगिक नजर आते है। इसलिए उनको अपनाने की आवश्यकता है। उनके आदर्श पर चल कर गांव, राज्य और देश को विकसित किया जा सकता है। इसीलिए हम इस सभी को इस इस जयंती के अवसर पर यह संकल्प लेन चाहिए कि इनके बताए रास्ते पर चलेंगे।

## तालाब के किनारे खेल रही मासूम बच्ची की पैर फिसलकर डूबने से हुई मौत

निज संवाददाता



**चैनपुर (कैमूर)**। कैमूर के चैनपुर थाना क्षेत्र के घाटी गांव में तालाब में डूबने से एक 6 साल की बच्ची की डूबने से मौत हो गई। बताया जा रहा है की वह तालाब के किनारे खेल रही थी। तभी उसका पैर फिसल गया और वह तालाब में गिर गई। जिसमें डूबने से उसकी मौत हो गई। घटना के बाद इसकी जानकारी चैनपुर पुलिस को दी गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भभुआ भेज दिया। मृत बच्ची चैनपुर थाना क्षेत्र के घाटी गांव के धर्मेंद्र बिंद की की बेटी पूनम कुमारी(6) के रूप में हुई है। मृतका के परिजन गणेश बिंद ने बताया हम लोग गेहूँ काटने गए थे। जब वापस लौटे तो बच्ची की खोजबीन शुरू की तो पता चला की पोखरा में उसका शव देखा गया है। फिर उसके शव को बाहर निकाल कर पोस्टमार्टम लिए सदर अस्पताल भभुआ लेकर आए हैं।

मृत बच्ची दो भाई और दो बहन थी जिसमें यह सबसे छोटी थी। चैनपुर थाना प्रभारी ने बताया पोखर में डूबने से एक बच्ची की मौत की सूचना मिली थी। पुलिस बच्ची के शव का पंचनामा तैयार कर पोस्टमार्टम करने के लिए सदर अस्पताल भभुआ भेज दिया है। मृत बच्ची का उम्र लगभग 6 साल बताया जा रहा है। आगे की कागजी कार्रवाई की जा रही है।

## कृषि विज्ञान केंद्र ने अव्वल किसानों को किया सम्मानित

**भभुआ (कैमूर) (नि.सं.)**। कृषि विज्ञान केंद्र अधौरा द्वारा दर्जनभर से अधिक किसानों को प्रशस्ति पत्र एवं सांत्वना पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। पुरस्कार पाकर किसानों के चेहरे पर खुशी के भाव झलक रहे थे। कृषि वैज्ञानिक डॉ. अमित कुमार सिंह ने बताया कि सात मार्च को कृषि विज्ञान केंद्र में कृषि मेला सह कृषि प्रदर्शनी लगी थी, जिसमें जिले के किसानों ने अपने खेतों में उपजाए गए फल, फूल एवं सब्जी के स्टॉल लगाए थे। केविके ने बेहतर उत्पाद की प्रदर्शनी लगानेवाले किसानों का चयन किया। डॉ. अमित ने बताया कि अर्जुन सिंह, महेंद्र तिवारी, अजीत सिंह, रविकांत सिंह, मुकेश कुमार व अनिल कुमार ने प्रथम स्थान लाया। इन्हें फसल पर दवा छिड़काव करने के लिए स्प्रे मशीन पुरस्कार के रूप में दी गई। दूसरे स्थान पर रहे किसानों को झरना तथा तीसरा स्थान प्राप्त करने वाले किसानों को वहज कटर दिया गया। जबकि अन्य 15 किसानों को सांत्वना पुरस्कार दिया गया। कृषि वैज्ञानिक अमित कुमार ने बताया कि मेले में अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री मोहम्मद जमा खां, कृषि विज्ञान केंद्र के प्रमुख सदानंद राय ने किसानों को मेले के उद्देश्य के बारे में जानकारी दी थी।

### ताराचंडी महोत्सव में कलाकार ने जीता लोगों का दिल

## मेयर ने मां ताराचंडी महोत्सव का किया उद्घाटन

निज संवाददाता



**सासाराम (रोहतास)**। कैमूर पहाड़ी स्थित मां ताराचंडी धाम परिसर में शनिवार रात मां ताराचंडी महोत्सव का आयोजन किया गया। देर रात तक चले कार्यक्रम में कई कलाकारों ने अपनी प्रस्तुति दी। कार्यक्रम का उद्घाटन मेयर काजल कुमारी, उप मेयर सत्यवंती देवी, पूर्व विधायक जवाहर प्रसाद ने किया। इसके बाद भोजपुरी के गायक अरविंद अकेला उर्फ कल्लू, शहनाज अख्तर, अंकुश राजा, समेत दर्जन भर से अधिक कलाकारों ने गीतों के माध्यम से लोगों का दिल जीता। वहीं मंच संचालन की भूमिका विकास पाण्डेय व रवि रंजन राय ने निभाया। इसके अलावा कार्यक्रम में बाहर से आए कलाकारों ने झांकी को भी प्रस्तुत किया। बता दे कि इसका आयोजन मां ताराचंडी धाम कमेटी की ओर से किया गया। कार्यक्रम की सफलता में कमेटी अध्यक्ष प्रिय रंजन सिंह, फूलन पांडेय, कोषाध्यक्ष महेंद्र साहू, कमलेश महतो सहित कई लोगों की भूमिका रही।

### चलाया गया बाल विवाह सह मतदाता जागरुकता अभियान

**बिक्रमगंज (रोहतास) (नि. सं.)**। लोकसभा चुनाव को ले प्रखंड अंतर्गत अल्प वोटर बूथ संख्या 45 और 46 उच्च विद्यालय शिवपुर उत्तरी दक्षिणी में बाल विकास परियोजना पदाधिकारी बिक्रमगंज शशि कुमारी व महिला पर्यवेक्षिका कुसुम कुमारी के नेतृत्व में बाल विवाह सह मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। जिसमें सेविका ज्योति सिंह, कुंती देवी एवं उर्मिला देवी द्वारा वैसे वोटरों जो कामकाज व नौकरी पेशा करने के लिए बाहर हैं, उनके अभिभावकों व वोटरों को आगामी एक जून को होने वाले लोक सभा चुनाव में निष्पक्ष व निर्भिक होकर मतदान करने के लिए प्रेरित किया गया।

### देसी कट्टा सहित कई और निर्मित हथियार बरामद

## पुलिस और एसटीएफ की संयुक्त टीम ने छापेमारी कर मिनी गन फैक्ट्री का किया उद्भेदन, एक गिरफ्तार

निज संवाददाता



**जहानाबाद**। जहानाबाद में पुलिस और एसटीएफ की संयुक्त टीम ने छापेमारी कर मिनी गन फैक्ट्री का उद्भेदन किया है। इस दौरान पुलिस ने देसी कट्टा सहित कई और निर्मित हथियार बरामद किया है। पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि टेहटा बाजार में मिनी गन फैक्ट्री का संचालन हो रहा है। सूचना के आधार पर एक छापेमारी दल का गठन पुलिस ने किया। एसपी अरविंद प्रताप सिंह। ने बताया कि हम लोगों को सूचना मिली थी टेहटा बाजार में मिनी गन फैक्ट्री का संचालन हो रहा है। इस सूचना के आधार पर छापेमारी की गई। सत्येंद्र विश्वकर्मा नामक एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया, जहां से चार अर्धनिर्मित थ्रनेट और हथियार बनाने का सामान इत्यादि बरामद किया गया है। उन्होंने कहा कि गिरफ्तार व्यक्ति वर्ष 2000 में हथियार सप्लाई करने के मामले में जेल जा चुका है। इसकी पत्नी भी इस काम में साथ देती है। इसकी पत्नी को भी पूर्व में हथियार के साथ पकड़ा गया था। पता लगाया जा रहा है कि यह कहां कहां हथियार सप्लाई कर रहा है। कुछ दिन पहले जहानाबाद में युवक को पकड़ा गया था उसके पास से हथियार बरामद किया गया। उसी के आधार पर छापामारी की गई।

## जिले में भव्य एचएमआईएस का प्रशिक्षण सम्पन्न

निज संवाददाता



**अरवल**। मुख्यमंत्री डिजिटल हेल्थ योजना के तहत स्वास्थ्य विभाग द्वारा तैयार किए गए भव्य एचआईएमएस पोर्टल में अब मरीज के निबंधन से लेकर जांच, इलाज तथा मिलने वाली दवा सहित सारी हेल्थ फैसिलिटी संबंधित जानकारी एकत्रित होगी। अब भव्य पोर्टल पर ही मरीज का निबंधन होगा। निबंधन के बाद मरीज नर्सिंग डेस्क पर जाकर अपना वाइटल्स कैप्चर करवाएंगे फिर ओपीडी में डॉक्टर भी भव्य पोर्टल पर ही मरीज के सभी तरह की जांच व दवा प्रिसक्राइब करेंगे। मरीज की जांच रिपोर्ट भी भव्य एचआईएमएस पर ही अपलोड की जाएगी। इसके साथ ही मरीजों को अस्पताल से उपलब्ध की जा रही दवा की जानकारी भी इस एचआईएमएस पर अपलोड होगी। इस तरह अब किसी भी मरीज की सारी जानकारी भव्य पोर्टल पर सुरक्षित रहेगी।

मरीज को बार-बार पुर्जा कटाने या पुर्जी लेकर अस्पताल आने की जरूरत नहीं होगी। अब मरीज को पर्ची व जांच रिपोर्ट आभा एप्लीकेशन के माध्यम से स्वयं भी देख सकते है एवं आभा स्कैन एंड शेयर को मदद से बिना कतार में लगे हुए अपना पंजीयन करवाने हेतु टोकन भी ले सकते है। प्रशिक्षण प्रबंधक अभिषेक कुमार ने बताया कि जिले में 18 अप्रैल से भव्य के सारे मॉड्यूल्स को शत प्रतिशत लागू किया जाना इसके लिए अलग-अलग विभाग, आईपीडी एवं इमरजेंसी में हार्डवेयर इंस्टॉलेशन, नर्सिंग डेस्क फॉर्मेशन एवं डिस्ट्रिक्ट कमांड एंड कंट्रोल के लिए एक बैठक रखा गया जिसमें डीएस डॉ रमन आर्य भट्ट अस्पताल प्रबंधक रिजवान, पीरामल स्वास्थ्य से गांधी फेलो जितेंद्र क. एवं भव्य एमएसपी से कृष्ण कुमार सिंह एम रंजिश कुमार पांडेय सम्मिलित हुए थे। वही चिकित्सक, नर्स, पारा-मेडिकल एवं उन संबंधित कर्मियों को ही दिया गया प्रशिक्षण। जिला में भव्य एचएमआईएस के दोनों प्रशिक्षण स्थलों पर डॉक्टरों और अन्य स्वास्थ्य कर्मियों को प्रशिक्षित किया जा चुका है।

## पुलिस ने दो देसी कट्टा और 21 कारतूस के साथ दो सगे भाई को किया गिरफ्तार

निज संवाददाता



**करगहर (रोहतास)**। रोहतास जिले के करगहर थाना की पुलिस ने बलथरी राजवाहा पर बिसही पुल के समीप से दो कट्टा और 21 कारतूस के साथ दो सहोदर भाईयों को गिरफ्तार किया है। इस संबंध में जानकारी देते हुए प्रशिक्षु डीएसपी सह करगहर थानाध्यक्ष पंकज कुमार ने बताया कि गिरफ्तार दोनों भाई करगहर थानांतर्गत समहुता गांव निवासी स्वर्गीय रामपूजन राय के बेटे संजय राय और राजेश राय है। जिनके पास से दो देशी कट्टा 21 जिंदा कारतूस और बाइक बरामद किया गया है। थानाध्यक्ष ने बताया कि गश्ती दल को बलथरी राजवाहा पर बिसही पुल के समीप एक बाइक पर सवार होकर दो संदिग्ध युवक आते दिखाई पडे। जिन्हे गश्ती दल ने रोकने का प्रयास किया, इसके वावजूद बाइक सवार युवक भागने का प्रयास करने लगे। जिसके बाद गश्ती दल में शामिल जवानों ने उनका पीछा कर उन्हे पकड लिया। तलाशी के दौरान दोनों युवकों के पास से दो देसी कट्टा और 21 जिंदा कारतूस बरामद किया गया है। गिरफ्तार किये गये दोनों युवक रिश्ते में सहोदर भाई है। पूछताछ के बाद दोनों भाईयों को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। दोनों से पूछताछ की जा रही है।

### शराब के साथ पिता-पुत्र सहित तीन गिरफ्तार

**भभआ/रामपुर (कैमूर) (नि. सं.)**। उत्पाद व करमचट थाने की पुलिस ने शराब के साथ पिता-पुत्र सहित तीन लोगों को गिरफ्तार किया। तीनों के खिलाफ केस दर्ज कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। करमचट थानाध्यक्ष विकास कुमार ने बताया कि बहेरी गांव में छापेमारी कर एक फूंसनुमा मकान से 200 एमएल की एट पीएम टेट्रापैक 60 पीस शराब के साथ सिंघासन सिंह व उसके पुत्र राजेश सिंह को गिरफ्तार किया। दोनों इसी झोपड़ी से शराब बेचने का कारोबार करते थे। इधर, हनुमान घाट जांच चौकी से उत्पाद विभाग की पुलिस ने एक बोतल शराब के साथ चैनपुर थाना क्षेत्र के मेढ़ निवासी मोतीलाल गोंड के 29 वर्षीय पुत्र सुनील कुमार को गिरफ्तार किया।

## वोटरों को जागरूक करने को ले विभिन्न स्तरों पर चलाया गया मतदाता जागरूकता अभियान

निज संवाददाता



**जहानाबाद**। जिले में लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर स्वीप कोषांग की गतिविधियां लगातार जारी है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी अलंकृता पांडे के निर्देशानुसार भी जिले के कम मतदान प्रतिशत वाले मतदान केन्द्रों के क्षेत्रों में जीविका, आईसीडीएस, राष्ट्रीय सेवा योजना, नेहरू युवा केन्द्र, स्कॉउट एंड गाईड के द्वारा मतदान प्रतिशत बढ़ाने हेतु विभिन्न स्वीप गतिविधि आयोजित कर मतदाताओं को जागरूक किया गया। इसी कड़ी में बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, मोदनगंज मीरा कुमारी के नेतृत्व में नियमित रूप से घोसी विधान सभा क्षेत्र के मोदनगंज प्रखंड में व्यापक रूप से स्वीप गतिविधि के तहत् मतदाताओं को जागरूक करने हेतु मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। समेकित बाल विकास परियोजना कार्यालय मोदनगंज के अंतर्गत कटहारपर मतदान केन्द्र संख्या- 139, मुस्तफापुर मतदान केन्द्र संख्या 94 में आंगनबाड़ी सेविका/सहायिका द्वारा डोर-टू-डोर अभियान चला कर मतदाताओं को जागरूक किया गया। साथ हीं ग्रामीण स्तर पर मतदाताओं को जागरूक करने हेतु प्रभातफेरी भी निकाला गया है। जिला जन संपर्क अधिकारी ने बताया कि बाल विकास परियोजना पदाधिकारी के नेतृत्व में नियमित रूप से आंगनबाड़ी सेविकाओं के सहयोग से मतदाताओं को प्रेरित करने हेतु शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया जा रहा है।

### छापेमारी में 31 लीटर शराब बरामद, धंधेबाज गिरफ्तार

**जहानाबाद (नि.सं.)**। कड़ौना थाने की पुलिस ने शराब के खिलाफ छापेमारी अभियान चलाया। छापेमारी के क्रम में पुलिस ने मुठेर स्थित शराब के अड्डे से बिक्री के लिए छिपा कर रखे गए 21 लीटर शराब को बरामद किया है बरामद शराब के आधार पर पुलिस शराब तस्कर रंजन मांझी को गिरफ्तार किया है थाना अध्यक्ष पवन कुमार ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी की मुठेर में शराब का धंधा किया जाता है सूचना के आलोक में छापेमारी की गई जिसमें पुलिस को देखकर सभी लोग इधर-उधर भागने लगे इसी क्रम में एक व्यक्ति को पकड़ा गया संदेश के आधार पर घर की तलाशी ली गई तो तलाशी के क्रम में बिक्री के लिए गैलन में छुपा कर रखे गए 21 लीटर शराब पुलिस ने बरामद किया है।

## रामनवमी को लेकर राम जन्मोत्सव समिति ने की बैठक

- सरकार और प्रशासन के निर्देश के आलोक में निकाली जाएगी शोभायात्रा
- चुनाव को देखते हुए अचार संहिता का भी किया जाएगा पालन

निज संवाददाता



**सासाराम (रोहतास)**। रोहतास में राम जन्मोत्सव समिति की बैठक रविवार को शिव मंदिर के परिसर में की गई। जिसमें सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि सरकार और प्रशासन के निर्देश के आलोक में शोभायात्रा निकाली जाएगी। चुनाव को देखते हुए अचार संहिता का भी पालन किया जाएगा। बैठक को संबोधित करते हुए राम जन्मोत्सव समिति के अध्यक्ष डॉ शिवनाथ चौधरी ने कहा कि सरकार और प्रशासन के निर्देशानुसार किसी भी शोभायात्रा में डीजे नहीं बजेगा। जन्मोत्सव समिति ने भी निर्णय लिया है कि हम डीजे नहीं बजायेंगे। वहीं जो भी मुहल्ले के लाग अपनी शोभायात्रा लेकर आ रहे हैं उनको लाइसेंस लेना होगा। जो लाइसेंस नहीं लेते है वो जुलूस ना निकाले, बल्कि वो राम जन्मोत्सव समिति की शोभायात्रा में शामिल हो। साथ ही साथ प्रशासन का निर्देश है और लोकसभा चुनाव को देखते हुए अचार संहिता भी लागू है। इसलिए हमे अचार संहिता का पालन करना है और शोभायात्रा में शामिल सभी लोगों से पालन कराना भी है। कहा कि शोभायात्रा में कोई भी व्यक्ति नशे की हालत में शामिल ना हो, इसे लेकर प्रशासन सख्त है। वहीं प्रशासन के निर्देशों के अनुसार ही रूट चार्ट से शोभयात्रा निकाली जाएगी। वहीं प्रशासन के द्वारा चप्पे-चप्पे पर निगरानी की जा रही है। सीसीटीवी कैमरें भी लगाए जा रहे है और ड्रोन से भी निगरानी की जाएगी। उन्होंने कहा कि जन्मोत्सव समिति हर्षोल्लास एवं सद्भावपूर्ण वातावरण में शोभायात्रा को संपन्न कराने का काम करेगी। बैठक में अरूण कांस्कार, संदीप सोनी, राम एकबाल सिंह, अशोक महतो, पंकज महतो, नंदू वर्मा, सुनिल वर्मा, अजय सिंह, संजय कुमार, विजय साहू एवं अन्य सदस्य मौजूद थे।

## सदर अस्पताल कर्मियों को आग से बचाव का मिला प्रशिक्षण, 14 अप्रैल से 20 अप्रैल तक होगा ट्रेनिंग

निज संवाददाता



**जहानाबाद**। जहानाबाद गर्मी के दिनों में लगातार हो रही अगलगी की घटनाओं को देखते हुए अग्निशमन विभाग ने रविवार को सदर अस्पताल परिसर में लोगो को आग से बचाव के लिए प्रशिक्षण दिया। अग्निशमन विभाग के पदाधिकारी इंद्रदेव प्रसाद ने बताया कि 14 से लेकर 20 अप्रैल तक लोगों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि गर्मी के मौसम में लगातार अगलगी की घटना हो रही है। जिससे लगातार जान माल क्षति हो रही है। इसी को देखते हुए विभाग द्वारा सरकारी और गैर सरकारी कार्यालय में लोगों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि कार्यालय में फायर स्टॉप लगाने का भी निर्देश दिया और कहा कि सभी स्वास्थ्य कर्मियों को यह प्रशिक्षण दिया गया ताकि अगलगी की घटना होने पर लोगों को कैसे बचाया जा सके। अगर कभी आग लग जाए तो किस तरीके से अपनी जान को बचाया जा सकता है। इसका प्रशिक्षण इन लोगों को दिया गया है। उन्होंने कहा कि लगातार यह प्रशिक्षण चलता रहेगा उन्होंने कहा कि अग्निशमन विभाग द्वारा लगातार शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में कार्यक्रम चलाकर लोगों को जागरूक किया जा रहा है।

### बिजली चोरी में पांच लोगों पर प्राथमिकी दर्ज

**दिनारा (रोहतास) (नि.सं.)**। नगर पंचायत अंतर्गत बिजली चोरी में पांच लोगों पर प्राथमिकी दर्ज करायी गई। थानाध्यक्ष विनय कुमार ने बताया कि जेई विकास कुमार के लिखित आवेदन पर बाजार निवासी राजेंद्र साह के पुत्र हीरालाल साह पर 20943 रुपये, हीरा साह के पुत्र राहुल कुमार पर 15337 रुपये, बदरुद्दीन खां के पुत्र मोहम्मद इकबाल खां पर 7106 रुपये, शिवमूरत शर्मा के पुत्र संजय शर्मा पर 19406 रुपये व शिवनाथ सिंह के पुत्र सुनील कुमार 8956 रुपये जुर्माने के साथ प्राथमिकी दर्ज की गई है।

## रामनवमी पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक

निज संवाददाता

**कुर्था (अरवल)**। स्थानीय आदर्श थाना परिसर कुर्था में प्रखंड विकास पदाधिकारी डॉ. ज़ियाउल हक, अंचलाधिकारी ऋतिका कृष्णा एवं थानाध्यक्ष सुरेंद्र कुमार की संयुक्त अध्यक्षता में रामनवमी, चैती छठ पर्व एवं अंबेडकर जयंती को लेकर शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी ने कहा कि जुलूस निकालने के लिए थाने से लाइसेंस लेना अनिवार्य होगा। संकीर्ण रास्ते से जुलूस निकालने की अनुमति नहीं दी जाएगी। लाइसेंस के आवेदन में रूट स्थल, शामिल लोगों की संख्या, गाड़ियों की संख्या, आयोजनकर्ता का विवरणी, भुलेंटियर का नाम एवं मोबाइल नंबर की जानकारी देना अनिवार्य है। अंचलाधिकारी ने कहा कि सभी चिंहित एवं संवेदनशील स्थलों पर दंडाधिकारियों एवं पुलिस पदाधिकारियों को प्रतिनियुक्त किया जाएगा। साथ ही छठ घाटों पर साफ-सफाई के साथ ही आवश्यक सुविधाएं भी उपलब्ध करवाए जाएंगे। अधिक पानी वाले घाटों पर तैराक की व्यवस्था करने का भी निर्देश दिया। बैठक में संवेदनशील जगहों से आए सदस्यों से फीडबैक भी प्राप्त किया गया। थानाध्यक्ष ने स्पष्ट किया गया कि किसी भी तरह के जुलूस के आयोजन के लिए लाइसेंस लेना अनिवार्य होगा। वहीं लाइसेंस में निर्धारित शर्तों का अनुपालन भी करना होगा प्रत्येक आयोजन के लिए लाइसेंस हेतु 10 से 15 लोगों को पहचान पत्र जमा करना होगा। जुलूस या अन्य समारोह के दौरान डीजे एवं शस्त्र के उपयोग को पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा। किसी भी तरह के अश्लील, भड़काउ गीत, संगीत एवं संवाद के उपयोग करने वाले के विरूद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जायेगी। इस दौरान सभी आयोजनों को लोकसभा चुनाव को ले प्रभावी आदर्श आचार संहिता को ध्यान में रखते हुए आयोजन समितियों को संपन्न कराना होगा।

## संक्षिप्त समाचार

### उपलब्धियां गिनाने के बदले पीएम मोदी कर रहे इधर- उधर की बात

**गया।** महागठबंधन के केंद्रीय चुनाव कार्यालय, राजेंद्र आश्रम में शनिवार को गया लोकसभा सीट से महागठबंधन उम्मीदवार कुमार सर्वजीत की जीत सुनिश्चित करने के लिए वाम दलों (भाकपा माले, सीपीआई, सीपीएम) के जिला के नेताओं की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता सीपीआई के वरिष्ठ नेता मसूद मंजर, भाकपा माले नगर प्रभारी तारिक अनवर व माकपा के राम खेलावन कर रहे थे। इस दौरान नेताओं ने कहा कि नरेंद्र मोदी अपनी हार देख हताशा के शिकार हो गए हैं। वे अपने कार्यकाल के 10 सालों की उपलब्धियां गिनाने के बदले मछली और मटन की बात कर रहे हैं। वे जनता के मुद्दों से भाग रहे हैं और इधर उधर की बातें कर रहे हैं। नेताओं ने कहा कि यह चुनाव निर्णायक होने वाला है। यह चुनाव तय करेगा कि इस देश में लोकतंत्र रहेगा या नहीं, यहां संविधान रहेगा या नहीं। आगे इस देश में चुनाव होगा या नहीं यह भी इस चुनाव से तय हो जायेगा। इस लिए बिहार की सभी सीटों पर मजबूती से चुनाव लड़ा जा रहा है। जिला सचिव निरंजन कुमार, रीता वर्णवाल, रामानंद सिंह, अर्जुन सिंह, आमिर तुफैल, नवल किशोर यादव, सिद्धनाथ सिंह, रघुनंदन शर्मा, सीपीआई से जिला मंत्री सीताराम शर्मा, मसूद मंजर, मो. याहिया, जगन गिरी, अमृत प्रसाद, माकपा से जिला सचिव राम खेलावन दास, अरविंद सिन्हा, सीनियर लीडर रामपरी देवी ने संबोधित किया।

### लूटपाट करने वाले अपराधी को किया गिरफ्तार, बीच सड़क राहगीर को लूटा था

**नालंदा।** नालंदा की तीन थानों की पुलिस ने लुटेरों को गिरफ्तार किय है। पावापुरी ओपी अध्यक्ष रवि कुमार गुप्ता ने बताया कि कतरीसराय थाना क्षेत्र अंतर्गत गंगापुर निवासी बृजनंदन चौधरी के पुत्र रविंद्र चौधरी ने 9 अप्रैल को पावापुरी ओपी में कांड दर्ज कराया था कि उनके साथ अज्ञात अपराधियों ने घर जाने के क्रम में उनकी स्कूटी को रुकवाया। पिस्टल का भय दिखाकर नगद रुपए समेत मोबाइल लूट लिए। इस मामले में कांड दर्ज करते हुए पुलिस अनुसंधान में जुट गई थी। कांड का सफल उद्बेदन करते हुए लूट का मोबाइल, नगद रुपए के साथ अपराधी को गिरफ्तार कर लिया गया। पकड़ा गया अभियुक्त गिरियक थाना क्षेत्र के कालीबीघा निवासी प्रमोद यादव का पुत्र राजीव कुमार और रामेश्वर प्रसाद का पुत्र धर्मवीर कुमार उर्फ लुचु है। जिसके पास से लूटा हुआ वीवो कंपनी का मोबाइल, एक सैमसंग कंपनी का मोबाइल और 1 हजार रुपए बरामद हुए हैं। गिरफ्तार अभियुक्त का आपराधिक इतिहास है। इसके ऊपर पावापुरी, सिलाव और राजगीर में अलग-अलग कांड दर्ज है।

### बैरियर को ले पुलिस व लोगों में नोकझोंक

**सिलाव।** बड़गांव छठ मेला में विधि व्यवस्था के मद्देनजर वाहनों के प्रवेश पर रोक लगाई गई है। जिसके लिए बैरियर लगाया गया है। बोरियत पानी टंकी के पास है। स्थानीय लोगों को भी बाइक ले जाने पर रोक लगा दी गई है। इस कारण ग्रामीणों व पुलिस की आपस में नोकझोंक हो गई। लोगों ने बताया कि प्रशासन अपनी विफलता छिपा रही है। सूरजपुर मोड़ पर बैरियर लगाकर मंदिर की ओर आने वाली वाहनों पर रोक लगा दिया जाता था। जिससे लोगों को परेशानी नहीं होती थी। इस बार सूरजपुर मोड़ पर बैरियर व पदाधिकारी की प्रतिनियुक्ति नहीं होने से आमलोगों को परेशानी हो रही है। खरना के दिन चार पहिया वाहन भी गुजरी।

### खेत में गए युवक की करंट से मौत



**नालंदा।** नालंदा में रविवार को करंट से एक युवक की मौत हो गई। मामला हिलसा थाना क्षेत्र अंतर्गत अकबरपुर गांव का है। मृतक की पहचान इस्लामपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत बहरगांव निवासी सुबोध पासवान के (19) वर्षीय पुत्र भरत कुमार के रूप में की गई। वर्तमान में युवक सपरिवार दिल्ली में रहता था। घटना के संबंध में मृतक के परिजन ने बताया कि अहले सुबह भरत कुमार शौच के लिए खेत की ओर गया था। जहां रास्ते में गिरा 440 वोल्ट का विद्युत प्रवाहित तार के संपर्क में आ गया। ग्रामीण जब घर से बाहर निकले तो उनकी नजर सड़क पर गिरे भरत पर पड़ी। इसके बाद ट्रांसफार्मर से बिजली काटी गई और भरत का घरेलू उपचार शुरू किया गया। इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। भरत कुमार दिल्ली में रहकर चप्पल फैक्ट्री में काम करता था। अकबरपुर में भरत का ननिहाल है। वह अपनी मां, पत्नी और बच्चे के साथ छठ पूजा को लेकर ननिहाल आया था। भरत की मां ने मायके में ही छठ की थी। इस घटना के बाद छठ पर्व की खुशियां मातम में बदल गई। युवक के मामा ने कहा कि भरत का जन्म ननिहाल में हुआ था और मौत भी ननिहाल में ही हो गई परिजनों ने बिजली विभाग पर लापरवाही का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि तार जर्जर स्थिति में लगा है। जो अक्सर टूटकर गिर जाता है। अंधेरा होने के कारण भरत को टूटे हुए तार पर नजर नहीं पड़ी और संपर्क में आ गया। जिसके कारण उसकी मौत हो गई। कई बार इस बात की शिकायत बिजली विभाग से की गई, लेकिन बिजली विभाग ने कोई पहल नहीं की। हिलसा थाना अध्यक्ष अभिजीत कुमार ने बताया कि करंट से मौत की सूचना पर पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए बिहार शरीफ सदर अस्पताल भेज दिया गया है। आवेदन मिलने पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी। परिजनों ने बताया कि शौच के लिए जाने के दौरान युवक करंट के संपर्क में आ गया था। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

### पीएम नरेंद्र मोदी 16 अप्रैल को आएंगे गया, गांधी मैदान में चुनावी सभा को करेंगे संबोधित

**गया।** गया में 16 अप्रैल को प्रधानमंत्री आ रहे हैं। उनकी चुनावी सभा गया के गांधी मैदान में होगी। वे एक साथ मगध के चार लोकसभा सीट गया, औरंगाबाद, नवादा और जमुई को साधने आ रहे हैं। बताया जा रहा है 50 हजार से अधिक लोग पीएम का चुनावी भाषण सुनने को गांधी मैदान आएंगे। 20 हजार से अधिक वर्ग फिट में फेब्रिकेटेड ऑस्ट्रेलियन पंडाल खड़ा किया जा रहा है। इसके अलावा सामान्य पंडाल भी तैयार हो रहे। गर्मी के मौसम को देखते हुए गांधी मैदान खुले आसमान वाली जगह को हर ओर से ढका जा रहा है। पीएम की इस विशाल चुनावी सभा



को सफल बनाने के लिए एनडीए का पूरा कुनबा जुटा है। दिन रात एड़ी चोटी का जोर लगाया जा रहा है। बड़ी संख्या में भाजपा के कार्यकर्ता रात में गांधी मैदान में खड़े हो कर पंडाल बनवाने में जुटे हैं। पंडाल का काम तेजी से कराया जा रहा है। भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ उनके सहयोगी दलों के कार्यकर्ता भी खड़े हैं। पीएम के आगमन को देखते हुए जिले के गांव-गांव में सूचना पहुंचाई जा रही है। ताकि बड़ी संख्या में लोग गया के गांधी मैदान में पहुंच सके। जनसंपर्क अभियान चल रहा है। पीएम के आगमन को लेकर एनडीए कार्यकर्ताओं के बीच खासा उत्साह है। पूर्व जिलाध्यक्ष धनराज शर्मा और वर्तमान जिलाध्यक्ष प्रेम प्रकाश चिंटू ने बताया कि पीएम के आगमन को सफल बनाने के लिए हर सम्भव कोशिश की जा रही है। उन्होंने कहा कि पीएम के गया आगमन की सूचना के दिन से ही कार्यकर्ता के अलावा आम अवाम में उमंग है। मीडिया प्रभारी सन्तोष कुमार ने बताया कि गांधी मैदान में आने वालों के लिए बेसिक सुविधाओं ख्याल रखा जा रहा है।

# छठ व्रतियों ने अस्ताचलगामी सूर्य को दिया अर्घ्य

## तीन किन्नरों ने दिया अर्घ्य, कहा- विश्व कल्याण की कामना के लिए रखते हैं छठ व्रत

निज संवाददाता। आरा/जगदीशपुर/सहार



चार दिवसीय छठ व्रत अनुष्ठान के तीसरे दिन व्रतियों ने भगवान भास्कर को पहला अर्घ दिया। पर्व के दौरान छठ व्रतियों की भीड़ जिले के मुख्यालय आरा के विभिन्न घाटों, सूर्यमन्दिरों समेत ग्रामीण क्षेत्रों में जुटी थी। जहाँ छठ गीत के साथ व्रती अपने अपने घाट पर पहुँच रहे थे। वही व्रतियों ने पहला अर्घ्य अस्ताचलगामी सूर्य को दिया। उधर, सहार सूर्य मंदिर, अंधारी सूर्य मंदिर, कोशियर सूर्य मंदिर पर भी छठ व्रतियों की भीड़ देखने को मिली। जहां सहार में कमेटी के सदस्यों के द्वारा व्रतियों के लिए लाईट, टेंट एवं मनोरंजन की व्यवस्था की गई है। जिससे कि व्रतियों को किसी प्रकार की परेशानियों के सामना न करना पड़े। वहीं पर्व के दौरान विधि व्यवस्था को बनाये रखने के लिए प्रखंड विकास पदाधिकारी अर्चना कुमारी, अंचलाधिकारी राकेश शर्मा, थानाध्यक्ष दीपक कुमार, थानाध्यक्ष विवेक कुमार दल बल के साथ मुस्तैद दिखे। सहार सूर्य मंदिर कमेटी के अध्यक्ष बैजनाथ प्रसाद, सचिव पैक्स अध्यक्ष गोविंद प्रसाद, कोषाध्यक्ष गोविंद केशरी, सहार पंचायत के मुखिया बंसत कुमार राम, मंटू मनोहर केशरी, आशीष कुमार, अरविंद कुमार, राजू कुमार, शिवम कुमार, गोलू कुमार, प्रदीप कुमार द्वारा सूर्य मंदिर छठ घाट पर व्यवस्था किया गया है। उधर, शाहपुर प्रखंड के नगर पंचायत शाहपुर, सहजौली सहित विभिन्न जगहो पर सूर्य की उपसना पर्व छठ का परम्परागत पर्व हर्षोल्लास वातावरण में मनाया गया।

**परंपरागत तरीके से किन्नरों ने किया है छठ व्रत :** वही जगदीशपुर स्थित ऐतिहासिक शिवजी पोखरा सह छठिया घाट पर पहली बार तीन किन्नरों ने रविवार की शाम भगवान भास्कर और छठी मईया की आराधना कर अस्ताचलगामी भगवान भास्कर को श्रद्धापूर्वक अर्घ्य अर्पित किया। बिहिया चौरस्ता के किन्नर अलका, शाहपुर के शकीला और रुबीना ने व्रत को पूरे रीति-रिवाज और परंपरा के साथ दो सालों से रख रही है। तीनो किन्नरों ने अपने घर से घाट तक भुइयां पड़ी (जमीन पर लेटते हुए) पहुंची। साथ मे गुरु बिष्टि, तनु,माया, पिंकी, राखी, तान्या, रिया, चांदनी और प्रीति सहित 25 किनारो ने बांस के बहंगिया बहंगी लचकल जाये सहित अन्य छठ के पारंपरिक छठ गीतों को गुनगुनाते और नृत्य करते हुए अपने घर से छठ घाट की ओर बैंड बाजा के साथ और दंडवत करते हुए पहुंची। इससे पहले तीनों किन्नरों नहाय खाय के साथ छठ व्रत की शुरुआत की। व्रत कर रही तीनो किन्नरों ने बताया कि हम सभी त्योहारों को बहुत अच्छे तरीके से मनाते हैं। सभी व्रत रखते हैं। लोग अपने परिवार, पति और बेटे के लिए व्रत रखते हैं तो हम लोग विश्व कल्याण की कामना के लिए यह सब पूजा पाठ और व्रत रखते हैं। आगे कहा कि हमारी कोई अपनी संतान नहीं होती। क्षेत्र के सभी समुदायों के यजमान ही हमारी संतानें हैं। जब वह सुखी और संपन्न रहेंगे तभी हम लोग भी खुश रहेंगे।

# जीतन राम मांझी ने की भगवान श्री राम की आरती

निज संवाददाता। गया



बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी गया से लोकसभा चुनाव लड़ रहे हैं। उनका मुकाबला राजद के प्रत्याशी कुमार सर्वजीत से है। गया लोकसभा क्षेत्र के ब्राह्मण वोटर को लुभाने के लिए जीतन राम मांझी कोई कसर नहीं छोड़ना चाहते है। इसी कड़ी में उन्होंने आज भगवान श्री राम की आरती की है। साथ ही भगवान श्री राम को 56 भोग का प्रसाद भी चढ़ाया है। जीतन राम मांझी को श्री आदर्श लीला समिति की ओर से समर्थन दिया गया है। वहीं, मांझी ने आदर्श लीला समिति की ओर से आयोजित आरती में भाग लिया। मांझी ने खुद आरती भी की। बनारस की थीम पर गंगा आरती की तरह प्रभु श्री राम की आरती हुई। बनारस के ब्राह्मण ने आरती संपन्न कराया। श्री आदर्श लीला समिति के अध्यक्ष गौरव सिन्हा ने बताया कि बनारस की थीम पर प्रभु श्री राम की आरती हुई। खुद पूर्व सीएम और लोकसभा के प्रत्याशी जीतन राम मांझी ने आरती की। 56 भोग का प्रसाद लगाया। उन्होंने कहा कि जीतन राम मांझी की जीत निश्चित है, बस हमें जीत का अंतर और बड़ा करना है।

**चिराग पासवान उभरते हुए नेता- मांझी:** मांझी ने आरती शुरू की तो कार्यकर्ताओं ने जय श्री राम के नारे लगाए। इस दौरान भगवान को भी 56 प्रसाद का भोग चढ़ाया गया। पूर्व सीएम ने कहा कि इस बार 400 के पार जाना है। नरेंद्र मोदी की सरकार बनानी है। हमें आदर्श लीला समिति का समर्थन मिल रहा है। हम चाहते हैं कि बिहार की 40 सीटों पर एनडीए जीते और नरेंद्र मोदी फिर से प्रधानमंत्री बने। वहीं, चिराग पासवान के सवाल पर उन्होंने कहा कि पहले पिछड़े दलित के नेता कम होते थे, लेकिन चिराग पासवान उभरते हुए नेता हैं और बिहार के भविष्य हैं।

**'ब्राह्मण समाज को लुभा रहे हैं':** पूर्व सीएम जीतन राम मांझी के आरती पर गया शहर के रहने वाले रवि मिश्रा ने कहा, बिहार के पूर्व सीएम जीतन राम मांझी जब महागठबंधन में थे तो पंडित, पुजारी और सत्यनारायण पूजा पर विवादित बयान दिया था। अब उन्हें लग रहा कि कहीं ब्राह्मण और पंडित समाज नाराज न हो जाए, इस कारण वो आरती कर ब्राह्मण समाज को लुभा रहे हैं।

# घर से बाजार निकला युवक दो दिन से लापता

निज संवाददाता। गया



गया के खिजरसराय थाना क्षेत्र अंतर्गत शादीपुर गांव के रहने वाले 35 वर्षीय जितेंद्र पासवान पिता अर्जुन पासवान लापता हो गया। लापता हुए 2 दिन हो गए, अब तक उसकी कोई खबर घर वालों को नहीं मिल सकी है। परिजन अपने स्तर से हर जगह उसकी तलाश कर थक गए हैं। जितेंद्र दो दिन पूर्व घर से बाजार जाने के लिए निकला था, अबतक कोई पता नहीं चला है। घटना को लेकर पीड़ित परिजन अनहोनी की आशंका जताते हुए खिजरसराय थाने में आवेदन दिया है।

**थाने के नंबर पर सूचना दे सकते:** खिजरसराय थाना क्षेत्र अंतर्गत शादीपुर के रहने वाले अर्जुन पासवान के 35 वर्षीय पुत्र जितेंद्र पासवान के लापता होने को लेकर लिखित आवेदन दिया गया है। मामले में प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। युवक पिंक कलर का शर्ट एवं काला पेंट पहले हुए है। कंधे पर काला रंग का गमछा ओढे है। युवक की तलाश हर जगह की जा रही है। उसका कोई भी सुराग नहीं मिल पा रहा है। खिजरसराय थाना के थानाध्यक्ष ने लापता युवक जितेंद्र पासवान की एक तस्वीर जारी की है। उन्होंने आम जनों से अपील की है, पहचान हो तो खिजरसराय थाना के सरकारी मोबाइल नंबर 943182203 पर संपर्क कर जानकारी दे सकते हैं।

♦ **परिजनों ने प्राथमिकी कराई दर्ज, परिजनों ने जताई अनहोनी की आशंका**

# नालंदा में विहिप की नहीं निकलेगी रामनवमी शोभायात्रा, ढाई लाख लोगों की मांगी गई अनुमति

निज संवाददाता। नालंदा



विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल मातृ शक्ति और दुर्गा वाहिनी द्वारा संयुक्त रूप से रविवार को विहिप नालंदा के कार्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया। इस साल रामनवमी शोभायात्रा को पूरे नालंदा जिले में स्थगित करने का निर्णय विश्व हिंदू परिषद द्वारा लिया गया है। विभाग संयोजक कुंदन कुमार ने बताया कि विश्व हिंदू परिषद द्वारा हर साल नालंदा में रामनवमी शोभायात्रा निकाली जाती थी। इस बार भी हमलोगों द्वारा जिलाधिकारी को शोभायात्रा निकालने के लिए पत्र लिखकर अनुमति मांगी गई थी। जिसे जिलाधिकारी ने अस्वीकृत कर दिया है। हम लोगों ने ढाई लाख लोगों की अनुमति मांगी थी। जिला प्रशासन की ओर से पिछले साल हुए केस का हवाला देते हुए लाइसेंस देने से मना कर दिया गया। इसके बाद जिला प्रशासन के साथ बैठक हुई। इसमें 200 लोगों को जुलूस निकालने की अनुमति मिली। जिसमें 20 लोगों का आधार कार्ड देने की बात हुई। इनमें 20 लोगों को ही भरावपर से आगे जाने की अनुमति मिली थी। इसके बाद विश्व हिंदू परिषद ने इस साल किसी भी प्रखंड में रामनवमी शोभायात्रा नहीं निकालने का निर्णय लिया है। पिछले साल रामनवमी शोभायात्रा के दौरान दो समुदाय के बीच हिंसक झड़प हुई थी। इसके बाद से जिला प्रशासन ने नई गाइडलाइन निकाली है। जिसमें एक जुलूस में 200 लोगों को ही जाने की अनुमति दी गई है। विभाग संयोजक ने कहा कि विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल के बैनर तले हमारे कोई भी रामनवमी शोभा यात्रा पूरे नालंदा में नहीं निकलेगी। इस साल सभी अपने-अपने घरों और मंदिरों में परंपरागत तौर पर रामोत्सव मनाए। साथ ही बजरंग दल ने कहा कि 18 अप्रैल को प्रसाद चढ़ाने कुछ एक कार्यकर्ता बाबा मणिराम के अखाड़ा पर जाएंगे। जिला प्रशासन की एक तरफा अड़ियल रवैया के कारण और शोभायात्रा के लिए लागू किए जाने वाले गाइडलाइन की अनुपालन असंभव हैं। इस मौके पर धीरज कुमार प्रांत सह प्रवर्तन प्रमुख, राम बहादुर सिंह प्रांत प्रशासनिक प्रमुख, कुंदन कुमार विभाग संयोजक, गौरव कुमार पूर्व विभाग संयोजक, जयराम सिंह प्रांत धर्म प्रसार प्रमुख आदि मौजूद रहे।

# गया स्टेशन पर बेपटरी हुई इंजन, वाशिंग पीट लाइन पर 6 चक्के उतरे

निज संवाददाता। गया



**फिलहाल कोई हताहत नहीं**

गया जंक्शन पर शनिवार की देर शाम ट्रेन का इंजन बेपटरी हो गया। प्रथम दृष्टया में घटना का कारण चालक के द्वारा सिग्नल ओवर शूट कर देना बताया जा रहा है। रेलवे सूत्रों ने बताया कि शनिवार की शाम गया जंक्शन पर चेन्नई एग्मोर एक्सप्रेस आई थी। इसके बाद इसके रेक को वाशिंग पीट लाइन पर ले जाना था। इसके लिए लाइट डीजल इंजन को शंटिंग कर प्लेटफार्म नंबर 7 के पास से आगे बढ़ रहा था। इसी दौरान लाल सिग्नल को चालक द्वारा ओवरशूट हो गया। इसके बाद कुछ दूर आगे बढ़ने के बाद एक मोटर पॉइंट को बर्स्ट करते हुए इंजन आगे बढ़ते ही बेपटरी हो गई।

**प्रारंभिक जांच के लिए टीम गठित:** रेलवे सूत्रों ने बताया इंजन का अगले ट्रॉली के 6 चक्के बेपटरी हो गए। घटना शाम 06:50 के आसपास की है। दुर्घटना की जानकारी मिलते ही दुर्घटना राहत ट्रेन (ART) के कर्मचारी तत्काल पहुंच गए। राहत कार्य जारी है। इस दुर्घटना की प्रारंभिक जांच के लिए एक टीम गठित कर दी गई है। चेन्नई एग्मोर एक्सप्रेस ट्रेन गया जंक्शन पर आई थी। उसके बाद रेक को वाशिंग पीट लाइन पर ले जाना था। इसी दौरान यह घटना घटी। हालांकि इस घटना से कोई हताहत नहीं हुआ और ना ही किसी ट्रेन की परिचालन में असर पड़ा। इस मामले में कोई भी संबंधित रेल अधिकारी कुछ भी बोलने से परहेज कर रहे हैं।

# तेजस्वी यादव ने PM मोदी पर साधा निशाना, कहा- बेरोजगारों युवाओं से किया वादा निकला जुमला

निज संवाददाता। गया




गया ज़िले के बाराचट्टी प्रखंड अंतर्गत बाराचट्टी प्रखंड कार्यालय के समीप राजगढ स्थित राजकीय हाई स्कूल मैदान में चुनावी सभा को संबोधित करने शनिवार को बिहार के पूर्व डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव व VIP सुप्रीमो मुकेश साहनी पहुंचे थे। पूर्व डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव व मुकेश साहनी गया लोकसभा संसदीय क्षेत्र 38 क्षेत्र के राजद प्रत्याशी सह बोधगया विधायक कुमार सर्वजीत के समर्थन में चुनाव प्रचार व वोट मांगने पहुंचे थे। पूर्व डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव वीआईपी के सुप्रीमो मुकेश साहनी के राजगढ़ हाई स्कूल मैदान में पहुंचते हीं सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ताओं ने उनका भव्य स्वागत किया। लालू राबड़ी ज़िंदाबाद तेज तेजस्वी जिंदाबाद के जमकर नारे लगाए। इस मौके पर राजद से शेरघाटी विधायक मंजू अग्रवाल, बिराचट्टी की पूर्व विधायक का समता देवी, मखदुमपुर से राजद विधायक सतीश दास, गुरुआ विधायक विनय कुमार, जिला परिषद उपाध्यक्ष शीतल प्रसाद यादव, गया जिला अध्यक्ष मोहम्मद निजाम समेत अन्य नेता व कार्यकर्ता मौजूद थे।

**'एक करोड़ नौकरी दी जाएगी':** पूर्व डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव ने पीएम मोदी पर जमकर निशाना साधा है। उन्होंने कहा, पीएम मोदी जब पिछली चुनाव में गया आए थे तो उन्होंने बेरोजगारों युवाओं से वादा किया था कि 2 करोड़ और रोजगार देंगे, 15-15 लाख रुपए खाते में देंगे, लेकिन सारा जुमला निकला। युवा पढ़-लिखकर नौकरी लेते हैं, सेना में जाते हैं जहां महज 4 साल की ही नौकरी कर दी गई । उसे अग्निवीर का नाम दिया गया यह काम हमारे बड़का झूठा पार्टी के नेता पीएम मोदी ने किया है। अगर हमारी सरकार केंद्र में बनती है तो जो सेना में पुराना चला आ रहा था वैसे ही फिर से सेना में युवाओं को मिलेगा। हमारी सरकार केंद्र में बनते ही एक करोड़ नौकरी दी जाएगी। जब हम बिहार के सत्ता में थे और डिप्टी सीएम थे तो युवाओं को 5 लाख नौकरी मिली। मैंने खुद चाचा से पांच लाख नियुक्ति पत्र उनके हाथों से बंटवाया। पूर्व सीएम जीतन राम मांझी सह एनडीए प्रत्याशी पर तेजस्वी यादव ने जमकर कटाक्ष किया।

# GBM कॉलेज में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

निज संवाददाता। गया



गया शहर के गौतम बुद्ध महिला कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना की ओर से मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मतदाता जागरूकता जिसकी अध्यक्षता प्रधानाचार्य प्रो. डॉ. जावैद अशरफ़ तथा संचालन एनएसएस पदाधिकारी डॉ प्रियंका कुमारी ने किया। कार्यक्रम को मंचासीन प्रधानाचार्य प्रो डॉ जावैद अशरफ़, बर्सर-व-अर्थशास्त्र विभागाध्यक्ष डॉ सहदेव बाउरी, एनसीसी केयर टेकर ऑफिसर-सह-अंग्रेजी विभागाध्यक्ष डॉ कुमारी रश्मि प्रियदर्शनी एवं परीक्षा प्रभारी-सह-हिन्दी विभागाध्यक्ष डॉ प्यारे मांझी ने संबोधित किया।

**परिजनों को भी प्रेरित करें:** सभी ने छात्राओं से लोकसभा चुनाव-2024 में अनिवार्य रूप से अपने मत का प्रयोग करने का आग्रह किया। डॉ रश्मि ने कहा कि वोट देने से इस बात की गर्वानुभूति रहती है कि सरकार बनाने में हमारी भी अहम भूमिका रही। साथ ही, लोकतंत्र के महापर्व अर्थात चुनाव में भाग न ले पाने का अफसोस भी नहीं रह जाता। उन्होंने छात्राओं को मतदान के दरम्यान प्रयोग में लाये जाने वाले "नोटा" (नन ऑफ द एवब) बटन की उपयोगिता से भी अवगत कराया। कहा कि यदि हमारी नजर में कोई भी उम्मीदवार हमारा वोट पाने के लायक न लगे, तो हमारे पास नोटा (ऊपरोक्त में से कोई नहीं) बटन दबाने का विकल्प भी होता है। नोटा बटन दबाने के लिये ही सही, किंतु अपना मत देने जरूर जायें। डॉ मांझी ने हर भेदभाव एवं प्रलोभन से ऊपर उठकर उस नेता को वोट देने कहा, जो जनता की समस्याओं के निराकरण में वास्तव में तत्परता दिखलाए। डॉ बाउरी ने छात्राओं से कहा कि वे स्वयं भी मतदान दें तथा अपने मम्मी, पापा, भाई-बहन, बड़े-बुजुर्गों सभी को मतदान करने के लिए प्रेरित करें।

**'लोकतंत्र में मत को गिना जाता है, तौला नहीं जाता':** अपने अध्यक्षीय संबोधन में प्रधानाचार्य प्रो. डॉ जावेद अशरफ़ ने कहा कि लोकतंत्र में सभी मत का समान मूल्य होता है। उन्होंने अल्लामा इक़बाल के प्रसिद्ध शेर "जम्हूरियत इक तर्ज़-ए-हुकूमत है कि जिस में बंदों को गिना करते हैं, तौला नहीं करते" को पढ़ते हुए कहा कि लोकतंत्र में मत को गिना जाता है, तौला नहीं जाता है। प्रधानाचार्य के नेतृत्व में महाविद्यालय परिवार ने लोकसभा चुनाव में आलस्य त्यागकर बढ़चढ़कर भाग लेने हेतु प्रण लिया। डॉ प्रियंका कुमारी ने मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में छात्राओं एवं उपस्थित प्रोफेसर्स की सक्रिय प्रतिभागिता पर खुशी जताते हुए एनएसएस टीम की ओर से धन्यवाद ज्ञापित किया। उन्होंने भी छात्राओं को मताधिकार का प्रयोग कर लोकतंत्र की गरिमा बनाये रखने की बात कही। कार्यक्रम में डॉ जया चौधरी, डॉ पूजा, डॉ सुरबाला कृष्णा, डॉ कृति सिंह आनंद, हर्षिता, जूही, प्रगति, आरुषि, काजल आदि की उपस्थिति रही।

# एमडीजे विद्यालय में शिक्षक पात्रता परीक्षा का हुआ आयोजन

**निज संवाददाता। आरा**

एमडीजे पब्लिक स्कूल लोहई टोला अमरपुरी सोनवर्षा एन-एच 319, आरा, भोजपुर में आज सत्र 2024-25 के नए शैक्षणिक वर्ष में 16वें शिक्षक पात्रता परीक्षा 2024 का आयोजन हुआ जिसमें अलग-अलग कैटेगरी के अनुसार अलग-अलग विषयों के कुल 183 शिक्षक एवं शिक्षिका अभ्यर्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए। परीक्षा का आयोजन दो शिफ्टों में किया गया। फर्स्ट शिफ्ट की परीक्षा प्रातः 10:00 बजे से प्रारंभ हुई जिसमें बेसिक इंग्लिश एवं जेनरल स्टडीज की परीक्षा आयोजित की गई। सेकंड शिफ्ट की परीक्षा अपराह्न 1:00 बजे प्रारंभ हुई जिसमें अलग-अलग विषयों के अभ्यर्थियों द्वारा इंग्लिश, मैथमेटिक्स, साइंस, सोशल साइंस, कंप्यूटर साइंस, लाइब्रेरी साइंस, हिंदी, फिजिक्स, केमिस्ट्री, बॉटनी, जूलॉजी, हिस्ट्री, ज्योग्राफी, इकोनॉमिक्स, पॉलिटिकल साइंस, बिजनेस स्टडीज, अकाउंटेंसी, फिजिकल एजुकेशन, पेंटिंग, बायोलॉजी समेत कुल 31 विषयों का एग्जाम दिया गया। इस अवसर पर विद्यालय के निदेशक डॉ नंद कुमार सिंह ने बताया कि हमारे यहां प्रत्येक वर्ष नए शिक्षकों के लिए शिक्षक पात्रता परीक्षा आयोजित की जाती है जिसके लिए सभी दैनिक समाचार पत्रों में टेलीविजन पर तथा सोशल मीडिया में भी विज्ञापन प्रकाशित किए जाते हैं और उन विज्ञापनों के आधार पर हमारे यहां आज आरा, पटना, सासाराम , बक्सर,वाराणसी, मुजफ्फरपुर, वैशाली, सिवान, किशनगंज, दार्जिलिंग,दिल्ली एवं कोटा समेत देश के अलग-अलग राज्यों में रहने वाले अनेकों जगहों के अभ्यर्थी सम्मिलित हुए जिसमें पीआरटी , टीजीटी, पीजीटी, पीईटी, लाइब्रेरियन, लैब डेमोंस्ट्रेटर, ऑफिस क्लर्क, अकाउंटेंट सहित कुल 183 अभ्यर्थी सम्मिलित हुए। लिखित परीक्षा में सम्मिलित होने वाले सभी अभ्यर्थियों का साक्षात्कार लिया जाएगा। उसके उपरांत लिखित परीक्षा में उत्तीर्ण अभ्यर्थियों को डेमो टेस्ट का भी सामना करना पड़ता है उसके उपरांत ही शिक्षक-शिक्षिकाओं का चयन होता है।





हमारा मानना है कि जिन विद्यालयों में अच्छे शिक्षक रहेंगे निश्चित रूप से उन विद्यालयों में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं का भविष्य उज्जवल होगा। इसलिए शिक्षक-शिक्षिकाओं के चयन में हमारे यहां पूरी सावधानी एवं पारदर्शिता का ध्यान रखा जाता है। परीक्षा का आयोजन विद्यालय के परीक्षा प्रभारी शिक्षक मुन्ना कुमार की देखरेख में आयोजित हुआ।

# विशेष छापेमारी अभियान में पुलिस ने 71 वांछितों को किया गिरफ्तार

**निज संवाददाता। आरा**

भोजपुर पुलिस अधीक्षक नीरज कुमार सिंह के आदेश पर चलाए जा रहे विशेष छापेमारी अभियान में हत्या के प्रयास समेत अन्य कांडों में 71 पकड़े गए। इसमें हत्या के प्रयास में 9, महिला उत्पीड़न में 3, वारंट में 3, शराब मामले में 40 को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। अभियान के दौरान 43 वारंट और 4 कुर्की का निष्पादन किया गया। करीब 9 शराब भट्ठियों को तोड़ा गया। 748 लीटर देसी और 36 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद की गई। 500 लीटर शराब नष्ट हुई। करीब 973 वाहनों की जांच की गई। डेढ़ लाख रुपए जुर्माना वसूला गया। पांच बाइक, एक स्कूटी और दस ट्रैक्टर के अलावा दो मोबाइल जब्त किए गए। बिहिया पुलिस ने लॉटरी के अड्डे पर छापेमारी कर 18,350 नगद , दो मोबाइल और एक डायरी जब्त किया है।

# मारपीट में चौकीदार पुत्र सहित चार लोग हुए जख्मी

**निज संवाददाता। आरा**

भोजपुर जिले के गजराजगंज ओपी क्षेत्र के गजराजगंज गांव में शनिवार की रात पूर्व के विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट हुई। जिसमें दोनों पक्षों से चौकीदार पुत्र समेत चार लोग जख्मी हो गए। मामला शांत होने के बाद परिजन ने उन्हें इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल पहुंचाया। जख्मियों में गजराजगंज ओपी क्षेत्र के गजराजगंज गांव निवासी सह चौकीदार गणेश यादव का 20 वर्षीय पुत्र सन्नी कुमार, मो. कुर्बान का 23 वर्षीय पुत्र रानू है। दूसरे पक्ष के उसी ओपी क्षेत्र के नवादा बेन



गांव के निवासी जय किशोर सिंह का 19 वर्षीय पुत्र आकाश कुमार और संजय सिंह का 26 वर्षीय पुत्र सुमित कुमार शामिल है।

**15 दिन पूर्व गांव में मेला लगा था, विवाद हुआ था:** इधर एक पक्ष के जख्मी सन्नी कुमार के पिता सह गजराजगंज गांव के चौकीदार गणेश यादव ने बताया कि 15 दिन पूर्व गांव में मेला लगा था। मेले में टोनबाजी को लेकर झूले वालों ने सन्नी से शिकायत थी, इसी बात को लेकर गांव के कुछ लड़कों को इसने डांट फटकार लगाई थी। जिसमें दोनों पक्षों के बीच झगड़ा हुआ था। उस समय भी उनके बेट की पिटाई की गई थी। इसके बाद बात खत्म हो गई थी। शनिवार की रात जब वह गांव में पड़ोसी के दरवाजे पर बैठा था। तभी दूसरे पक्ष के लोग आए और जमकर दोनों की पिटाई कर दी। दूसरे पक्ष के आकाश कुमार के चचेरे भाई अजय सिंह ने बताया कि 15 दिन पूर्व गांव में लगे मेले में दूसरे पक्ष के लोगों से झगड़ा हुआ था। लेकिन उनको लग रहा था कि इसके द्वारा ही झगड़ा किया गया था।


बिहार सरकार

## निर्वाचन विभाग

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, बिहार का कार्यालय
7, सरदार पटेल मार्ग (मैंगल्स रोड), बिहार, पटना – 800015

**निर्गम मतानुमान (एक्जिट पोल) के संबंध में सभी समाचार ब्यूरो, मीडिया हाउसों, रेडियो एवं टेलिविजन चैनलों इत्यादि सहित सभी संबद्धों के लिए**

**आवश्यक सूचना**

लोक सभा आम निर्वाचन, 2024 एवं बिहार विधान सभा उप निर्वाचन, 2024 के अवसर पर भारत निर्वाचन आयोग की अधिसूचना संख्या 576/EXIT/2024/SDR/Vol. I दिनांक 28.03.2024 द्वारा निर्गम मतानुमान (एक्जिट पोल) के संबंध में निम्नलिखित निदेश दिये गये है :–

1. लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा–126क की उप–धारा (1) के अधीन शक्तियों का प्रयोग करते हुए भारत निर्वाचन आयोग, उक्त धारा की उप–धारा (2) के उपबंधों के संबंध में एतद्द्वारा 19 अप्रैल, 2024 (शुक्रवार) को पूर्वाह्न 7:00 बजे तथा 1 जून, 2024 (शनिवार) से अपराह्न 06:30 बजे के बीच की अवधि को, ऐसी अवधि के रूप में अधिसूचित करता है जिसके दौरान वर्तमान लोक सभा के साधारण निर्वाचन और लोक सभा के साधारण निर्वाचन के साथ–साथ आयोजित कराए जाने वाले आंध्र प्रदेश, अरूणाचल प्रदेश, ओडिशा और सिक्किम विधान सभाओं के साधारण निर्वाचन, 2024 एवं 12 राज्यों में 25 विधान सभाओं के उप निर्वाचनों के संदर्भ में किसी भी प्रकार के निर्गम मतानुमान (एक्जिट पोल) का आयोजन करने तथा प्रिंट या इलेक्ट्रॉनिक मीडिया द्वारा इसके परिणाम के प्रकाशन या प्रचार अथवा किसी भी अन्य तरीके से उसके प्रचार–प्रसार पर प्रतिबंध रहेगा।
2. लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 126 (1) (ख) के अधीन उपर्युक्त साधारण निर्वाचनों एवं उप निर्वाचनों के संबंध में मतदान की समाप्ति के लिए नियत समय पर समाप्त होने वाले 48 घंटों की अवधि के दौरान किसी भी इलेक्ट्रानिक मीडिया में किसी भी ओपिनियन पोल या किसी अन्य मतदान सर्वेक्षण के परिणामों सहित किसी भी प्रकार के निर्वाचन संबंधी मामले के प्रदर्शन पर प्रतिबंध रहेगा।

(आलोक रंजन घोष)
विशेष सचिव–सह–अपर मुख्य
निर्वाचन पदाधिकारी, बिहार

PR. No. 000145 (Election) 2024-25

लोकसभा आम निर्वाचन 2024- कोई मतदाता न छूटे


# सड़क हादसे में महिला की मौत, तीन जख्मी

**निज संवाददाता। आरा**

आरा-सलेमपुर मुख्य मार्ग पर मुफस्सिल थाना क्षेत्र के सेमरा के छलक के समीप शनिवार की रात बाइक सवार ने साइकिल सवार दंपती को टक्कर मार दी। हादसे में साइकिल पर सवार महिला की मौत हो गई। इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाने के दौरान उसने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। जबकि साइकिल चला रहे मृतका के पति और बाइक सवार दो दोस्त गंभीर रूप से जख्मी हो गए। उन्हें इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया। जहां से बाइक सवार एक युवक और मृतका के पति को पटना रेफर कर दिया गया है। मृतका मुफस्सिल थाना क्षेत्र के बभनौली गांव निवासी वीर बहादुर राम की 50 वर्षीय पत्नी राधिका देवी है। जबकि जख्मियों में बभनौली गांव निवासी 55 वर्षीय वीर बहादुर राम व उसी थाना क्षेत्र के कड़ारी गांव निवासी उमा साव का 17 वर्षीय पुत्र अमित कुमार और राजेश सिंह का 17 वर्षीय पुत्र आशुतोष कुमार शामिल है। इधर, मृतका की पड़ोसी रीता देवी ने बताया कि बभनौली गांव स्थित अपने घर से आधा किलोमीटर दूर सेमर के छलका के समीप दूसरा घर है।

# क्या तेजस्वी पीएम बनने वाले हैं, जो 1 करोड़ नौकरी देंगे

**आरा में आरके सिंह ने कहा- बोलने में टैक्स नहीं लगता, महागठबंधन को नहीं मिलेगी एक सीट**

**निज संवाददाता। आरा**

राजद के घोषणा पत्र पर केंद्रीय मंत्री व आरा से सांसद आरके सिंह ने तेजस्वी यादव पर तंज कसा है। उन्होंने कहा कि क्या तेजस्वी भारत के प्रधानमंत्री बन रहे हैं? देश में एक करोड़ रोजगार और 500 रुपए में गैस सिलेंडर बांटने की बात कह रहे हैं। बोलने में कोई टैक्स नहीं लगता है। 2019 के लोकसभा चुनाव में राजद को एक भी सीट नहीं मिली थी। इस बार भी वही हाल होने वाला है। महागठबंधन को एक भी सीट नहीं मिलेगा। केंद्रीय मंत्री आरके सिंह रविवार को आरा के शिवगंज के आंबेडकर कॉलोनी पहुंचे। यहां उन्होंने डॉ. भीम राव आंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इसके बाद कॉलोनी में जनसंपर्क अभियान चलाया और लोगों से मुलाकात की। जनसंपर्क अभियान के दौरान आरके सिंह ने कहा कि आंबेडकर कॉलोनी में दलित बच्चों के लिए एक स्कूल और एक सामुदायिक भवन बनाएंगे।

**बीजेपी ने घोषणा पत्र नहीं, संकल्प जारी किया है:** मेनिफेस्टो के सवाल पर आरके सिंह ने कहा कि हमारी सरकार जो बोलती है, वो करती है। बीजेपी ने घोषणा पत्र नहीं, संकल्प जारी की है। उन्होंने कहा कि हमने कश्मीर से 370 हटाने की बात कही थी और हमने हटाया। तीन तलाक भी हमने हटाया। हमारी सरकार आई तो देश की अर्थव्यवस्था 15वें स्थान पर थी, अब 5वें स्थान पर है। हम लोग यूनिफॉर्म सिविल कोड खत्म करने की बात कर रहे



है तो खत्म करेंगे। यही हम लोग की पहचान है।

**बीजेपी सरकार ने महिलाओं को दिया अधिकार:** आरके सिंह ने कहा कि हम लोगों ने महिला आरक्षण कानून पास किया। इस कानून के जरिए महिलाओं को भी संसद में 33 प्रतिशत आरक्षण मिलेगा। हम लोगों ने कहा था, हर घर पक्का करेंगे। साढ़े तीन करोड़ घर पक्का कर दिए, जो बचा है उसे पूरा करेंगे। हर घर बिजली पहुंचाया। हर घर नल से जल पहुंचाया। उन्होंने कहा कि हर गरीब परिवार को 5 किलो अनाज दे रहे हैं। हर गरीब को आयुष्मान कार्ड दे रहे हैं। भारत के प्रधानमंत्री बोलते हैं चार जात है, गरीब, किसान, महिला और युवा।

# बैडमिंटन टूर्नामेंट अंडर 17 के फाइनल में प्रिंस ने श्लोक को किया पराजित



**निज संवाददाता। आरा**

तीन दिवसीय स्व राधिका रमण प्रसाद मेमोरियल बैडमिंटन टूर्नामेंट में आरा क्लब में, अंडर 17 के फाइनल में प्रिंस कुमार ने श्लोक अग्रवाल को हराकर खिताब अपने नाम किया। अंडर 17 डबल्स के मुकाबले में प्रिंस कुमार और श्लोक अग्रवाल की जोड़ी ने चिराग अग्रवाल और रुद्राक्ष कुमार की जोड़ी को रोमांचक मुकाबले में मात देकर कप अपने नाम किया। महिला वर्ग के अंडर 13 के फाइनल मुकाबले में वंशिका सिंह ने कृपा कुमारी को 23, 21 के रोमांचक मैच में मात दी। टूर्नामेंट का उद्घाटन डॉ बीके शुक्ला, डॉ कन्हैया सिंह एवं पूर्व मुखिया राममूर्ति राय ने किया। टूर्नामेंट में बिहार में कई जिलों समेत डीएवी धनुपरा, ज्ञान ज्योति, माउंट लिटेरा, एसएन मेमोरियल, कर्मनटोला, उसलैन, कारीसाथ, कैथोलिक +2, संट जेवियर्स व अन्य स्कूलों के खिलाड़ियों ने भाग लिया। जितने वाले खिलाड़ियों को ट्रॉफी, मेडल्स, सर्टिफिकेट, बैडमिंटन कीट व नगद इनाम दीया जाएगा। टूर्नामेंट को आरा क्लब के ऑर्गनाइजिंग मेंबर्स विशाल आनंद, विनय सिंह, डब्लू, नीतीश, राजवीर, ऋषि, आशुतोष ओम, आशुतोष, संदीप व रवि द्वारा आयोजित किया जा रहा हैं। आज 14 अप्रैल को सभी इवेंट्स का फाइनल मैच खेला जाएगा।

# दो अलग-अलग सड़क हादसों में 5 लोग जख्मी

**निज संवाददाता। आरा**

भोजपुर जिले के दो अलग-अलग सड़क दुर्घटना में पिता–पुत्र समेत पांच लोग जख्मी हो गए। स्थानीय ग्रामीणों की मदद से सभी जख्मियों को इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। पहला मामला बिहिया थाना क्षेत्र के बिहिया रेलवे ओवरब्रिज पर सड़क हादसे में बाइक सवार पिता-पुत्र बुरी तरह जख्मी हो गए। हादसे के बाद स्थानीय ग्रामीणों ने दोनों जख्मियों को बिहिया पीएचसी में भर्ती कराया। जख्मियों में बिहिया थाना क्षेत्र के पिपरा गांव निवासी स्वर्गीय रामेश्वर प्रसाद के 60 वर्षीय पुत्र युधिष्ठिर प्रसाद और उनके 30 वर्षीय बेटे पिंटू प्रसाद शामिल हैं। जख्मी के परिजन ने बताया कि दोनों पिता पुत्र बिहिया चौरस्ता पर लिट्टी की दुकान चलाते हैं। शनिवार की देर शाम दुकान बंद कर जब घर वापस जा रहे थे। इसी बीच रेलवे ओवरब्रिज पर अचानक चलती बाइक पर पिंटू प्रसाद की तबीयत खराब हो गई। जिससे उनकी बाइक असंतुलित होकर डिवाइडर से टकरा गई। हादसे में दोनों बुरी तरह जख्मी हो गए। पिता के सिर में काफी गंभीर चोट आई है। प्राथमिक उपचार के बाद दोनों को पटना रेफर कर दिया गया है।


बिहार सरकार

## निर्वाचन विभाग

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, बिहार का कार्यालय
7, सरदार पटेल मार्ग (मैंगल्स रोड), बिहार, पटना – 800015

**लोक सभा आम निर्वाचन, 2024 के अवसर पर निर्वाचकों की पहचान के संबंध में आयोग के आदेश से संबंधित**

**आवश्यक सूचना**

लोक सभा का आम निर्वाचन, 2024 के अवसर पर निर्वाचकों की व्यक्तिगत पहचान अनिवार्य है। निर्वाचक की व्यक्तिगत पहचान स्थापित होने के पश्चात् ही मतदान करने की अनुमति दी जायेगी। निर्वाचकों की व्यक्तिगत पहचान के लिए भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली द्वारा निर्वाचकों को निर्वाचक फोटो पहचान पत्र निर्गत किये गये हैं। ऐसे निर्वाचक फोटो पहचान पत्र के आधार पर अपनी व्यक्तिगत पहचान स्थापित कर मतदान में भाग ले सकते हैं। वैसे निर्वाचक जिन्हें किसी कारणवश निर्वाचक फोटो पहचान पत्र निर्गत नहीं किया जा सका है अथवा निर्वाचक फोटो पहचान पत्र किसी कारणवश प्रस्तुत नहीं कर पाते हैं, उनकी व्यक्तिगत पहचान के लिए आयोग के द्वारा वैकल्पिक फोटो दस्तावेजों की सूची जारी कर दी गई है, जिनका इस्तेमाल मतदान के समय व्यक्तिगत पहचान स्थापित करने में किया जा सकता है। वैकल्पिक दस्तावेजों की सूची निम्न प्रकार है:–

(i) आधार कार्ड,
(ii) मनरेगा जॉब कार्ड,
(iii) बैंको / डाकघरों द्वारा जारी किये गये फोटोयुक्त पासबुक,
(iv) श्रम मंत्रालय की योजना के अन्तर्गत जारी स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड,
(v) ड्राइविंग लाइसेन्स,
(vi) पैन कार्ड,
(vii) एनपीआर के अन्तर्गत आरजीआई द्वारा जारी किए गए स्मार्ट कार्ड,
(viii) भारतीय पासपोर्ट,
(ix) फोटोयुक्त पेंशन दस्तावेज,
(x) केन्द्र / राज्य सरकार / लोक उपक्रम / पब्लिक लिमिटेड कंपनियों द्वारा अपने कर्मचारियों को जारी किए गए फोटोयुक्त सेवा पहचान पत्र,
(xi) सांसदों / विधायकों / विधान परिशद् सदस्यों को जारी किए गए सरकारी पहचान पत्र, और
(xii) यूनिक डिसएबिलिटी आईडी (यूडीआईडी) कार्ड, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार।

उपर्युक्त दस्तावेजों में से कोई भी एक दस्तावेज प्रस्तुत करने पर निर्वाचक द्वारा मताधिकार का प्रयोग किया जा सकेगा, बशर्ते कि इससे निर्वाचक की पहचान स्थापित हो जाती हो।

निर्वाचक फोटो पहचान पत्र के संबंध में, लेखन अशुद्धि, वर्तनी की अशुद्धि इत्यादि को नजरअंदाज कर देना चाहिए बशर्ते निर्वाचक की पहचान निर्वाचक फोटो पहचान पत्र से सुनिश्चित की जा सके। यदि कोई मतदाता फोटो पहचान पत्र प्रदर्शित करता है, जो कि किसी अन्य विधान सभा निर्वाचन–क्षेत्र के निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा जारी किया गया है, ऐसे निर्वाचक फोटो पहचान पत्र भी पहचान स्थापित करने हेतु स्वीकृत किए जाएंगें बशर्ते निर्वाचक का नाम, जहाँ वह मतदान करने आया है, उस मतदान केन्द्र से संबंधित निर्वाचक नामावली में उपलब्ध होना चाहिए। यदि फोटोग्राफ इत्यादि के बेमेल होने के कारण निर्वाचक की पहचान सुनिश्चित करना संभव न हो तब निर्वाचक को उपर्युक्त वर्णित किसी एक वैकल्पिक फोटो पहचान दस्तावेज को प्रस्तुत करना होगा।

उपर्युक्त वैकल्पिक फोटो पहचान दस्तावेजों के होते हुए भी, प्रवासी निर्वाचक जो अपने पासपोर्ट में विवरणों के आधार पर लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950 की धारा 20क के अधीन निर्वाचक नामावलियों में पंजीकृत हैं, को मतदान केन्द्र में केवल उनके मूल पासपोर्ट (तथा कोई अन्य पहचान दस्तावेज नहीं) के आधार पर ही पहचाना जाएगा।

(आलोक रंजन घोष)
विशेष सचिव–सह–अपर मुख्य
निर्वाचन पदाधिकारी, बिहार

PR. No. 000147 (Election) 2024-25

लोकसभा आम निर्वाचन 2024- कोई मतदाता न छूटे



बिहार सरकार

## निर्वाचन विभाग

**मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, बिहार का कार्यालय**
**7, सरदार पटेल मार्ग (मैंगल्स रोड), बिहार, पटना – 800015**

**लोक सभा आम निर्वाचन, 2024 के प्रथम चरण में सार्वजनिक सभाओं पर प्रतिबंध से संबंधित**

**आवश्यक सूचना**

सभी संबंधित को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि लोक सभा आम निर्वाचन, 2024 के प्रथम चरण के 04 (चार) संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों **37–औरंगाबाद, 38–गया (अ०जा०), 39–नवादा एवं 40–जमुई (अ०जा०)** का मतदान **दिनांक 19.04.2024 (शुक्रवार)** को निर्धारित है। लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 126 (1) के अनुसार **"कोई भी व्यक्ति किसी मतदान क्षेत्र में, उस मतदान क्षेत्र में किसी निर्वाचन के लिए मतदान की समाप्ति के लिए नियत किए गए समय के साथ समाप्त होने वाले अड़तालीस घंटों की कालावधि के दौरान, –**

**(क) निर्वाचन के संबंध में कोई सार्वजनिक सभा या जुलूस न बुलाएगा, न आयोजित करेगा, न उसमें उपस्थित होगा, न उसमें सम्मिलित होगा और न उसे संबोधित करेगा; या**
**(ख) चलचित्र, टेलीविजन या वैसे किसी अन्य साधित्रों द्वारा जनता के समक्ष किसी निर्वाचन संबंधी बात का संप्रदर्शन नहीं करेगा; या**
**(ग) कोई संगीत समारोह या कोई नाट्य अभिनय या कोई अन्य मनोरंजन या आमोद–प्रमोद जनता के सदस्यों को उसके प्रति आकर्शित करने की दृष्टि से, आयोजित करके या उसके आयोजन की व्यवस्था करके, जनता के समक्ष किसी निर्वाचन संबंधी बात का प्रचार नहीं करेगा।"** अतः निम्नवत् संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों में मतदान की समाप्ति के लिए निर्धारित समय से 48 घंटे पूर्व से ही उक्त प्रतिबंध लागू होगें :–

**प्रथम चरण**
**(04 संसदीय निर्वाचन क्षेत्र)**

| संसदीय निर्वाचन क्षेत्र की संख्या एवं नाम | संबंधित विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र की संख्या एवं नाम | मतदान का समय | मतदान की तारीख | दिनांक 17.04.2024 से सार्वजनिक सभाओं पर प्रतिबंध का निर्धारित समय |
|---|---|---|---|---|
| 37–औरंगाबाद | 222–कुटुम्बा (अ०जा०) | पूर्वा. 7:00 बजे से अप. 4:00 बजे तक | 19.04.2024 (शुक्रवार) | अप. 4:00 बजे से मतदान की समाप्ति तक |
| | 223–औरंगाबाद | पूर्वा. 7:00 बजे से अप. 6:00 बजे तक | | अप. 6:00 बजे से मतदान की समाप्ति तक |
| | 224–रफीगंज | पूर्वा. 7:00 बजे से अप. 4:00 बजे तक | | अप. 4:00 बजे से मतदान की समाप्ति तक |
| | 225–गुरूआ | पूर्वा. 7:00 बजे से अप. 4:00 बजे तक | | अप. 4:00 बजे से मतदान की समाप्ति तक |
| | 227–इमामगंज (अ०जा०) | पूर्वा. 7:00 बजे से अप. 4:00 बजे तक | | अप. 4:00 बजे से मतदान की समाप्ति तक |
| | 231–टिकारी | पूर्वा. 7:00 बजे से अप. 4:00 बजे तक | | अप. 4:00 बजे से मतदान की समाप्ति तक |
| संसदीय निर्वाचन क्षेत्र की संख्या एवं नाम | संबंधित विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र की संख्या एवं नाम | मतदान का समय | मतदान की तारीख | दिनांक 17.04.2024 से सार्वजनिक सभाओं पर प्रतिबंध का निर्धारित समय |
| 38–गया (अ०जा०) | 226–शेरघाटी | पूर्वा. 7:00 बजे से अप. 4:00 बजे तक | 19.04.2024 (शुक्रवार) | अप. 4:00 बजे से मतदान की समाप्ति तक |
| | 228–बाराचट्टी (अ०जा०) | पूर्वा. 7:00 बजे से अप. 4:00 बजे तक | | अप. 4:00 बजे से मतदान की समाप्ति तक |
| | 229–बोघ गया (अ०जा०) | पूर्वा. 7:00 बजे से अप. 4:00 बजे तक | | अप. 4:00 बजे से मतदान की समाप्ति तक |
| | 230–गया टाउन | पूर्वा. 7:00 बजे से अप. 6:00 बजे तक | | अप. 6:00 बजे से मतदान की समाप्ति तक |
| | 232–बेलागंज | पूर्वा. 7:00 बजे से अप. 6:00 बजे तक | | अप. 6:00 बजे से मतदान की समाप्ति तक |
| | 234–वजीरगंज | पूर्वा. 7:00 बजे से अप. 6:00 बजे तक | | अप. 6:00 बजे से मतदान की समाप्ति तक |
| 39–नवादा | 170–बरबीघा | पूर्वा. 7:00 बजे से अप. 6:00 बजे तक | 19.04.2024 (शुक्रवार) | अप. 6:00 बजे से मतदान की समाप्ति तक |
| | 235–रजौली (अ०जा०) | पूर्वा. 7:00 बजे से अप. 4:00 बजे तक | | अप. 4:00 बजे से मतदान की समाप्ति तक |
| | 236–हिसुआ | पूर्वा. 7:00 बजे से अप. 6:00 बजे तक | | अप. 6:00 बजे से मतदान की समाप्ति तक |
| | 237–नवादा | पूर्वा. 7:00 बजे से अप. 6:00 बजे तक | | अप. 6:00 बजे से मतदान की समाप्ति तक |
| | 238–गोबिन्दपुर | पूर्वा. 7:00 बजे से अप. 4:00 बजे तक | | अप. 4:00 बजे से मतदान की समाप्ति तक |
| | 239–वारिसलीगंज | पूर्वा. 7:00 बजे से अप. 6:00 बजे तक | | अप. 6:00 बजे से मतदान की समाप्ति तक |
| 40–जमुई (अ०जा०) | 164–तारापुर | पूर्वा. 7:00 बजे से अप. 4:00 बजे तक | 19.04.2024 (शुक्रवार) | अप. 4:00 बजे से मतदान की समाप्ति तक |
| | 169–शेखपुरा | पूर्वा. 7:00 बजे से अप. 6:00 बजे तक | | अप. 6:00 बजे से मतदान की समाप्ति तक |
| | 240–सिकन्दरा (अ०जा०) | पूर्वा. 7:00 बजे से अप. 4:00 बजे तक | | अप. 4:00 बजे से मतदान की समाप्ति तक |
| | 241–जमुई | पूर्वा. 7:00 बजे से अप. 4:00 बजे तक | | अप. 4:00 बजे से मतदान की समाप्ति तक |
| | 242–झाझा | पूर्वा. 7:00 बजे से अप. 4:00 बजे तक | | अप. 4:00 बजे से मतदान की समाप्ति तक |
| | 243–चकाई | पूर्वा. 7:00 बजे से अप. 4:00 बजे तक | | अप. 4:00 बजे से मतदान की समाप्ति तक |

उक्त सूचना वेबसाईट **State.bihar.gov.in/prdbihar** पर देखी जा सकती है।

PR. No.000150 (Election) 2024-25

(आलोक रंजन घोष)
विशेष सचिव–सह–अपर मुख्य
निर्वाचन पदाधिकारी, बिहार

लोकसभा आम निर्वाचन 2024– वोट जैसा कुछ नहीं, वोट जरूर डालेंगे हम

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें : www.sonvarshavani.com
ई-पेपर sonvarshavani.com/epaper


**एक नजर**

## आदिवासी मूल के व्यक्ति ने किसान पर जहरीले तीर से किया जानलेवा हमला, गंभीर हालत में भर्ती



**पूर्णिया (नि.सं.)।** पूर्णिया के सरसी में मामूली विवाद में एक पक्ष ने दूसरे पक्ष पर जहरीले तीर से वार कर दिया। तीर खेत में मकई की रखवाली कर रहे किसान के दाएं हाथ में जा लगी। इस जानलेवा हमले में वे गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद बुजुर्ग की गंभीर हालत को देखते हुए परिजनों ने उन्हें जीएमसीएच पूर्णिया में एडमिट कराया। तीर को बुजुर्ग के हाथ से नहीं निकाला जा सका है। वहीं हमला करने वाले आदिवासी मूल के व्यक्ति को पकड़कर लोगों ने सरसी पुलिस के हवाले कर दिया। घायल किसान की पहचान सरसी थाना क्षेत्र के बोहरा पंचायत के सरस्वती गांव के वार्ड 3 निवासी किसान कृत्यानंद यादव (60) के रूप में की गई है। घायल कृत्यानंद यादव ने बताया कि वे रोजाना की तरह सरस्वती गांव स्थित घर से कुछ ही दूरी पर स्थित मकई के खेत पर गए थे। कुछ ही दूरी पर घर के अन्य सदस्य मकई के खेत में अपने काम में व्यस्त थे। इसी दौरान एक आदिवासी मूल का व्यक्ति तीर कमान लिए आ गया। खेत से दूर चले जाने की चेतावनी देते हुए उसने तीर से हमला कर देने की चेतावनी दी। मगर वे नहीं डरे और उन्होंने खेत से हटने से इनकार कर दिया। आगे जब उन्होंने आदिवासी व्यक्ति का परिचय पूछा तो वो इसी पर भड़क गया। जब तक वे कुछ समझ पाते उनके ऊपर जहरीले तीर से हमला कर दिया गया। इस जानलेवा हमले के बाद वे खून से लथपथ खेत पर गिर गए। चीखने की आवाज सुनकर खेत पर काम कर रहे हैं परिवार के लोग उनकी ओर दौड़े। जिसके बाद गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें घरवालों की मदद से GMCH पूर्णिया में एडमिट कराया गया। वहीं जहरीले तीर से हमला करने वाले आदिवासी मूल के व्यक्ति को पकड़ लिया गया है। घटनाक्रम की जानकारी पाकर मौके पर पहुंची सरसी थाना की पुलिस के हवाले कर दिया गया है। पुलिस ने आदिवासी मूल के व्यक्ति को हिरासत में ले लिया है और थाने ले गई है।

## बच्चों के विवाद में बड़े आपस में भिड़े, दो लोग घायल



**समस्तीपुर (नि.सं.)।** जिले के मथुरापुर थाने के रामनगर गांव में शनिवार रात बच्चों के मामूली विवाद के बाद बड़े आपस में भिड़ गए। इस दौरान दोनों ओर से एक-दूसरे पर रॉड से हमला किया गया। जिसमें दो लोग गंभीर रूप से जख्मी हो गए। दोनों परिवार के लोगों ने सदर अस्पताल में भर्ती कराया है। जख्मी लोगों में एक पक्ष से रामनगर गांव के मोतिउर रहमान के पुत्र मो. समीर और मो. इम्तेयाज के पुत्र मो. सेराज शामिल है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। घटना के संबंध में बताया गया है कि शनिवार मो. समीर और सेराज आपस मे पटिदार हैं। दोनों के पुत्र खेल-खेल में मारपीट करने लगे। इसी दौरान बीच-बचाव के बदले दोनों ही परिवार के लोग आपस में भिड़ गए। देखते-ही देखते दोनों ओर से लाठी और डंडे में निकल गए। मारपीट में समीर और सेराज जख्मी हो गए। हल्ला होने पर आसपास के लोगों की भीड़ जुटी तो लोगों ने बीच-बचाव कर मामला शांत कराया। गांव के लोगों के सहयोग से सभी को सदर अस्पताल लाया गया। जहां इमरजेंसी में दोनों का उपचार चल रहा है। दोनों ने एक दूसरे पर रॉड से प्रहार करने का आरोप लगाया है। सदर अस्पताल प्रशासन ने नगर पुलिस को मामले की जानकारी दी। हालांकि नगर पुलिस के पदाधिकारी का कहना था कि मामला मथुरापुर थाने का है। दोनों पीड़ित को मथुरापुर थाना जाने की सलाह दी गई है। इस मामले में आगे की कार्रवाई मथुरापुर पुलिस करेगी। उधर, मथुरापुर पुलिस ने घटना की जानकारी के बाद मामले की जांच शुरू कर दी है।

## सैकड़ों युवाओं ने निकाली लखीसराय में शोभयात्रा



**लखीसराय (नि.सं.)।** माथे पर भगवा रंग की टोपी और पगड़ी, ललाट पर पीला चंदन और हाथ में भगवा ध्वज के साथ सैकड़ों की संख्या में युवाओं की टोली जब शहर में निकली तो पूरा शहर जय श्री राम के जयघोष से गूंजने लगा। उत्साहित युवाओं की टोली चप्पा-चप्पा गूंजेगा श्रीराम के जयकारों से, पूरा भारत भर जाएगा राम के दीवानों से, एक ही नारा एक ही नाम जय श्रीराम जय श्री राम.. की जयघोष करते हुए पैदल चल रहे थे। जुलूस के साथ पुलिस बल भी मौजूद रही। शोभायात्रा में बजरंग दल, विहिप, आरएसएस, जदयू सेवा दल, जनसंख्या समाधान फाउंडेशन सहित कई हिंदू संगठन से जुड़े सैकड़ों की संख्या में युवा हाथ में तलवार, डंडा एवं भगवा पताका के साथ जुलूस में शामिल हुए। उत्साहित युवा जय श्री राम की जयघोष करते हुए पैदल एवं बाइक से चल रहे थे। शहर के जमुई मोड़ से विद्यापीठ चौक तक निकाली गई। डीजे की धुन पर प्रभु राम के बजते भजन एवं जय श्री राम के नारों के साथ जुलूस जब नगर भ्रमण के लिए निकला तो मुख्य मार्ग जाम हो गया। हर कोई इस शोभा यात्रा में शामिल होने के लिए आतुर दिखे। बड़ी संख्या में युवा मोटर साइकिल पर नारे लगाते हुए चल रहे थे। घंटों तक मुख्यालय के मुख्य मार्ग पर जय श्री राम की जयघोष होता रहा। जुलूस नगर भ्रमण करते हुए नया बाजार होते हुए आर. लाल कॉलेज के पास जाकर समाप्त हुआ। जुलूस में जनसंख्या समाधान फाउंडेशन के राष्ट्रीय महासचिव कृष्ण मुरारी कुमार सहित दर्जनों कार्यकर्ता शामिल हुए।

## पानी भरने गई महिला को लगी गोली, घायल

**मुंगेर (नि.सं.)।** मुंगेर में 22 वर्षीय महिला की जांघ में गोली मारी गई है। घटना मुंगेर जिला अंतर्गत सफियासराय थाना क्षेत्र के गौरीपुर की है। घायल महिला गौरीपुर निवासी गौरव कुमार की पत्नी प्राची कुमारी है। इधर गोली से घायल महिला को परियोजना ने जमालपुर नयागांव स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। महिला की गंभीर स्थिति में इलाज जारी है। जबकि घटना को लेकर सदर दिवस की राजेश कुमार सहित विभिन्न स्थानों की पुलिस इसकी जांच में जुटे हुए हैं। बताया गया कि प्राची कुमारी अपने घर में देर शाम चापाकल पर पानी लेने के लिए जा रही थी तभी अचानक तीन राउंड गोली चली और उसमें से एक गोली प्राची की जांघ में आकर लग गई। इसके बाद महिला उसी जगह पर घायल होकर बेहोश हो गई। हालांकि ग्रामीणों के मुताबिक बताया जा रहा है कि पति-पत्नी के विवाद में ही पति के द्वारा पत्नी के ऊपर जानलेवा हमला करते हुए उसे पर गोलीबारी की घटना को अंजाम दिया गया जिसमें उसके जांघ में गोली लगी है। अस्पताल में चिकित्सक के द्वारा इलाज कर महिला के शरीर से गोली को निकाल ली गई है। पीएसएस अस्पताल के चिकित्सक डॉ रोशनी प्रसाद ने बताया कि महिला के शरीर से गोली निकाल ली गई है। घटना के बाद जब घायल महिला के पति गौरव कुमार सदर अस्पताल में ब्लड लेने के लिए आए थे। तभी पुलिस उसे अपने गिरफ्त में ले लिया और उससे कड़ी पूछताछ की जा रही है। बता दें कि प्राची की 2 महीना पहले 2 फरवरी को शादी हुई है। उसका पति गौरव भी अपराधी प्रवृत्ति का है। एक माह पहले उसके घर से पुलिस ने हथियार बरामद की थी। जबकि गौरव पहले भी कई बार जेल जा चुका है। सदर एसडीपीओ राजेश कुमार ने बताया कि एक महिला को गोली लगने से वह घायल हुई है। जिसका निजी क्लिनिक में इलाज चल रहा है। हम लोग जांच में जुटे हुए हैं। तत्काल उसके पति को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया है।

सीवान-छपरा रोड पर हुआ हादसा, ससुराल जा रहे थे शख्स

# स्कॉर्पियो की चपेट में आने से एक की मौत, एक युवक गंभीर घायल



- स्कॉर्पियो चालक को पकड़ने में पुलिस जुटी
- मौत की सुचना के बाद परिजनों में मचा कोहराम

निज संवाददाता

**सीवान।** सीवान-छपरा मुख्य मार्ग पर एक स्कॉर्पियो की चपेट में आने से बाइक सवार व्यक्ति की मौत हो गई। एक युवती गंभीर रूप से घायल है। मृतक की पहचान सराय थाना क्षेत्र के बैसाखी के रहने वाले अम्बिका प्रसाद के 45 वर्षीय पुत्र हरिशंकर प्रसाद के रूप में हुई है। पीड़ित परिजनों ने बताया कि हरिशंकर प्रसाद आज अपनी मोटरसाइकिल से अपने ससुराल पचरुखी थाना क्षेत्र के मल्लूपुर जा रहे थे। उनके साथ उनकी बेटी अन्नू भी बैठी थी। सीवान-छपरा मुख्य मार्ग पर पचरुखी बाइपास के नारायणपुर मोड़ के पास जैसे ही मोटरसाइकिल लेकर मुड़े तभी छपरा की तरफ से आ रही एक अनियंत्रित स्कॉर्पियों ने उन्हें टक्कर मार दी और मौके से फरार हो गया। इधर स्थानीय लोगों की मदद से दोनों पिता बेटी को सीवान अस्पताल में भर्ती गया। हरिशंकर प्रसाद को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

वहीं अन्नू का प्राथमिक उपचार करने के बाद स्थिति गंभीर देख बेहतर इलाज के लिए पटना रेफर कर दिया। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया जिसके बाद परिजनों को शव सौंप दिया। मौत की सुचना के बाद परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। सभी का रो-रो कर बुरा हाल है। पचरुखी थाना के सब इंस्पेक्टर चंद्रलोक कुमार ने बताया कि अभी तक परिजनों ने आवेदन नहीं दिया है। आवेदन के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। फ़िलहाल स्कॉर्पियो चालक को पकड़ने में पुलिस जुटी है।

## सड़क हादसे में युवक की मौत



निज संवाददाता

**बेगूसराय।** बेगूसराय-रोसड़ा स्टेट हाइवे (एसएच)- 55 पर रविवार को सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई। घटना खोदावंदपुर थाना क्षेत्र के सीमान चौक के समीप की है। मृतक की पहचान खोदावंदपुर थाना क्षेत्र के चलकी निवासी हीरा महतो के पुत्र चंदन कुमार (25) के रूप में की गई है। हैकी हीरा महतो की मां रिंकू देवी का तीन दिन पहले बेगूसराय के एक निजी अस्पताल में बच्चेदानी का ऑपरेशन हुआ था। हीरा अस्पताल में अपनी मां को खाना पहुंचाने के लिए बाइक से बेगूसराय आ रहा था। इसी दौरान रोसड़ा की ओर से आ रहे तेज रफ्तार टैंकर ने पीछे से उसे कुचल दिया। स्थानीय लोगों ने गंभीर रूप से घायल हीरा कुमार को खोदावंदपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। जहां स्थिति गंभीर रहने के कारण प्राथमिक उपचार के बाद उसे बेगूसराय रेफर कर दिया गया। बेगूसराय सदर अस्पताल पहुंचते ही डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। हीरा की शादी पिछले वर्ष ही बखरी थाना क्षेत्र के मधुआ गांव में कंचन

## चार गोली मारकर 15 लाख कैश और बाइक की लूट, युवक घायल



- कलेक्शन का पैसा लेकर जा रहा था
- दो बाइक से आए चार बदमाशों ने वारदात को अंजाम दिया

निज संवाददाता

**मुजफ्फरपुर।** मुजफ्फरपुर में एक सेल्समैन को चार गोलियां मारकर लूटपाट की गई है। पीड़ित से 15 लाख कैश और बाइक की लूट हुई है। दो बाइक से आए चार बदमाशों ने वारदात को अंजाम दिया। सेल्स मैन कलेक्शन कर पूसा लौट रहे थे। अपराधी उनका पीछा कर रहे थे। इसी दौरान बाइक सवार बदमाशों ने पीछे से धक्का मार दिया। जैसे ही वो गिरे उन्होंने मारपीट शुरू कर दी। फिर चार गोलियां मार कर बाइक और कलेक्शन के 15 लाख रुपए लूट लिए। घटना सकरा थाना क्षेत्र के मुरौल अस्पताल रोड की है। घायल को SKMCH में भर्ती कराया गया है। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने पुलिस को जानकारी दी। सकरा थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। कलेक्शन एजेंट समस्तीपुर जिले के चकमेशी थाना क्षेत्र गिराई गांव के नागेंद्र ठाकुर के बेटे राजेश ठाकुर (33) हैं। राजेश ठाकुर मुजफ्फरपुर जिले में खाद से जुड़ा काम करते हैं। राजेश ठाकुर ने बताया कि सकरा थाना क्षेत्र में मार्केट से कलेक्शन का पैसा लेकर बाइक से पूसा जा रहे थे।

इसी दौरान दो बाइक सवार चार बदमाशों ने ओवरटेक किया। उसके बाद धक्का मार कर गिरा दिया। गाड़ी की डिक्की में पैसे थे। विरोधी करने पर गोली चला दी। गाड़ी और रुपए लेकर चले गए। SKMCH ओपी प्रभारी ललन पासवान ने बताया की लूट के दौरान गोली मारी गई। इलाज SKMCH चल रहा है। मार्केट से पैसा लेकर घर जा रहे थे। इस दौरान दो बाइक पर चार बदमाशों ने गोली मारकर पैसा और बाइक लूट लिया।

## चिलचिलाती धूप में पंजाब सैप जवान व जिला पुलिस बलों ने किया फ्लैग मार्च

निज संवाददाता

**शेखपुरा।** शेखपुरा में लोकसभा चुनाव की मतदान तिथि 19 अप्रैल को है। पुलिस प्रशासन अपनी सक्रियता बढ़ा दी है। भयमुक्त और शांतिपूर्ण मतदान कराए जाने को लेकर जिला प्रशासन लगातार तैयारी कर रही है। इसी कड़ी में जिले के जमुई और शेखपुरा जिला के सीमा पर अवस्थित करंडे थाना पुलिस ने चिलचिलाती धूप में पंजाब सैप और जिला पुलिस बलों के साथ विभिन्न गांव में फ्लैग मार्च तथा एरिया डोमिनेशन किया। फ्लैग मार्च का नेतृत्व थाना अध्यक्ष सह पुलिस सब इंस्पेक्टर कुंदन कुमार ने किया। फ्लैग मार्च में स्थानीय थाना के दारोगा बिंद राय गेरई और पंजाब सैप के इंस्पेक्टर भी शामिल थे। केंद्रीय अर्धसैनिक बलों ने जिले के करंडे, सिझौड़ी, कुरमुरी, लुटौत, छठियारा, धर्मसेना, कपासी, महेशपुर सहित अन्य गांव में फ्लैग मार्च किया। फ्लैग मार्च में शामिल पुलिस जवानों ने गांव गांव पहुंचकर लोगों को भयमुक्त होकर अपने मताधिकार का उपयोग मतदान के दिन करने की अपील की। साथ ही चुनाव में बाधा पहुंचाने वालों तथा प्रलोभन देने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करने की चेतावनी भी दी। बता दें कि जमुई और नवादा लोकसभा क्षेत्र में पड़ने वाले शेखपुरा जिला के दोनों विधानसभा क्षेत्र शेखपुरा और बरबीघा में 19 अप्रैल को मतदान है। इसको लेकर जिला प्रशासन जागरूकता अभियान चला रही है। जिला में विधि व्यवस्था बनाए रखने एवं शांतिपूर्ण माहौल में चुनाव संपन्न करने के लिए फ्लैग मार्च निकाला जा रहा है। इसको लेकर अन्य राज्यों से पहुंचे केंद्रीय अर्धसैनिक बलों और सभी थाना पुलिस ने मिलकर फ्लैग मार्च कर रही है।

## पीएम ने देश के 25 करोड़ गरीब को ऊपर लाया : गिरिराज सिंह

निज संवाददाता




**बेगूसराय।** बीजेपी के फायर ब्रांड नेता और केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने बीजेपी द्वारा जारी घोषणा पत्र सह संकल्प पत्र को बीजेपी का विकसित भारत का संकल्प पत्र करार दिया है। उन्होंने कहा कि बीजेपी ने युवा, महिला, गरीब और किसान को ध्यान में रख कर संकल्प पत्र बनाया है। गिरिराज सिंह ने बेगूसराय में पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि पीएम नरेन्द्र मोदी के गरीब हितैषी सोच को ध्यान में रखकर संकल्प पत्र बनाया गया है। देश के 25 करोड़ गरीब को पीएम ने ऊपर लाया। देश में वन नेशन वन इलेक्शन होगा, एक वोटर लिस्ट होगा, देश में यूसीसी कानून भी लागू किया जाएगा। विपक्ष द्वारा घोषणा पत्र में गरीबों के लिए वादा नहीं करने का आरोप लगाए जाने पर गिरिराज सिंह ने कहा कि जिन लोगों ने गरीब के नाम पर राजनीति की और जाति के नाम पर राजनीति करते हैं, वह लोग आरोप लगा रहे हैं। ऐसे लोग काम करने के बदले सिर्फ आरोप लगाते रह जाएंगे, उससे क्या होगा। गिरिराज सिंह ने कहा कि पीएम नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में जीविका दीदी के लिए भी काम किया जा रहा है। 2029 में महिलाओं का 33 प्रतिशत आरक्षण सुनिश्चित करने का संकल्प लिया गया है। किसानों के लिए जो पैसा दिया जा रहा है वह जारी रहेगा। अभी तक पीएम स्व निधि योजना केवल शहरों में था, अब वह गांव में लागू किया जाएगा। गांव से लेकर शहर तक के लोगों की सुविधा के लिए हर काम पीएम नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में किया जा रहा है और आगे भी किया जाएगा। कॉमन सिविल कोड लागू होगा। एक देश एक कानून लागू होगा। 370 हटाने के बाद कई बाधाएं हैं उसको दूर किया जाएगा। देश में सीएए भी लागू किया जाएगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सोच है कि 2047 में जब भारत का सौ वर्ष होगा तो भारत विकसित भारत होगा। गिरिराज सिंह ने कहा विपक्ष ने सिर्फ गरीब की व्याख्या और जात की राजनीति की, लेकिन मोदी ने सारा पिटारा गरीबों के लिए खोल दिया है। भारत परमाणु शक्ति का भी विस्तार करेगा, हम रिन्यूएबल एनर्जी को प्राथमिकता दे रहे हैं और देंगे। एक सूर्य एक एनर्जी हमारा लक्ष्य है। विपक्ष ने गरीबों को पांच किलो अनाज देकर ठगने का आरोप लगाया, इस पर गिरिराज सिंह ने कहा कि उन्हें 5 किलो अनाज की पीड़ा समझ में नहीं आएगी। कोरोना काल में दुनिया में एक करोड़ लोग भूख से मरे थे, लेकिन भारत में कोई नहीं मरा। गिरिराज सिंह ने कहा कि इसकी उन्हें पीड़ा है। आज तक जाति-जाति चिल्लाते रहे, गरीबों को ठगने का काम किया। मोदी जी की प्लानिंग सिर्फ 2029 तक की नहीं है, हम 2047 तक देश को हर क्षेत्र में विश्व के पटल पर देखना चाहते है। आने वाले समय में भारत को विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थ व्यवस्था बनाने के लिए संकल्पित हैं। इंफ्रास्ट्रक्चर विस्तार भारत में नई नौकरी सृजित करेगा और मैन्यूफैक्चरिंग को बल देगा। प्रेसवार्ता में एमएलए कुंदन कुमार, भाजपा जिलाध्यक्ष राजीव वर्मा, जदयू जिलाध्यक्ष रुदल राय, उपमेयर अनिता राय, जिला परिषद सदस्य अमित देव, बीजेपी के लोकसभा संयोजक कृष्ण मोहन पप्पू, उपाध्यक्ष मृत्युंजय कुमार वीरेश, भाजयुमो जिलाध्यक्ष सुमित सत्री, लोकसभा मीडिया प्रभारी शुभम कुमार और संतोष रंजन राय सहित अन्य उपस्थित थे।

परिवार रांची घूमने गया था, वापस मधुबनी लौटा तो घर से गायब मिले गहने, पैसे और सामान

# फौजी के घर से पांच लाख की चोरी करीब 15 दिनों से बंद पड़ा था घर

निज संवाददाता



मधुबनी। मधुबनी के रहिका थाना क्षेत्र के धनुषी गांव में एक फौजी के घर को चोरों ने निशाना बनाया है। घर का ताला तोड़कर अंदर रखे कीमती जेवरात सहित नकदी की चोरी की है। घर के गृहस्वामी कैलाश ठाकुर अपने फौजी बेटे के साथ रांची घूमने के लिए गए थे तभी घर करीब 15 दिनों से बंद पड़ा था। घर के गृहस्वामी कैलाश ठाकुर अपने बेटे के साथ जब शनिवार की रात को रहिका अपने घर पहुंचे और घर के गेट का ताला टूटा हुआ देखा। कमरे के अंदर गए तो सामान इधर से उधर बिखरा दिखा। घर में चोरी होने की सूचना घर के गृह स्वामी के द्वारा रहिका थाना पुलिस को दी गई। सूचना पाते ही पुलिस मौके पर पहुंचकर जांच में जुट गई। घर के गृहस्वामी का बेटा नवीन कुमार ठाकुर ने बताया कि मैं आर्मी में नौकरी करता हूं और होली में छुट्टी लेकर घर आया हुआ था और पूरे परिवार के साथ रांची घूमने के लिए गया था।

जब मैं अपने परिवार के साथ रांची से घूमकर वापस आया तो देखा कि घर के गेट का ताला टूटा पड़ा हुआ है। घर के अंदर रखी अलमारी का भी ताला टूटा था। उसमें से सभी कीमती सामान चोरी हो गए थे। नवीन ठाकुर ने बताया कि करीब 5 लाख रुपए की सोने चांदी के जेवरात सहित नकदी हुए की चोरी की घटना को अंजाम दिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## समधी ने दूसरे समधी को मारा चाकू, दो घायल

**अररिया (नि.सं.)।** अररिया के पैकटोला पंचायत में बाड़ी घाट मियां चौक पर आपसी विवाद को लेकर एक समधी ने दूसरे समधी को चाकू मार दिया। इसमें 55 साल के मोहम्मद महू और 35 साल के मोहम्मद फिरोज गंभीर रूप से घायल हो गए। परिजनों ने दोनों को सदर अस्पताल अररिया में भर्ती कराया। जहां पर डॉक्टर ने मोहम्मद महू को पेट में चाकू लगने के कारण उसकी हालत को देखते हुए हायर सेंटर रेफर कर दिया। घटना को लेकर घायल मोहम्मद महू के दामाद मोहम्मद लतीफ ने बताया कि 3 साल पहले उनकी मंझली बेटी की शादी गांव के ही मोहम्मद जब्बार का बेटा मोहम्मद जमाल के साथ हुई थी। शादी के कुछ दिन बाद से ही मोहम्मद जमाल का परिवार इनकी बेटी अफसाना खातून के साथ मारपीट करने लगा। इसको लेकर कई बार गांव में पंचायत भी बुलाई गई। जब कोई समाधान नहीं निकला तो शनिवार की देर शाम वह बाड़ी घाट मियां चौक पर गए। वहां पर मोहम्मद महू ने अपने समधी मोहम्मद जब्बार को विवाद का फैसला करने को कहा।

## केक लगाने को लेकर हुए विवाद में दो गुटों में जमकर मारपीट, दो लोग जख्मी



निज संवाददाता

**सहरसा।** सहरसा में शनिवार की देर शाम बर्थडे पार्टी में दोस्त की गाल में केक लगाने को लेकर हुए विवाद में मारपीट हो गई। मारपीट में दो लोग बुरी तरह से जख्मी हो गए। आनन-फानन में परिजनों ने 112 न पर डायल कर पुलिस को सूचना दी। जख्मी को सदर अस्पताल भेजा। घटना सदर थाना क्षेत्र के कहरा वार्ड नं 10 की है। दोनों जख्मी में एक जख्मी का नाम केशव कुमार है तो दूसरे जख्मी का नाम सोनू राम है। जख्मी युवक ने आरोप लगाया कि शनिवार को गोलू कुमार नामक लड़के का बर्थडे मनाया जा रहा था। उसी दौरान एक मित्र सोनू कुमार राम ने अपने दोस्त गोलू कुमार की गाल में केक लगा दी जिसको लेकर विवाद हो गया। उसी विवाद को लेकर गोलू कुमार अपने सहयोगी फंटूस कुमार, नारायण यादव, सुरेंद्र यादव, गजजी यादव, भज्जी यादव, सजन यादव के साथ बगल में रहने वाले केशव कुमार का जाफरी तोड़कर लाठी डंडे से जमकर मारपीट की। केशव कुमार को लाठी-डंडे से सिर पर मारकर सिर फोड़ दिया। वहीं जख्मी सोनू कुमार ने बताया कि कल मेरा दोस्त का बर्थडे था। बर्थडे में हमने अपने दोस्त गोविंद को मजाक में गाल में केक लगा दी।

## बम फटने मामले में दो लोग गिरफ्तार



निज संवाददाता

**बांका।** बांका के धोरैया थाना क्षेत्र में बम फटने मामले में दो आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी में मोहम्मद इस्माइल और नूर मोहम्मद शामिल है। एसडीपीओ अर्चना कुमारी ने बताया कि शुक्रवार को अहिरो गांव में मकसूद मोहल्ला स्थित मोहम्मद इस्माइल अंसारी के घर के पास चार बच्चे खेल रहे थे। इस दौरान बम फटने से चारों बच्चे गंभीर रूप से घायल हो गए थे। इसके बाद सभी को धोरैया अस्पताल में भर्ती कराया गया था। वहीं गंभीर स्थिति को देखते हुए सभी को फिर भागलपुर के मायागंज अस्पताल में रेफर किया गया। मायागंज अस्पताल में इलाज के दौरान 8 साल के कुर्बान और 5 साल के सनिउल्लाह की मौत हो गई। इसके अलावा बाकी दो बच्चों का इलाज चल रहा है। मामले में 5 लोगों को आरोपी बनाया गया है। इसी में दो की गिरफ्तारी हुई है।

सुबह 8 से 10 होगा समय, 9वीं और 11वीं के 2195 छात्र-छात्राओं को मिलेगा लाभ

# विद्यालयों में 15 अप्रैल से चलेंगी विशेष कक्षाएं

निज संवाददाता


प्रतीकात्मक तस्वीर

**बेतिया (पश्चिमी चम्पारण)।** 15 अप्रैल से 15 मई तक प्रारंभिक, माध्यमिक व उच्च माध्यमिक विद्यालयों में विशेष कक्षा का संचालन किया जाएगा। विभाग ने इसके लिए सुबह आठ बजे से 10 बजे तक का समय तय किया है। माध्यमिक विद्यालयों में विशेष कक्षा के बाद शिक्षक घर जा सकेंगे। वहीं प्रारंभिक विद्यालयों में मध्याह्न भोजन के बाद शिक्षकों को छुट्टी मिलेगी। मिशन दक्ष के तहत प्रारंभिक विद्यालयों में विशेष दक्ष कक्षा का संचालन किया जाएगा। इसमें तीसरी कक्षा से लेकर 8वीं तक के छात्र-छात्राओं के लिए हिंदी, अंग्रेजी व गणित की पढ़ाई कराई जाएगी। कमजोर छात्रों को चिह्नित कर छोटे-छोटे समूह में बांट कर पढ़ाया जाएगा। इसके साथ ही कक्षा 5वीं और 8वीं की वार्षिक परीक्षा में फेल हुए छात्रों को भी विशेष कक्षा में बुलाया जाएगा। इसके अलावा अगर कोई इच्छुक बच्चा शामिल होना चाहे तो हो सकेगा। वहीं 9वीं और 11वीं में फेल हुए छात्र-छात्राओं के लिए भी विशेष कक्षा का संचालन सुबह आठ से 10 बजे तक किया जाएगा। कक्षा के बाद एचएम नए बच्चों के नामांकन को लेकर काम करेंगे। नामांकित बच्चों का विवरण ई-शिक्षा कोष पर एंट्री भी करवाएंगे। मालूम हो कि इस विशेष कक्षा से जिला के 2195 छात्र-छात्राओं को लाभ मिलेगा। नौवीं और 11वीं की परीक्षा में इतने छात्र शामिल नहीं हुए थे। इसके साथ ही विद्यालय में आईसीटी लैब में भी कक्षाएं चलेंगी।

## चौकीदार से मारपीट मामले में एक आरोपी गिरफ्तार

**किशनगंज (नि.सं.)।** किशनगंज के बहादुरगंज महादेवदिघी चौक के पास चौकीदार के साथ मारपीट और जाती सूचक गाली देने मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। एसआई प्रिंस कुमार ने बताया कि चौक के पास तैनात चौकीदार सोरेन लाल हरिजन के साथ मारपीट और जाती सूचक गाली देने का मामला सामने आया था। इसके बाद एफआईआर दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्त का नाम मो मेराज आलम उर्फ गुड्डू है और वह बेंतबाड़ी बहादुरगंज का निवासी है। उसे गिरफ्तार कर मेडिकल जांच कराने के बाद न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

# विचार-मंथन

## संपादकीय

## नंबर ही नहीं, टैलंट भी

जो कुछेक क्षेत्र पारंपरिक तौर पर पुरुषों के लिए अघोषित रूप से आरक्षित माने जाते रहे हैं, उनमें चार्टर्ड अकाउंटेंसी भी है। लेकिन यह भी अब ऐसे क्षेत्र के रूप में पहचाना जा रहा है, जहां लड़कियां तेजी से अपना झंडा बुलंद करती जा रही हैं। नंबर और टैलंट दोनों मामलों में। सदी की शुरुआत यानी साल 2000 तक महिला सीए की संख्या महज 8न्न हुआ करती थी, जो 2023 में 30 प्रतिशत हो गई। स्टूडेंट बेस में लड़कियों का अनुपात अब 43 प्रतिशत है और क्वॉलिफाई करने वाले ऐस्पिरेंट्स में लड़कियों की संख्या रेकॉर्ड 48 प्रतिशत पर पहुंच चुकी है। टैलंट के लिहाज से देखें तो 2020 में फाइनल के छह टॉपर्स में से चार लड़कियां थीं। 2021 में सभी टॉपर लड़कियां रहीं। अगले दो साल यानी 2022 और 2023 में लड़कियों ने टॉपर्स लिस्ट में 100 प्रतिशत कब्जा बरकरार रखा। सीए के क्षेत्र में इस बदलते रुझान की कई वजहें हैं। सबसे ऊपर है समाज में लड़कियों को लेकर बदलता नजरिया और खुद लड़कियों का अपनी जिंदगी, करियर और समाज को देखने की बदलती सोच। ये नहीं होता तो स्कूल कॉलेजों में सब्जेक्ट और स्ट्रीम सिलेक्शन में जो पॉजिटिव बदलाव आया, वही नहीं आता। साइंस, टेक्नॉलजी और कॉमर्स की ओर लड़कियों का बड़ी संख्या में जाना इस बड़े बदलाव की जमीन तैयार कर रहा है। दूसरी बात, इंडस्ट्री के ट्रेंड में भी कुछ अहम बदलाव आए हैं। चार्टर्ड अकाउंटेंसी और वित्तीय क्षेत्र इन दोनों की ग्रोथ के आसार किसी बूढ़ी होती आबादी वाले देश के बजाय भारत जैसी यंग आबादी वाले देश में ज्यादा होते हैं। इस संदर्भ में एक बड़ी बात यह हुई कि ज्यादातर देश अकाउंटिंग का अपना काम आउटसोर्स करने लगे। नतीजा यह कि बर्गर अमेरिका और ब्रिटेन में बिकता है, लेकिन उसकी अकाउंटिंग गुड़गांव या कोलकाता में होती है। इससे नए सीए के लिए काम की कमी नहीं रही। आज की तारीख में फ्रेश सीए का स्टार्टिंग पैकेज औसतन 12.5 लाख सालाना हो गया है। तीसरी और आखिरी बात यह कि सीए के कोर्स भी अफोर्डेबल रेट पर उपलब्ध हैं। औसतन 75 हजार रुपये में पांच साल की पढ़ाई और उसके बाद अच्छा पैकेज एक ऐसा आकर्षण है, जो नई उमर की लड़कियों को भी देश की सबसे कठिन परीक्षाओं में गिनी जाने वाली इस प्रवेश परीक्षा की ओर खींच रहा है। ऊपर व्यक्त विचार लेखक के अपने हैं।

## ग़ाज़ा पट्टी में युद्ध और मानवीय पीड़ा पर विराम की जरूरत

(ललित गर्ग)

*बात भले ही अभी गाजा में युद्ध-विराम की हो, लेकिन युद्ध कहीं भी हो, विनाश का ही कारण है, विकास को अवरूद्ध करने एवं शांति अमन को बाधित करने का जरिया है। युद्ध तो लम्बे समय से रूस एवं यूक्रेन के बीच भी चल रहा है। हमास और इजराइल भी लम्बे समय से युद्धरत है। इस तरह युद्धरत बने रहना खुद में एक असाधारण और अति-संवेदनशील मामला है, जो समूची दुनिया को विनाश एवं विध्वंस की ओर धकेलने जैसा है। ऐसे युद्ध का होना विजेता एवं विजित दोनों ही राष्ट्रों को सदियों तक पीछे धकेल देगा।*

छह महीने से जारी इस भयंकर जंग के दौरान यह पहला मौका है, जब संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने युद्धविराम का प्रस्ताव पारित किया है। यह इसलिए संभव हुआ कि अमेरिका ने इसे वीटो करने से परहेज किया। निश्चित रूप से सुरक्षा परिषद का यह प्रस्ताव विश्व जनमत से उपजे दबाव की अभिव्यक्ति है। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने ग़ाज़ा पट्टी में युद्ध और मानवीय पीड़ा पर विराम लगाने के लिए, तत्काल युद्धविराम लागू किए जाने और तमाम बन्धकों की तत्काल व बिना शर्त रिहाई की मांग करने वाला एक नया प्रस्ताव पारित कर दिया है। यह प्रस्ताव, 11 मार्च को शुरू हुए रमजान के महीने की करुण एवं मानवीय पुकार है, साथ ही, इजराइल पर हमलों के दौरान बन्धक बनाए लोगों में से शेष 130 लोगों को रिहा किए जाने की मांग है। हमास एवं इजराइल के बीच चल रहे युद्ध को विराम देकर, शांति का उजाला करने, अभय का वातावरण, शुभ की कामना और मंगल का फैलाव करने के लिये को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद को दृढ़ता से शांति प्रयास एवं युद्ध विराम को लागू करना ही चाहिए। मनुष्य के भयभीत मन को युद्ध की विभीषिका से मुक्ति देनी चाहिए। इन दोनों देशों को अभय बनकर विश्व को निर्भय बनाना चाहिए। निश्चय ही यह किसी एक देश या दूसरे देश की जीत नहीं बल्कि समूची मानव-जाति की जीत होगी। यह समय की नजाकत को देखते हुए जरूरी है और इस जरूरत को महसूस करते हुए दोनों देशों को अपनी-अपनी सेनाएं हटाने के लिए तैयार हो जाना चाहिए। ग़ाज़ा में विशाल स्तर पर उपजी आवश्यकताओं और ज़रूरतमन्द आबादी तक मानवीय सहायता पहुँचाएं जाने की भी जरूरत है, क्योंकि वहां के लोग भुखमरी के कगार पर पहुँच चुके है। छह महीने से जारी इस भयंकर जंग के दौरान यह पहला मौका है, जब संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने युद्धविराम का प्रस्ताव पारित किया है। यह इसलिए संभव हुआ कि अमेरिका ने इसे वीटो करने से परहेज किया। निश्चित रूप से सुरक्षा परिषद का यह प्रस्ताव विश्व जनमत से उपजे दबाव की अभिव्यक्ति है। बड़े शक्तिसम्पन्न राष्ट्रों को इस युद्ध विराम देने के प्रस्ताव को बल देना चाहिए और इसे लागू करने के प्रयास करने चाहिए। पिछले सात अक्टूबर को हमास की ओर से किए गए आतंकी हमले के खिलाफ जब इजराइल ने कार्रवाई की बात कही तो अमेरिका और भारत समेत तमाम देशों की सहानुभूति उसके साथ थी। लेकिन इजराइल ने जिस तरह से गाजा में हवाई हमले शुरू किए और वहां से आम लोगों के हताहत होने की खबरें आने लगीं, उसके बाद यह आवाज तेज होती गई कि इजराइल को अपने अभियान का स्वरूप बदलना चाहिए। अब तक गाजा में करीब 32 हजार लोगों के मारे जाने की खबरें हैं, जिनमें ज्यादातर महिलाएं और बच्चे हैं। भारत हमेशा युद्ध-विरोधी रहा है, युद्ध-विराम की उसकी कोशिशें निरन्तर चलती रही है। किसी भी देश में यह भ्रम पैदा नहीं होना चाहिए कि भारत हाथ पर हाथ धरे बैठा रहा है। भारत ने उचित ही संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद को यह भी बता दिया है कि वह सभी संबंधित पक्षों के संपर्क में है और उनसे बातचीत की मेज पर लौटने का आग्रह कर रहा है। निस्संदेह, भारत को मानवता के पक्ष में शांति, युद्ध-विराम और राहत के प्रयासों में जुटे रहना चाहिए। भारत के ऐसे प्रयासों का ही परिणाम है कि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने युद्धविराम का ऐसा प्रस्ताव पारित किया है। गाजा पट्टी में हिंसक टकराव पर विराम लगाने के लिए सुरक्षा परिषद की कई बैठकें हो चुकी हैं, मगर फिलहाल यह सम्भव नहीं हो पाया है। नवम्बर 2023 में एक सप्ताह के लिए लड़ाई रोकी गई थी और गाजा से बंधकों और इजराइल से फलस्तीनी बंदियों की अदला-बदली हुई थी। मगर, इसके बाद लड़ाई फिर भड़क उठी और इसमें तेजी आई है। गाजा में मृतक संख्या और भूख व कुपोषण से प्रभावित फलस्तीनियों की संख्या निरंतर बढ़ रही है। इसके मद्देनजर लड़ाई को जल्द से जल्द रोके जाने और मानवीय पीड़ा पर मर[illegible] लगाने की मांग भी प्रबल हो रही है। दुनिया के [illegible]ी भी हिस्से में मानवता का इस तरह पीड़ित एवं म[illegible]त होना शर्म की बात है। इस शर्म को लगातार ढ़ोते [illegible]ना शक्तिसम्पन्न एवं निर्णायक राष्ट्रों के लिये शर्मना[illegible] ही है। अब एक सार्थक पहल हुई है तो उसका स्वाग[illegible] होना ही चाहिए। समूची दुनिया और उसके देश हमास एवं इजराइल के बीच चल रहे युद्ध को विराम देने की अपेक्षा महसूस करते हुए लगातार मांग कर रहे हैं, लेकिन अफसोस की बात थी कि अलग-अलग देशों में हो रहे प्रदर्शनों में व्यक्त होती जनभावना एवं मानवता की पुकार संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के प्रस्ताव के रूप में बाहर नहीं आ पा रही थी। खुद अमेरिका इससे पहले गाजा युद्ध विराम से जुड़े तीन प्रस्ताव को वीटो कर चुका था। सोमवार को मतदान से अलग रहते हुए भी उसने इस प्रस्ताव को पारित होने दिया, जो उसके अब तक के रुख में अहम बदलाव के रूप में देखा जा रहा है। अमेरिकी रुख में आए इस कथित बदलाव पर इजराइल ने भले ही तीखी प्रतिक्रिया जताई। इजराइली पीएम नेतन्याहू ने इसी सप्ताह बातचीत के लिए अमेरिका जाने वाले एक उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल के कार्यक्रम को रद्द करने की घोषणा कर दी। हालांकि अमेरिका ने अपने रुख में बदलाव से इनकार किया है, लेकिन फिर भी माना जा रहा है कि अमेरिका का ताजा कदम इस बात का स्पष्ट संकेत है कि इजराइल उसके समर्थन को तय मानकर न चले। भले ही अमेरिका और उसके सहयोगी देशों की नाकामी ने अंतरराष्ट्रीय कूटनीतिक क्षेत्र में एक रिक्तता पैदा करते हुए संकट को गहराया है लेकिन अब अमेरिका के बदले रूख से युद्ध का अंधेरा नहीं, शांति का उजाला होने की संभावनाएं हैं। अमेरिका के रुख में यह बदलाव और सुरक्षा परिषद का प्रस्ताव सकारात्मक संकेत हैं। लेकिन फिर भी इनके संभावित परिणामों को लेकर अभी धुंधलके ही छाये हैं, किसी निष्कर्ष एवं निर्णायक मोड में पहुंचने की बात अभी जल्दबाजी ही प्रतीत हो रही है। हालांकि अभी बात इजराइल और फलस्तीन के बेहद लंबे और जटिल विवाद की नहीं, बस गाजा में चल रहे युद्ध को बंद करने और बंधकों को रिहा करने की संभावनाओं तक सीमित है। लेकिन यह सीमित लक्ष्य भी तमाम अनिश्चितताओं से घिरा है। ऐसे में फिलहाल सिर्फ यह उम्मीद और अपील की जा सकती है कि सभी संबंधित पक्ष इस मामले में सकारात्मक और लचीला रुख अपनाएं।

## पीएमएलए की गुत्थी सुप्रीम कोर्ट ही सुलझाए

पीएमएलए कानून के तहत हाल ही में ईडी ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और बीआरएस नेता के. कविता को गिरफ्तार किया। दिल्ली के उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया इसी कानून में पिछले साल गिरफ्तार हुए थे। झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और आप नेता संजय सिंह व सत्येंद्र जैन भी इसी कानून के तहत जेल में हैं। इन नेताओं को अभी जमानत नहीं मिल पाई है। पीएमएलए कानून को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती भी दी गई थी, लेकिन शीर्ष अदालत ने इसे बहाल रखा था। हालांकि इस मामले में रिव्यू पिटिशन दाखिल हुई है, जिस पर सुनवाई अभी होनी है। इस दौरान सुप्रीम कोर्ट कई बार पीएमएलए के प्रा?वधानों पर सुनवाई करते हुए ईडी को अलग-अलग मामलों में फटकार भी लगा चुका है। सवाल है कि आखिर इस कानून के तहत जमानत मिलना इतना कठिन क्यों है। पहले जानते हैं कि इस कानून पर किस तरह के सवाल उठते रहे हैं। सुप्रीम कोर्ट के सामने कहा गया था कि पीएमएलए के तमाम प्रावधानों में खामियां हैं। ईसीआरआई (इन्फोर्समेंट केस इन्फॉर्मेशन रिपोर्ट) की कॉपी आरोपी के साथ गिरफ्तारी के वक्त साझा नहीं की जाती। आरोपी को पता नहीं होता कि उसके खिलाफ गिरफ्तारी के लिए क्या साक्ष्य एजेंसी के पास है। धारा-45 के तहत डबल बेल कंडिशन पर आपत्ति करते हुए कहा गया कि यह अनुच्छेद-21 के तहत जीवन और स्वच्छंदता के अधिकार का उल्लंघन करता है। वहीं, इस एक्ट के तहत खुद आरोपी को जमानत के लिए कोर्ट को संतुष्ट करना होता है कि वह बेकसूर है। एक्ट की धारा-19 में गिरफ्तारी के प्रावधान किए गए हैं। लेकिन उससे अलग भी ईडी अधिकारी समन करने के दौरान आरोपी को हिरासत में ले सकते हैं। धारा-50 के तहत ईडी जो बयान दर्ज करता है, वह मान्य साक्ष्य के तौर पर इस्तेमाल किया जाता है। यह संविधान के अनुच्छेद-20 (3) का उल्लंघन है, जो कहता है कि किसी को खुद के खिलाफ गवाही के लिए बाध्य नहीं किया जा सकता। ईडी का अधिकारी भी पुलिस अधिकारी की तरह ही है और उनके सामने दिए गए बयान की कोई मान्यता नहीं होनी चाहिए।

## इस जॉब कल्चर पर क्यों हुआ विवाद

(संजय खाती)

सन 2000 में रेड हासिटिंग्स और मार्क रैनडॉल्फ ने ब्लॉकबस्टर के शानदार ऑफिस में कदम रखा। ब्लॉकबस्टर अमेरिका की सबसे बड़ी होम एंटरटेनमेंट कंपनी थी। उनका मकसद अपनी कंपनी नेटफ्लिक्स का सौदा करना था, जो दर्शकों को किराए पर डाक से डीवीडी मुहैया कराती थी। लेकिन 5 करोड़ डॉलर में ब्लॉकबस्टर उसे खरीदने को राजी नहीं हुई। उस वक्त मार्केट पर ब्लॉकबस्टर का राज चलता था और नेटफ्लिक्स उसके सामने बस पिद्दी थी। लेकिन फिर दुनिया तेजी से बदली। सन 2010 में ब्लॉकबस्टर दिवालिया हो गई, जबकि नेटफ्लिक्स आज डिज्नी के बाद दुनिया की सबसे बड़ी एंटरटेनमेंट कंपनी बन चुकी है। इस किस्से के साथ नो रुल्स-रुल्स (प्रकाशक- पेंगुइन प्रेस) शुरू होती है, जिसे नेटफ्लिक्स के फाउंडर रीड ने बिजनेस प्रोफेसर आइरीन मेयर के साथ मिलकर लिखा है। एक दशक से भी पहले रीड ने 127 स्लाइड्स का एक प्रजेंटेशन अपनी टीम के लिए तैयार किया था, जो लीक हो गया और करोड़ों लोगों ने उसे इन बरसों में पढ़ा। इसके जरिए पहली बार नेटफ्लिक्स की पॉलिसी से दुनिया रूबरू हुई। इसे हैरत, तारीफ और कई बार आलोचना के साथ देखा गया। अलबत्ता जिस हिसाब से कंपनी ने तरक्की की है, जिस तरह तमाम रेकॉर्ड तोड़ते हुए वह कस्टमर्स, इन्वेस्टर्स और प्रोफेशनल्स की पसंदीदा कंपनी बनी है, उसे देखते हुए मानना ही पड़ेगा कि वहां कोई चमत्कार तो हो रहा है। खुद रीड भी इसी तर्क के साथ अपनी पॉलिसी समझा रहे हैं। लेकिन यह किताब सिर्फ उस प्रजेंटेशन का विस्तार नहीं है, यह जबरदस्त मसालों और कहानियों के साथ उस बेसिक फॉर्म्यूले को समझाने की बेहद दिलचस्प पहल है। तो आपने देखा, ब्लॉकबस्टर दिवालिया हो गई और नेटफ्लिक्स छा गई। हम नोकिया और कोडक को भी ऐसे ही खत्म होते देख चुके हैं। ऐसा क्यों होता है? रीड का कहना है कि ये कंपनियां इतनी स्मार्ट नहीं थीं कि भविष्य देख सकें या खुद को उसके लिए समय रहते तैयार कर सकें। यह काबिलियत कैसे आए, इसके लिए नेटफ्लिक्स ने जो फॉर्म्यूला निकाला है, वह स्टेप बाय स्टेप इस तरह काम करता है; टैलेंट डेंसिटी यानी बेहतरीन लोगों का जुटान। उनके बीच साफगोई की आदत डालें। वे एक-दूसरे को बेहिचक फीडबैक दें। उसके बाद वेकेशन, ट्रैवेल और खर्च की पॉलिसियां हटा दी जाएं। टैलेंट डेंसिटी को और बढ़ाया जाए। मार्केट में जो बेस्ट सैलरी है वह दी जाए। साफगोई और बढ़ाई जाए। अब फैसलों पर अप्रूवल लेने की पॉलिसी भी हटा दी जाए। टैलेंट डेंसिटी और साफगोई को अधिकतम स्तर तक ले जाएं। बचे हुए नियम भी खत्म कर दिए जाएं। ये तीन कदम किस तरह उठाए जाते हैं, इस दौरान क्या अनुभव नेटफ्लिक्स में सामने आए और आखिरकार कैसे इन्हें पूरा किया गया, इसे यह किताब सिलसिलेवार एक गाइड या मैनुअल की तरह समझाती है। आपको छुट्टी पर जाना है तो बस इतना करना है कि अपने मैनेजर से मशवरा कर लें कि किस दौरान ऑफिस में आपकी जरूरत नहीं रहेगी। किस काम के लिए कब कहां सफर करना है, यह आप ही तय करें। कंपनी का पैसा कहां कितना खर्च करना है, यह भी आप ही को सोचना है। कोई अप्रूविंग अथॉरिटी नहीं होगी। दूसरे कदम में आजादी की डोज और भी नशीली हो जाती है। आप कभी भी रिक्रूटमेंट एजेंट से मिलकर अपनी मार्केट वैल्यू पता कर सकते हैं, नेटफ्लिक्स आपको वही सैलरी दे देगा। आइडिया एकदम साफ है। जब कोई और उसकी काबिलियत के लिए एक्स्ट्रा पेमेंट करने को तैयार है, तो नेटफ्लिक्स क्यों नहीं उसे उसका हक दे दे? इसकी जड़ में दो बाते हैं- टैलंट डेंसिटी और साफगोई। जब अपने फील्ड के बेहतरीन लोग इकट्ठा हो जाएं तो जाहिर है उनसे बेहतरीन समझदारी की उम्मीद की जा सकती है। फिर यह साफगोई और फीडबैक का कल्चर इतना बेदर्द है।

## सुडोकू पहेली क्रमांक- 5340

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 4 | 7 | | | 3 | | | 5 |
| | | | 6 | 8 | 7 | | 4 | |
| | | | 2 | 4 | | 9 | | 7 |
| | | 6 | | | | | 1 | 8 |
| | | | | 1 | | | | |
| 2 | 7 | | | | | 5 | | |
| 8 | | 5 | | 6 | 1 | | | |
| | 9 | | 8 | 5 | 2 | | | |
| 1 | | | 9 | | | 8 | 5 | |

नियम : प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

### सुडोकू पहेली क्र. 5339

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 4 | 7 | 9 | 5 | 3 | 8 | 2 | 6 |
| 9 | 5 | 3 | 8 | 6 | 2 | 4 | 7 | 1 |
| 6 | 2 | 8 | 1 | 7 | 4 | 9 | 5 | 3 |
| 3 | 6 | 9 | 7 | 1 | 8 | 5 | 4 | 2 |
| 4 | 1 | 2 | 3 | 9 | 5 | 6 | 8 | 7 |
| 7 | 8 | 5 | 4 | 2 | 6 | 1 | 3 | 9 |
| 2 | 9 | 1 | 5 | 8 | 7 | 3 | 6 | 4 |
| 5 | 3 | 6 | 2 | 4 | 1 | 7 | 9 | 8 |
| 8 | 7 | 4 | 6 | 3 | 9 | 2 | 1 | 5 |

## आज का राशिफल

### मेष
आज धन में वृद्धि होगी और आज आपको नवीन योजनाओं में लाभ होगा। आप उधार चुकाने में सफल होंगे। संतान पक्ष का पूर्ण सुख व सहयोग प्राप्त होगा। भौतिक साधनों पर व्यय होने के योग हैं। विपरीत लिंग के मित्र से कटुता उत्पन्न होगी। नई विधाएं सीखने के अवसर प्राप्त होंगे। व्यर्थ व्यय से बचें। आपके धन में वृद्धि होगी और योजनाएं सफल होंगी।

### वृष
आज आर्थिक लाभ का दिन है। आज आपको जायदाद से संबंधित मामलों में हानि हो सकती है। सोचसमझकर कोई फैसला करें। भौतिक सुख के साधनों में वृद्धि होगी। आप अपनी बात को लोगों के समक्ष दृढ़ता से रख पाएंगे और उसमें आपको किस्मत का साथ मिलगा। आपके लिए रात का समय परिवार के साथ सैर में बीतेगा।

### कर्क
आज का दिन सबसे उत्तम रहने वाला है। आपको अपने संतान की तरफ से कोई शुभ समाचार मिल सकता है। आज किसी के साथ वाद विवाद में न पड़े वरना आपको मानसिक कष्ट हो सकता है।संतान पक्ष का पूर्ण सुख व सहयोग प्राप्त होगा। भौतिक साधनों पर व्यय होने के योग हैं।

### सिंह
आज लाभ होगा। आपके पुराने रुके हुए कार्य कुछ झंझटों के बाद पूरे होंगे। सामाजिक शास्त्र पढ़ने में मन लगाएं। आज आप अपनी बात को सत्य सिद्ध कर देंगे। शत्रु पक्ष लज्जित होगा। सायंकाल किसी धार्मिक समारोह में जाने का अवसर मिले तो लाभ उठाएं। आज आपको आर्थिक लाभ होगा और धन से जुड़ी योजनाएं पूर्ण होंगी।

### मिथुन
आज आर्थिक लाभ होगा और आपके धन में वृद्धि होगी। कर्क राशि के लोगों के धन में वृद्धि होगी और आपकी योजनाएं सफल होंगी। आपकी किस्मत आज आपका साथ देगी और आपको तनाव होगा। आज शत्रु आपके खिलाफ षड़यंत्र को विफल करने का प्रयास करें।

### कन्या
आज भाग्य में वृद्धि होगी और आज आपको खुशी का समाचार प्राप्त होगा। धार्मिक कार्यों में अधिक रुचि रहेगी। व्यापार की दृष्टि से आज का दिन अनुकूल रहेगा। आज आपके कारोबार में धन से जुड़ी योजनाएं सफल होंगी और भाग्य में वृद्धि होगी। योजनाएं सफल होंगी और धन की प्राप्ति होगी।

### तुला
आज धन में वृद्धि होगी। आज अकस्मात किसी महान व्यक्ति से आपकी मुलाकात हो सकती है। खाने को उत्तम प्रकार के व्यंजन मिलेंगे। खानपान पर विशेष नियंत्रण भी रखें अन्यथा पेट खराब हो सकता है। निकट या दूर की यात्रा का योग बन रहा है। शाम तक आपको लाभ होगा और समृद्धि में भी वृद्धि होगी।

### वृश्चिक
आज भाग्य में आ रही बाधाएं दूर होंगी। पूजा पाठ सत्संग में रुचि बढ़ेगी। नवीन व्यापार के लिए नई योजनाएं बनेंगी जो आगे चलकर धन लाभ कराएंगी। आज आपको भाई बहनों का सुख व सहयोग प्राप्त होगा। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। शाम से लेकर रात तक आपके कार्य में आ रही बाधाएं दूर होंगी। योजनाएं सफल होंगी।

### मकर
आज आपके लिए धन में वृद्धि के योग बन रहे हैं। धन प्राप्ति से कोष वृद्धि होगी। नौकरी वाले जातकों के अधिकार में वृद्धि होगी। प्रतियोगी परीक्षा और राजनीतिक प्रतिस्पर्धा में आपको विजय प्राप्त होगी। सायंकाल से लेकर रात्रि का समय किसी मांगलिक समारोह में व्यतीत होगा। आपकी कार्ययोजनाएं सफल होंगी।

### कुंभ
आज बिना वजह की उलझन और परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। निर्मूल विवादों से छुटकारा मिलेगा और आपका खर्च कम होगा। आपकी अर्थव्यवस्था सुदृढ़ होगी। अच्छे वाहन का सुख प्राप्त होगा। आज परिवार के लोगों से आपका विवाद बढ़ सकता है। आपके सारे काम आज बन जाने से कुछ लोग आपसे जलन महसूस करेंगे।

### धनु
आज की स्थिति शुभ है। शुभ ग्रहों से आपको अनुकूल फलों की प्राप्ति होगी। भौतिक सुख समृद्धि में वृद्धि होगी और आपके कार्य सफल होंगे। सहकर्मियों से प्रगाढ़ता बढ़ेगी। शाम से लेकर रात तक का समय आध्यात्मिक व धार्मिक कार्यों पर व्यतीत होगा। शुभ व्यय भी हो सकता है, जिससे आपकी कीर्ति बढ़ेगी।

### मीन
आज आर्थिक लाभ होगा और महत्वाकांक्षी प्रकृति वालों के लिए शुभ फलदायक रहेगा। पहले दिन यात्रा में आपको लाभ होगा और योजनाएं सफल होंगी। दोपहर बाद किसी उच्च अधिकारी से वाद-विवाद होने पर कानूनी पक्ष नया मोड़ ले सकता है। शाम के समय योजनापूर्ति से लाभ होगा। अकस्मात् अतिथि आगमन से खर्च हो सकता है।

## वर्ग पहेली 5340



**संकेतः बाएं से दाएं**
1. 24 मई 2005 को एन.बी.इंकबेयर इस देश के राष्ट्रपति चुने गए (4)
4. कर्नाटक का यह स्थल स्वर्ण खानो के लिए प्रसिद्ध है (3)
7. सिंची हुई जमीन या काश्त (3)
8. नफीरी, बिस्मिल्ला खां इस वाद्य के साथ जुड़ा है (4)
9. भ्मुलामीयत, कोमलता, मृदुलता (3)
12. चित्रकला में लता या बेल की आकृति का अंकन, छोटी लता (3)
15. शास्त्रीय संगीत में नियत मात्राओं पर स्वर उत्पन्न करना (2)
17. शिष्टता, विनम्रता (4)
19. किसी कार्य का अपनी ओर से आरंभ (3)
20. पुराणानुसार सात पातालों में से पहला, तला, पेंदा (2)
21. वजन, बोझ, उत्तरदायित्व (2)
24. विशुद्ध, खालिश, सच्चा (2)
25. उत्तरी भारत में बहने वाली एक नदी है, वितिस्ता इस नदी का वास्तविक नाम है (3)

**ऊपर से नीचे**
1. इच्छा, इरादा, अभिप्राय (2)
2. यह मुंशी प्रेमचंद कीप्रसिद्ध कृति है जिस पर फिल्म निर्माण भी हो चुका है (3)
3. उदार नीति वाला (4)
4. ओस, विश्वजीत, वहीदा रहमान आदि अभिनीत फिल्म (3)
5. ले आना, उपस्थित करना (2)
6. जिसके पास अपार संपत्ति हो, धनाढ्य (3)
10. पुरूष मित्र, प्रेमी (2)
11. पुराणानुसार यह रावण का पूर्वजन्म का नाम है (5)
13. रत्न शब्द का अपभ्रंश (3)
14. जिसे कोई न जीत सके (3)
16. उमंग, मोज, तरंग, कंप (3)
18. बलभद्र, बलवीर (4)
22. यह कृष्ण भक्ति शाखा की प्रमुख कवियित्री है इन्होंने कृष्ण भक्ति के स्पुट पदों की रचना की है (2)
23. मैं का कर्म और संप्रदाय कारक का रूप (2)

### वर्ग पहेली 5339 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ब | छे | न्द्री | पा | ल | | सी | धी |
| र | द | | ता | ल | मे | ल | |
| स | | ह | ल | का | प | न | |
| ना | जु | क | | र | | दा | गी |
| | | त | प | ना | | र | त |
| म | फ | ल | र | | जो | | गो |
| ह | | फी | म | र | | | विं |
| ल | ब्ध | | | थ | | शा | द |

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक श्रीराम अम्बष्ट द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, (डी वी कार्पो. लि.) उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, पटना में मुद्रित एवं सोन वर्षा वाणी बिल्डिंग, क्लब रोड, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित
संपादक- श्रीराम अम्बष्ट, उप संपादक- साकेत अम्बष्ट फोन/फैक्स-06186-226116 मो.-9934957121, E-mail : sonevershavani@gmail.com, RNI-BIHHIN/1998/3009

## संक्षिप्त समाचार

### पंडरासाली लाइन ब्लॉक से टाटा गुवा ट्रेन रद्द

**जमशेदपुर, एजेंसी।** चक्रधरपुर मंडल रेलवे के पंडरासाली स्टेशन और यार्ड की मरम्मत का कार्य शुरू है इससे 16 अप्रैल से 21 अप्रैल तक लाइन ब्लॉक होगा। ब्लॉक के कारण टाटानगर से गुवा की लोकल ट्रेन को रद्द करने का आदेश दक्षिण पूर्व रेलवे जोन से आया है जबकि बड़बिल हावड़ा जनशताब्दी एक्सप्रेस को ब्लॉक के करण डेढ़ घंटे तक लेट से रवाना करने की योजना है। इधर लाइन ब्लॉक होने से कोल्हान के दर्जनों स्टेशनों के सैकड़ो यात्रियों को आवागमन में परेशानी होगी। दूसरी ओर, आद्रा और आसनसोल मंडल में लाइन ब्लॉक के कारण कई दिनों तक टाटानगर बक्सर ट्रेन का परिचालन अप डाउन में प्रभावित होगा।

### श्री सत्य साईं संजीवनी हॉस्पिटल ने कराई 30 हजार बच्चों की सर्जरी

**जमशेदपुर, एजेंसी।** श्री सत्य साईं संजीवनी हॉस्पिटल की ओर से रायपुर समेत ट्रस्ट के विभिन्न अस्पतालों में 30 हजार बच्चों की निःशुल्क कार्डियक सर्जरी की गई। सर्जरी के बाद बच्चे स्वस्थ हैं। ऑपरेशन के बाद स्वस्थ बच्चे और उनके अभिभावकों के सम्मान में 14 अप्रैल को बिष्टूपुर स्थित श्री सत्य साईं संजीवनी अस्पताल में कार्यक्रम का आयोजन होगा। इसमें बच्चों के अभिभावक यह बताएंगे कि कैसे बिना बिल के उनके बच्चों की कार्डियक सर्जरी हुई। मुख्य अतिथि आईटीडीए के प्रोजेक्ट डायरेक्टर आईएएस दीपांकर चौधरी होंगे। यह जानकारी ट्रस्ट अधिकारी सौम्या ने दी।

### घाघरा में बूथों पर आवश्यक सुविधाएं दुरूस्त करने का निर्देश

**गुमला/घाघरा, एजेंसी।** डीडीसी दिलेश्वर महतो ने शनिवार को घाघरा प्रखंड के आदर, नवडीहा, चुंदरी, घाघरा व चपका क्लस्टर में मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में डीडीसी महतो ने उक्त मतदान केंद्रों में न्यूनतम आवश्यक सुविधाओं को दुरुस्त करने का निर्देश। मौके पर उपस्थित बीडीओ दिनेश कुमार व सीओ आशीष कुमार मंडल को दिया। उन्होंने मतदान केंद्रों में शौचालय, बिजली, पेयजल, रैंप सहित आवासीय सुविधा की जानकारी प्राप्त की, ताकि मतदान कर्मियों को समुचित सुविधा प्राप्त हो सके। मौके पर पर्यवेक्षक सतीश कुमार, शिक्षक युसूफ अंसारी रोहित खेस सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

### आईटीडीए डायरेक्टर ने भरनो में महिला क्लस्टर

**धनबाद/भरनो, एजेंसी।** लोकसभा चुनाव को लेकर शनिवार को आईटीडीए डायरेक्टर अमरेंद्र कुमार सिन्हा भरनो पहुंचे। उन्होंने पदाधिकारियों के साथ महिला क्लस्टर, स्ट्रॉन्ग रूम और विभिन्न मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कलस्टर और मतदान केंद्रों में पानी, बिजली, शौचालय, चहारदीवारी, रैम सहित अन्य मूलभूत सुविधाओं का जायजा लिया। साथ ही पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। मौके पर बीडीओ अरुण कुमार सिंह, सीओ अविनाश कुजूर, थानेदार अरविंद कुमार, निर्वाचन कोषांग प्रभारी ओमप्रकाश गुप्ता सहित अन्य कर्मी उपस्थित थे।

### अवैध शराब के खिलाफ कार्रवाई-116 बोतल शराब जब्त

**मोहनपुर, एजेंसी।** मोहनपुर थाना क्षेत्र के बलथर मोड़ स्थित श्रीकांत यादव के किराना दुकान से पुलिस ने अवैध शराब व अन्य मादक पदार्थ गांजा, एवं सिगरेट बरामद किया है। गुप्त सूचना मिली थी कि बलथर मोड़ स्थित श्रीकांत यादव के किराना दुकान में अवैध देशी व विदेशी शराब, गांजा व सिगरेट का खरीद एवं बिक्री का कारोबार किया जा रहा है। इसके आधार पर थाना प्रभारी के नेतृत्व में शनिवार को छापेमारी की गई। छापेमारी के दौरान रॉयल चैलेंजर, रॉयल स्टेज, आठ पीएम, सिग्नेचर, ब्लेंडर्स प्राइड, स्टर्लिंग रिजर्व, इंपिरियल ब्लू, किंगफिशर, गॉडफादर व 200 ग्राम गांजा, सिगरेट इत्यादि बरामद किए गए। अवैध शराब के कारोबार में श्रीकांत यादव के विरुद्ध मोहनपुर थाना में कांड दर्ज कर उसके खिलाफ उक्त कार्रवाई की जा रही है। छापेमारी दल में शिवम प्रकाश, प्रियरंजन कुमार, राकेश कुमार, श्रवण कुमार, राम कुमार, बंशीलाल यादव, रोहित कुमार शामिल थे।

# चंपाई को हटा कल्पना बनेंगी सीएम, निशिकांत, चंपाई का जवाब- अफवाह फैला चुनाव जीतती है भाजपा

**रांची, एजेंसी।** गोड्डा के भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने आरोप लगाया कि सोरेन परिवार ने मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन को अपमानित करने का फैसला कर लिया है। सोशल मीडिया में वे एक बार फिर झामुमो और पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के खिलाफ मुखर हुए।

उन्होंने कहा कि मधु कोड़ा के बाद मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन कोल्हान के दूसरे नेता होंगे, जिन्हें सोरेन परिवार ने बेइज्जत करने का फैसला किया है। मधु कोड़ा को हटाकर गुरुजी खुद मुख्यमंत्री बने और मधु कोड़ा को जेल भेजा गया। निशिकांत ने कहा है कि अब चंपाई सोरेन को हटाकर कल्पना सोरेन को मुख्यमंत्री बनाया जाएगा।

उन्होंने दावा किया है कि सिंहभूम लोकसभा क्षेत्र के उम्मीदवार की घोषणा बिना मुख्यमंत्री की जानकारी के की गई है। इसका कारण यह है कि सिंहभूम हार का ठीकरा मुख्यमंत्री पर फोड़ा जाए। चाईबासा हार मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन को हटाने के लिए काफी है। सांसद ने दावा किया है कि उनकी सूचना के अनुसार नाराज होकर आंदोलनकारी मुख्यमंत्री अब चार दिन अपने विधानसभा क्षेत्र में ही रहेंगे।

यह घोर अनर्थ है। दुबे ने कहा है कि गो तस्करी का विरोध करने पर उनके खिलाफ मोहनपुर थाने में केस हुआ है। झारखंड हाईकोर्ट ने केस पर रोक लगा दिया है, लोकसभा की विशेषाधिकार समिति में देवघर एसपी ने कहा कि सांसद पर केस नहीं बनता है। मुझे मानसिक तौर पर प्रताड़ित और बेइज्जत करने के लिए मोहनपुर थाने ने मुझे 19 अप्रैल को पूछताछ के लिए बुलाया है। निशिकांत दुबे ने कहा कि वे पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की तरह भगोड़ा नहीं हैं, पुलिस के सामने हाजिर होंगे।




नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी ने शनिवार को चाईबासा में कहा कि 400 पार का लक्ष्य हासिल करने के लिए हमने झारखंड की 14 सीटें जीतने की तैयारी की है। सिंहभूम से भाजपा प्रत्याशी गीता कोड़ा घर-घर जाकर आशीर्वाद मांग रही हैं। लोकसभा का यह चुनाव परिवारवाद और वंशवाद की राजनीति में आखिरी कील साबित होगा।

गम्हरिया- मुख्यमंत्री सह झामुमो के केंद्रीय उपाध्यक्ष चंपाई सोरेन शनिवार को अपने तीन दिवसीय सरायकेला दौरे के क्रम में गम्हरिया पहुंचे। यहां के एक होटल में उन्होंने झामुमो के बूथ अध्यक्षों व सदस्यों से सीधा संवाद किया, उन्हें लोकसभा चुनाव में झामुमो और गठबंधन दल के प्रत्याशियों की जीत सुनिश्चित कराने का मंत्र दिया।

उन्होंने कहा कि झारखंड को जनता बताएं कि भाजपा सरकार ने राज्य का क्या विकास किया है। लोकसभा चुनाव में जनता भाजपा को किस आधार पर वोट दे। भाजपा देश में लोकतंत्र समाप्त करना चाहती है। अफवाह फैला कर चुनाव जीतती है। वह झारखंड की पहचान और अस्तित्व खत्म करना चाहती है।मुख्यमंत्री ने कार्यकर्ताओं को अपने अस्तित्व की रक्षा के लिए आगे आने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि अपनी जमीर और जमीन बचाने के लिए हर कार्यकर्ता को पूरी निष्ठा और शक्ति के साथ संगठन के लिए समर्पित होना होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि 21 अप्रैल को होनेवाली न्याय उलगुलान महारैली ऐतिहासिक होगी। इस रैली के जरिए देशवासियों को अपने देश को बचाने का एक बड़ा संदेश जाएगा।

देश से भाजपा की तानाशाही को उखाड़ फेंकने का प्रण लिया जाएगा। उन्होंने बूथ कमेटी के अध्यक्षों को एक बूथ से कम से कम सौ कार्यकर्ताओं के साथ रैली में शामिल होने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव में बूथ स्तरीय कार्यकर्ताओं की अहम भूमिका है। उनके प्रयास एवं सहयोग से ही हम सभी 14 सीटों पर निश्चय ही जीत हासिल करेंगे।

झामुमो ने न्याय उलगुलान महारैली को लेकर हर जिले में तैयारी शुरू कर दी है। कार्यकर्ताओं को टास्क दिए जा रहे हैं। साथ ही लोस चुनाव की भी तैयारी की जा रही है। इसी क्रम में शनिवार को झामुमो केंद्रीय कार्यालय (कैंप) में हजारीबाग जिले के पदाधिकारियों की बैठक पार्टी के केंद्रीय महासचिव विनोद पांडेय की अध्यक्षता मं हुई। इसमें केंद्र की भाजपा सरकार के खिलाफ 21 अप्रैल को धुर्वा के प्रभात तारा मैदान में आयोजित होने वाले उलगुलान न्याय महारैली के संबंध में रणनीति बनाई गई।

## भाजपा का लक्ष्य : 14 संसदीय क्षेत्रों के 67 विधानसभा में पार्टी को मिले लीड

**रांची, एजेंसी।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने 2024 के लोकसभा चुनाव में झारखंड के 14 संसदीय सीट के 67 विधानसभा क्षेत्रों में पार्टी को बढ़त दिलाने के लिए नई रणनीति बनाई है। 2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा 57, कांग्रेस 11, झामुमो 7 और आजसू 6 विधानसभा सीटों पर लीड में थी। इस बार भाजपा ने सहयोगी आजसू पार्टी के साथ सभी 14 सीटों पर जीत का लक्ष्य रखा है। ऐसे में उसे 10 और विधानसभा क्षेत्रों में अपने प्रतिद्वंद्वियों से अधिक वोट लाने की चुनौती है।

इससे निपटने के लिए भाजपा ने अपने सभी विधायकों और विधानसभा प्रभारियों को स्पष्ट निर्देश दे रखा है कि लोकसभा उम्मीदवारों को हर हाल में पिछले चुनाव से अधिक वोट आना चाहिए। वरीय नेताओं ने संकेत दिया है कि विधानसभा चुनाव 2024 में टिकट पाने का यही प्राथमिक आधार हो सकता है। पिछले लोकसभा चुनाव में एनडीए को कुल 82 लाख 17 हजार 72 वोट मिले थे। इस बार कुल 90.50 लाख वोट हासिल करने के लिए रणनीति बनाई जा रही है। पार्टी ने विधायकों और पदाधिकारियों को दिया निर्देश-हर हाल में पिछले चुनाव से अधिक वोट चाहिए।

भाजपा ने सभी विधायकों को यह निर्देश दिया है कि वे उम्मीदवारों के साथ समन्वय बनाकर काम करें। कहीं से शिकायत नहीं मिले कि कोई विधायक प्रत्याशी की मदद नहीं कर रहा है। प्रदेश चुनाव प्रभारी लक्ष्मीकांत बाजपेयी, प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी और प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने विधायकों के साथ हुई हर बैठक में इस बात को दोहराया है। धनबाद और चतरा में टिकट की घोषणा के बाद कई क्षेत्रों में विरोध के बाद विधायकों को संदेश दे दिया गया है कि उनका कोई भी बयान या काम ऐसा नहीं होना चाहिए, जिससे पार्टी और उम्मीदवार को नुकसान हो।

# पारा मेडिकल छात्रों को प्रतिमाह 400 रुपया देना होगा हॉस्टल भाड़ा



**धनबाद, एजेंसी।** एसएनएमएमसीएच के पारा मेडिकल छात्रों के लिए अच्छी खबर। उन्हें जल्द हॉस्टल मिलने के आसार हैं। मेडिकल कॉलेज की एकेडमिक काउंसिल की बैठक में एमबीबीएस के छात्रों के हॉस्टल शुल्क की तरह पारा मेडिकल छात्रों के हॉस्टल के एवज में भी प्रतिमाह 400 रुपया किराया निर्धारण का निर्णय लिया गया है। शनिवार को प्राचार्य डॉ ज्योति रंजन प्रसाद की अध्यक्षता में यह बैठक उनके कार्यालय कक्ष आयोजित की गई थी।

बैठक में प्राचार्य के अलावा पारा मेडिकल के नोडल ऑफिसर डॉ गणेश कुमार समेत एकेडमिक काउंसिल के लगभग सभी सदस्य शामिल थे। बैठक में पारा मेडिकल हॉस्टल के किराया निर्धारण और उसकी समस्या पर विस्तार से चर्चा हुई। इसके अलावा सुरक्षा, हॉस्टल संचालन, वहां मेस की व्यवस्था समेत अन्य मुद्दों पर भी चर्चा की गई। सदस्यों ने कहा कि राज्य के किसी मेडिकल कॉलेज में पारा मेडिकल छात्रों के लिए हॉस्टल की व्यवस्था नहीं है। न ही इसके किराए को लेकर सरकार का कोई दिशा निर्देश है। नतीजा दूसरे मेडिकल कॉलेजों के आधार पर किराया निर्धारण नहीं किया जा सकता है। काफी विमर्श के बाद निर्णय लिया गया कि धनबाद मेडिकल कॉलेज के एमबीबीएस हॉस्टल की तर्ज पर ही पारा मेडिकल हॉस्टल का किराया निर्धारित किया जाए। बाद में यदि सरकार के स्तर से कोई दिशा निर्देश आएगा तो उसके अनुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी।

बता दें कि धनबाद मेडिकल कॉलेज में पारा मेडिकल छात्र और छात्राओं के लिए अलग अलग हॉस्टल वर्ष 200 से बनकर तैयार है। चार साल से मामला बिजली और सुरक्षा में फंसा था। इसी बीच तीन अप्रैल को छात्र हॉस्टल का ताला तोड़कर उसमें घुस गए थे। प्राचार्य ने एक सप्ताह के अंदर आवंटन का आश्वासन देकर हॉस्टल खाली करवाया था। इसके बाद से मामला हॉस्टल का किराया निर्धारण में फंसा था। इसपर एकेडमिक काउंसिल की बैठक हुई और निर्णय लिया गया। अधिकारियों के अनुसार कुछ औपचारिकताओं को पूरा करने के बाद हॉस्टल आवंटन की प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी।

## चरणों में झुकने वाले भरत और हृदय से लगानेवाले राम हैं



**धनबाद, एजेंसी।** जीवन में माई और भाई को कभी ठुकराना नहीं चाहिए, एक त्रेता के भाई राम भरत हैं, जो सुई की नोक भर जमीन लेने को तैयार नहीं हैं। एक द्वापर का भाई है, जो सुई की नोक भर जमीन देने को तैयार नहीं है। दुर्भाग्य इस कलियुग के भाई का है न देता है न लेता है बल्कि खेत को परती करवा के छोड़ देता है।

त्रेता में राम भरत विपत्ति का बंटवारा करते हैं और कलियुग का भाई संपत्ति का बंटवारा करता है। भरत जी का जो चरित्र श्रवण करेगा, उसके जीवन में रामभक्ति आएगी, संसार में कीर्ति होगी। उक्त बातें काशी से पधारे निर्जानंद शास्त्री ने कहीं। वह शुक्रवार को जगजीवन नगर स्थित मानस मंदिर में आयोजित मानस महाधिवेशन में राम कथा कह रहे थे। इससे पूर्व महाधिवेशन के सातवें दिन की शुरुआत विंध्याचल से आए देवी प्रसाद पांडे ने रामचरितमानस पाठ से की। पंडित ज्योति नारायण झा के आचार्यत्व में उज्ज्वल वर्मा, मनिका कीर्ति वर्मा व चंद्रशेखर शर्मा, जया शर्मा ने कर्मकांड संपन्न कराया।

शुक्रवार को मुख्य अतिथि सीएमपीएफओ के आयुक्त विजय कुमार मिश्रा एवं सत्येंद्र कुमार पूर्व जिलाध्यक्ष भाजपा शामिल हुए। कार्यक्रम सफल बनाने में समिति के निक्कू, रुक्मिणी देवी, शारदा देवी, रेखा सिंह, नीतू चौबे, शांति देवी, किरण बाला, चंदा झा, सीमा राय, किरण सिंह, निशांत नारायण, निरंजन सिंह, विनोद दुबे का योगदान रहा।

## घाघरा में बाइक से गिर कर मां-बेटी जख्मी

**गुमला, एजेंसी।** जिले के घाघरा थाना क्षेत्र के करंजटोली के समीप बाइक से अनियंत्रित होकर गिरने से मां-बेटी गंभीर रूप से घायल हो गई। घायलों मे घाघरा नवडीहा निवासी 41 वर्षीय रविता देवी व उसकी बेटी 14 वर्षीय जूही कुमारी शामिल है। घटना शनिवार दोपहर की है। स्थानीय लोगो की मदद से दोनो घायलों को नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र घाघरा पहुंचाया गया। जहां से डॉक्टरों ने उपचार कर सदर अस्पताल रेफर कर दिया। जानकारी के अनुसार जूही अपने मां को बाइक मे बैठा कर बाजार छोड़ने जा रही थी। इसी दौरान अचानक जूही को चक्कर आ जाने से बाइक से अनियंत्रित होकर कर करंजटोली के समीप दुर्घटनाग्रस्त हो गया। सड़क पर गिरने से मां-बेटी गंभीर रूप से घायल हो गये। जूही के पैर में गंभीर चोट लगी है, और दाहिना पैर टूट गया है। वहीं उसकी मां रविता देवी के सिर मे गंभीर चोट लगी है।

**पालकोट में ऑटो की टक्कर से 50 वर्षीय ग्रामीण घायल :** जिले के पालकोट थाना क्षेत्र के बघिमा के समीप ऑटो ने पैदल चल रहे पालकोट निवासी 50 वर्षीय एतवा उरांव को जोरदार टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना शुक्रवार देर शाम की है। स्थानीय लोगो व एंबुलेस की मदद से घायल को सदर अस्पताल पहुंचाया गया। जानकारी के अनुसार एतवा सरहुल माने गुरूवार को बघिमा आया था। शुक्रवार को बघिमा से अपने एक रिश्तेदार के घर मलई पैदल जा रहा था। इसी दौरान ऑटो ने टक्कर मार मौके से फरार हो गया।

## बच्चों में हुए झगड़े में महिला की मौत, डेढ़ लाख रुपए में मर्डर को दबाने की कोशिश

**रांची, एजेंसी।** नल तोड़ने को लेकर बच्चों से शुरू हुए विवाद में एक महिला की हत्या की गई है। हालांकि महिला की हत्या दो दिन पूर्व 11 अप्रैल की रात को हुई है परंतु मामले को कुछ लोग दबाने की फिराक में थे। इस बीच मृतका के गुजरात के सूरत में रहे रहे बेटों ने शनिवार सुबह पचंबा पुलिस को पूरे मामले से अवगत कराया। इसके बाद पचंबा पुलिस हरकत में आयी और शव को कब्जे में ले लिया।

यह मामला पचंबा थाना क्षेत्र के रानीखावा गांव का है। मृतका 62 वर्षीया कुंती देवी पति पूरन मंडल है। हत्या का आरोप देवर रमेश मंडल व गोतनी सुमित्रा देवी पर लगा है। पुलिस ने दोनों आरोपी पति-पत्नी को हिरासत में ले लिया है। हालांकि अभी पुलिस इसकी पुष्टी नहीं कर रही है। पुलिस पूरे मामले की तफ्तीश में जुटी हुई है।



**डेढ़ लाख में हो गया था सौदा तय :** बताया जाता है कि इस मामले को दबाने का हर संभव प्रयास किया गया। स्थानीय मुखिया मोहन मंडल पर भी इस मामले में अंगुली उठाई गई है। सूत्रों का कहना है कि डेढ़ लाख रुपये में मामले का सौदा तय कर दिया गया था। हालांकि कुंती के सूरत में रह रहे पुत्र हीरालाल मंडल एवं बीरेंद्र मंडल ने किसी की नहीं चलने दी और सूरत से ही पुलिस को पूरे मामले से अवगत करा दिया। इधर कुछ लोगों का यह भी कहना है कि महिला की मौत हृदय गति रूकने से हुई है।पचंबा थाना प्रभारी नरेंद्र यादव ने बताया, मामले की तफ्तीश की जा रही है। शव का पोस्टमार्टम कराया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत के कारणों का खुलासा हो सकेगा। डेढ़ लाख रुपये में मामले को सलटाने के बिंदू पर भी जांच की जा रही है।

**क्या है मामला :** बताया जाता है कि हत्या का कारण घर में लगा एक नल है। दोनों परिवार के बच्चे नल तोड़ने को लेकर आपस में झगड़ गये। कुंती के पोते पर नल तोड़ने का आरोप लगाया जा रहा था। बच्चों के बीच झगड़ा होते देख कुंती निकली और अपने पोते को डांटकर घर के अंदर जाने को कहीं और दूसरे बच्चे को भी डांटी। यह उसके गोतनी सुनीता देवी को नागवार लगा और वह घर से बाहर निकली तथा झगड़ा शुरू कर दिया। इसके बाद दोनों के बीच जमकर विवाद हुआ।

# झारखंड में फिर बदलेगा मौसम का मिजाज, गर्मी के बाद अब बारिश की भविष्यवाणी

**रांची, एजेंसी।** झारखंड में मौसम एक बार फिर यू टर्न लेने जा रहा है। मौसम विभाग के मुताबिक, रांची समेत राज्य के दक्षिणी और मध्य भाग में कहीं-कहीं बारिश होगी। खासकर रांची से सटे सिमडेगा, खूंटी, रामगढ़, बोकारो, धनबाद, हजारीबाग जिलों में मौसम में तात्कालिक बदलाव होने से बारिश हो सकती है।

**बारिश से मिलेगी राहत :** बारिश के चलते राज्य में बढ़ रही गर्मी से कुछ राहत की उम्मीद है, लेकिन इसके बाद मौसम साफ होगा और अधिकतम तापमान में अगले चार से पांच दिनों के दौरान चार डिग्री तक वृद्धि हो सकती है। राज्य में पिछले 24 घंटों के दौरान कुछ जिलों में अच्छी बारिश हुई। सबसे अधिक बारिश गिरिडीह में हुई। यहां पालगंज में 42.0 मिमी बारिश हुई।

**उत्तर भारत में कैसा मौसम :** गौरतलब है कि उत्तर भारत में दिनोंदिन गर्मी बढ़ती ही जा रहा है। हालांकि मौसम विभाग ने आज और कल (14, 15 अप्रैल) बारिश की भविष्यवाणी की है। 13 अप्रैल को भी कई हिस्सों में बारिश आई जिससे तापमान में गिरावट दर्ज की गई है। कहीं-कहीं तेज रफ्तार में हवाएं भी चल सकती हैं।

**दिल्ली-एनसीआर का क्या हाल :** दिल्ली-एनसीआर के कई हिस्सों में शनिवार शाम को बारिश होने और तेज हवाएं चलने से लोगों को गर्मी से राहत मिली। मौसम विभाग ने बारिश के लिए



उत्तर-पश्चिम भारत में सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ को जिम्मेदार ठहराया है। मौसम विभाग ने दिल्ली में रविवार को तेज हवाओं के साथ हल्की बारिश होने का अनुमान जताया है। अधिकारियों ने बताया कि खराब मौसम के कारण अपराह्न तीन बजे से शाम 6:30 बजे के बीच दिल्ली आने वाली 22 उड़ानों का मार्ग परिवर्तित किया गया।

मौसम विभाग ने कहा कि राष्ट्रीय राजधानी में शनिवार को अधिकतम तापमान 39 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो इस मौसम के औसत तापमान से तीन डिग्री अधिक है। क्षेत्रीय मौसम पूर्वानुमान केंद्र के वैज्ञानिक एवं प्रमुख कुलदीप श्रीवास्तव ने कहा, उत्तर-पश्चिम भारत में 12 अप्रैल को आए सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ के कारण आकाश में बादल छाए रहेंगे और 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलेंगी, जिससे राजधानी में तापमान लगभग 33 प्रतिशत तक गिर जाएगा। पश्चिमी विक्षोभ का असर 18-19 अप्रैल तक रहेगा। तब तक तापमान 40 डिग्री सेल्सियस तक नहीं पहुंचेगा। उन्होंने कहा कि 18 अप्रैल के बाद तापमान दिन-प्रतिदिन बढ़ना शुरू हो जाएगा।

## बाल विवाह की रोकथाम को लेकर कार्यशाला आयोजित

**हजारीबाग/इचाक, एजेंसी।** बाल विवाह के रोकथाम को लेकर दरिया पंचायत भवन में गर्ल्स नोट ब्राइड्स और आशा संस्था ने कार्यशाला का आयोजन किया। बाल विवाह के कारण किशोरियों को शिक्षा से वंचित रहना, नेतृत्व क्षमता वृदि पर रोक, आत्म निर्भर की दिशा में बाधा, कम उम्र में बच्चे की जिम्मेवारी, उनके स्वास्थ्य सम्बन्धी समस्या को झेलना, यौन एवं प्रजनन स्वास्थ्य और अधिकार से वंचित रहना पड़ता है। जिसका नतीजा लड़की के माता-पिता को भी जीवन भर भुगतना पड़ता है।

लड़कियां आत्मनिर्भर बनेंगी तो युवा पुरुष पर दबाव नहीं बनेगा और पुरुष मानसिक रूप से स्वस्थ रहेगा। जिसका परिणाम आगे पीढ़ी को भी स्वस्थ और आत्मनिर्भर सामज के रूप में मिलेगा। जीवन खुशहाल रहेगा। ये बातें गर्ल्स नोट ब्राइड्स से जुड़े रवि कुमार ने कार्यशाला में कही। आशा संस्था की ज्योत्स्ना वर्मा ने बताया कि झारखण्ड के सभी जिलों में हमलोग जिला स्तरीय बाल विवाह और जबरन शादी के खिलाफ जागरूकता अभियान चला रहें है।महिला मुक्ति संस्था की लीला कुमारी ने कहा कि शिक्षा को बढ़ावा देने और लड़कियों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए सरकार की कई योजना संचालित हैं। जिसकी सहायता से युवतियों को आगे निकलना चाहिए।

## संक्षिप्त समाचार

### आरबीएस मेट्रो स्टेशन पर मिला पहला ब्रेकथ्रू

**आगरा , एजेंसी।** आगरा मेट्रो ट्रेन के पहले कॉरिडोर की आरबीएस कॉलेज भूमिगत स्टेशन के लिए एक ओर की सुरंग की खुदाई पूरी हो गई है। दूसरी ओर की सुरंग की खुदाई चल रही है। आगरा कॉलेज से मनःकामेश्वर मंदिर स्टेशन तक की सुरंग के लिए एक टीबीएम लॉन्च कर दी है।

उत्तर प्रदेश मेट्रो रेल कारपोरेशन के उप महाप्रबंधक पंचानन मिश्रा ने बताया कि आरबीएस मेट्रो स्टेशन के लिए पहला ब्रेकथ्रू मिला है। अभी तीन टीबीएम से सुरंग की खुदाई चल रही है। पहली दो टीबीएम आरबीएस रैंप एरिया में स्थित लांचिंग शॉफ्ट से अप एंड डाउन लाइन में लॉन्च की है। दोनों टीबीएम आरबीएस रैंप एरिया से आगरा कॉलेज मेट्रो स्टेशन तक निर्माण करेंगी। दरअसल, पहला कॉरिडोर ताज पूर्वी से सिकंदरा तक है। इसमें ताज पूर्वी से मनःकामेश्वर मेट्रो स्टेशन तक मेट्रो ट्रेन चल रही है। एसएन मेडिकल कॉलेज, आगरा कॉलेज, राजा की मंडी और आरबीएस भूमिगत हैं और बाकी के आईएसबीटी, गुरु का ताल और सिकंदरा एलिवेटेड स्टेशन हैं।

### मुंबई से हीरे लेकर फरार आरोपी सात साल बाद गोरखपुर से पकड़ा गया

**गोरखपुर, एजेंसी।** मुंबई से हीरे लेकर फरार वांछित आरोपी सात साल बाद राजघाट थाना क्षेत्र से पकड़ा गया। राजघाट पुलिस, साइबर थाना और सर्विलांस टीम की मदद से मुंबई की क्राइम ब्रांच पुलिस ने गीता प्रेस स्थित एक दुकान से आरोपी भोला प्रसाद (60) को गिरफ्तार किया और विमान से शुक्रवार को मुंबई लेकर चली गई। पुलिस ने बताया कि वर्ष 2017 में हीरा व्यापारी को धोखा देने के आरोप में मुंबई के बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स थाने में भोला प्रसाद पर धोखाड़ी समेत विभिन्न धाराओं में केस दर्ज किया गया था। भोला प्रसाद ने बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स क्षेत्र के ही एक हीरा व्यापारी से 26.91 लाख रुपये के हीरे लेकर फरार हो गया था। पुलिस ने बताया कि आरोपी भोला प्रसाद वर्ष 2003 से ही मुंबई में रह रहा है। यहां पर वह एक किराये की दुकान लेकर उसमें हीरे का ही छोटा मोटा व्यापार करता था। इसलिए हीरा व्यापारियों को उसपर विश्वास था और उसे 26.91 लाख के हीरे उधार में मिल गए। जिसके बाद भोला प्रसाद की नियत खराब हुई और वह फरार होकर गोरखपुर बस गया। पुलिस ने बताया कि मुंबई से भागने के बाद भोला प्रसाद राजघाट के घंटाघर इलाके में किराये के घर में रह रहा था। यहां उसके साथ पत्नी और एक बेटा मनीष रहता है। कोरोना काल में इसके एक बेटे की मौत हो गई थी। रेतीचौक पर स्थित महालक्ष्मी टेक्सटाइल्स ट्रेडर्स दुकान पर वह गोरखपुर आने के बाद से ही काम कर रहा था। जबकिउसका बेटा मनीष भी एक दुकान पर हेल्पर का काम करता है। पुलिस ने भोला प्रसाद को शुक्रवार को दुकान से ही गिरफ्तार किया है। बीकेसी पुलिस ने इस केस में कई साल पहले ही फाइनल रिपोर्ट (एफआर) लगा दिया था। वादी द्वारा कोर्ट से दोबारा जांच का आदेश कराया गया। इसके बाद पुलिस ने जांच शुरू की तो भोला प्रसाद की लोकेशन गोरखपुर मिली। जिसके बाद मुंबई पुलिस ने गोरखपुर पुलिस से मदद मांगी।

### 15 मुकदमों का आरोपी मुठभेड़ में गिरफ्तार

**साहिबाबाद।** दिल्ली और गाजियाबाद के अलग-अलग थानों में दर्ज 15 मुकदमों का आरोपी राजेंद्र नगर करन गेट के पास मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया गया। शुक्रवार रात शालीमार गार्डन थाना पुलिस ने बदमाश फैसल उर्फ मेंटल के पैर में गोली मारकर उसे गिरफ्तार किया है। घायल बदमाश को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। एसीपी शालीमार गार्डन सिद्धार्थ गौतम ने बताया कि पुलिस टीम राजेंद्र नगर सेक्टर 3 में चेकिंग कर रही थी। तभी एक बाइक पर आ रहे 2 संदिग्धों को रुकने का इशारा किया। पुलिस को देखकर बाइक सवार भागने लगे। पुलिस ने पीछा किया तो बाइक सवार ने पुलिस पर फायरिंग कर दी। पुलिसकर्मियों ने जवाबी कार्रवाई करते हुए फायरिंग कर दी। पुलिस की गोली बाइक सवार फैसल उर्फ मेंटल निवासी शहीद नगर के पैर में लगी। इसके बाद पुलिस ने उसे गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से दिल्ली से चोरी की बाइक, तमंचा और कारतूस बरामद किया। एसीपी ने बताया कि फैसल पर दिल्ली और गाजियाबाद के अलग-अलग थानों में लूट समेत अन्य धारा में करीब 15 मुकदमे दर्ज हैं।

# अखिलेश के खिलाफ खुलकर उतरे स्वामी प्रसाद

## कुशीनगर में खुद ताल ठोंकी, नगीना में आजाद के साथ



**लखनऊ , एजेंसी।** पूर्व कैबिनेट मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य सपा के खिलाफ खुलकर उतर गए हैं। नगीना में उन्होंने इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी के बजाय आजाद समाज पार्टी के प्रत्याशी चंद्रशेखर को जिताने की अपील की है। जबकि, कुशीनगर से खुद पहले ही ताल ठोंक चुके हैं। स्वामी प्रसाद मौर्य के नजदीकी सूत्र बताते हैं कि सीटों पर बात न बनने पर यह स्थिति पैदा हुई है।

फरवरी में राज्यसभा चुनाव के लिए प्रत्याशियों के चयन में पीडीए की उपेक्षा का आरोप लगाते हुए स्वामी प्रसाद मौर्य ने बगावती तेवर अपना लिए। उन्होंने सपा और विधान परिषद की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया। अपनी राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी भी बना ली। साथ ही इंडिया गठबंधन को मजबूत करने का एलान भी किया।

इसके बाद कांग्रेस के यूपी प्रभारी अविनाश पांडे ने स्वामी प्रसाद से लखनऊ में उनके घर जाकर मुलाकात की तो स्वामी प्रसाद के इंडिया गठबंधन में आने की चर्चाएं तेज हो गईं। राजनीतिक सूत्रों के मुताबिक, इसी बीच स्वामी प्रसाद मौर्य ने अखिलेश यादव से संपर्क करके कुशीनगर समेत तीन सीटें मांगी। अखिलेश के भी तेवर नरम हुए और उन्होंने मीडिया से बातचीत में यहां तक कहा कि स्वामी प्रसाद मौर्य सपा छोड़कर कब गए। उनका इस्तीफा कभी उनके सामने नहीं आया। हो सकता है कि सपा की कोई कमेटी उस मामले को देख रही है।

बताते हैं कि बातचीत का यह सिलसिला शुरू होने में कांग्रेस नेताओं की अहम भूमिका रही। उन्होंने सपा नेतृत्व को समझाने का प्रयास किया कि स्वामी प्रसाद मौर्य कुशीनगर में मजबूती से चुनाव लड़ेंगे। सूत्रों के मुताबिक, एक प्रस्ताव यह भी आया कि एक अन्य सीट के स्थान पर कुशीनगर सीट इंडिया गठबंधन के तहत कांग्रेस को दे दी जाए। कांग्रेस स्वामी प्रसाद मौर्य को अपने चुनाव चिह्न पर लड़ाने पर सहमत भी हो गई थी। लेकिन, सपा नेतृत्व इनमें से किसी भी प्रस्ताव पर तैयार नहीं हुआ।

सपा ने शुक्रवार को कुशीनगर में अपना प्रत्याशी भी उतार दिया। इस पर स्वामी प्रसाद मौर्य ने जहां खुद कुशीनगर से चुनाव लड़ने का अपना फैसला बरकरार रखा है, वहीं नगीना सीट पर भी सपा प्रत्याशी के बजाय चंद्रशेखर को समर्थन देकर अपने इरादे स्पष्ट कर दिए हैं।

### तीन सीटों की सूची दी, एक भी नहीं छोड़ी -स्वामी प्रसाद मौर्य

मैंने सपा अध्यक्ष से बात करके दो-तीन सीटें मांगी थीं, लेकिन इन्हीं में से एक कुशीनगर सीट भी मेरे लिए नहीं दी गई। सही बात तो यह है कि कुशीनगर में सपा के फैसले से भाजपा को वॉकओवर मिल गया है। मैं इंडिया गठबंधन के खिलाफ अभी भी नहीं हूं, जहां गैर भाजपा के दूसरे प्रत्याशी मजबूत हैं, वहां उन्हें समर्थन दे रहा हूं। अगर बसपा का प्रत्याशी मजबूत है, तो उसे भी समर्थन दिया जाएगा।

## किशनपुर-बराल में हाईवे पर घायल पड़ा मिला तेंदुआ, रेस्क्यू करने में जुटी वन विभाग की टीम

**बागपत , एजेंसी।** उत्तर प्रदेश के बड़ौत में किशनपुर बराल गांव में दिल्ली-सहारनपुर हाईवे पर एक तेंदुआ घायल हालत में पड़ा मिला। सूचना पर वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची। उधर घायल तेंदुए को देखने के लिए काफी संख्या में ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। जिन्हें हटाने के लिए रमाला पुलिस को मौके पर बुलाया गया। फिलहाल वन विभाग की टीम तेंदुएं को पकड़ने में जुटी है। बताया जा रहा है कि किशनपुर बिराल गांव में रविवार की तड़के एक तेंदुआ हाईवे को पार कर रहा था। इसी दौरान एक कार ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। जिससे तेंदुआ घायल हो गया। टक्कर मारने के बाद कार चालक से भाग निकला। इस दौरान खेत में जा रहे किसानों को हाईवे पर तेंदुआ पड़ा मिला तो क्षेत्र में दहशत फैल गई। इसकी सूचना वन विभाग की टीम को दी गई।

सूचना पर वन क्षेत्र अधिकारी सुनेद्र सिंह, वनरक्षक संजय कुमार, वन रक्षक मोहित, वन कर्मियों में विकास व मनोज सहित अन्य कर्मचारी मौके पर पहुंचे और तेंदुए को रेस्क्यू करने में जुट गए, लेकिन सूचना मिलने पर काफी संख्या में ग्रामीण वहां पर तेंदुए को देखने पहुंच गए। बार-बार समझाने के बाद भी जब ग्रामीण नहीं माने तो, इसकी सूचना का रमाला पुलिस को दी गई। इसके बाद रमाला पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद लोगों को वहां से हटवाया। फिलहाल वन विभाग की टीम तेंदुए को पकड़ने में जुटी हुई है।

## योगी ने अर्पित की पुष्पांजलि, बोले- लोकतांत्रिक मूल्यों के लिए समर्पित रहा आंबेडकर का पूरा जीवन



**लखनऊ , एजेंसी।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आंबेडकर जयंती के अवसर पर लखनऊ के हजरतगंज स्थित संविधान निर्माता डॉ. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि एक भारत, श्रेष्ठ भारत, सर्वसमावेशी भारत की श्रेष्ठतम अभिव्यक्ति भारतीय संविधान के शिल्पकार भारत रत्न बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती पर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि। उत्कृष्ट लोकतांत्रिक मूल्यों से दीप्त व अंत्योदय को समर्पित रहा उनका पूरा जीवन सभी के लिए प्रेरणा है। इस अवसर पर उनके साथ उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, मेयर सुषमा खर्कवाल और यूपी सरकार के मंत्री असीम अरुण मौजूद रहे।

### सपा नेता ने दौड़ाई कार, चार लोगों को मारी टक्कर

**आगरा , एजेंसी।** आगरा के वजीरपुरा रोड पर शनिवार की दोपहर एक सपा नेता की कार बेकाबू हो गई। कार ने चार लोगों को घायल कर दिया। लोगों ने कार चालक को घेर लिया। पुलिस उसे बचाकर थाने ले गई। थाने में सपा नेता ने सभी का इलाज करने का वादा कर समझौता कर लिया। समाजवादी पार्टी अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रदेश स्तरीय नेता शुक्रवार दोपहर करीब 12 बजे अपनी कार से पालीवाल पार्क से वजीरपुरा रोड की ओर जा रहे थे। लोगों ने बताया कि तेज रफ्तार कार अचानक अनियंत्रित हो गई। पहले छोटेलाल नामक राहगीर को चपेट में लिया। वह कई मीटर तक घिसट गया। इसके बाद आइसक्रीम की ठेल वाले को टक्कर मारती हुई, जीवनी मंडी के पीयूष अग्रवाल व उनकी बच्ची को टक्कर मारती हुई आगे निकल गई। इसके बाद सोनिया की स्कूटी में भी टक्कर मार दी। इससे सड़क पर भगदड़ मच गई। लोगों ने कार वाले घेर लिया। हादसे में पीयूष, उनकी बेटी समेत तीन लोगों को चोटें आईं। सूचना पर पहुंची पुलिस ने कार चालक सपा नेता को हिरासत में ले लिया। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि हादसे के मामले में समझौता हो गया। कार चालक ने पुलिस को बताया कि कार चलाते वक्त रक्तचाप बढ़ने से तबीयत बिगड़ गई थी।

## रायबरेली लोकसभा: प्रत्याशी तय नहीं लेकिन जीत का खाका बुनने की तैयारियां शुरू



**रायबरेली, एजेंसी।** राजनीति के गढ़ रायबरेली में कुछ तो बदल रहा है। मौन कांग्रेस के बोल फूट रहे हैं। शांत कार्यकर्ता भी सक्रिय हैं। भुएमऊ गेस्ट हाउस की भी रंगाई हो रही है। मतलब...साफ है। गांधी परिवार से ही कोई आने वाला है।

रणनीतिकारों के मुताबिक लोकसभा चुनाव का वार रूम भुएमऊ गेस्ट हाउस ही होगा। यहीं से रायबरेली, अमेठी व प्रयागराज की चुनावी गतिविधियां संचालित होंगी। मुख्य आईटी सेल भी मोर्चा संभालेगा। एक तरह से भुएमऊ गेस्ट हाउस प्रदेश में कांग्रेस का चुनावी हेडक्वार्टर बनने के लिए तैयार हो रहा है।

रायबरेली लोकसभा सीट से अभी कांग्रेस ने प्रत्याशी की घोषणा नहीं की है, लेकिन प्रियंका गांधी के मैदान में उतरने की संभावना जताई जा रही है। यही कारण है कि इन दिनों गांधी परिवार के भुएमऊ गेस्ट हाउस में हलचल बढ़ गई है। वहां सफाई हो रही है। आसपास के मार्गों को भी सही कराया जा रहा है। यह गेस्ट हाउस न केवल गांधी परिवार का रायबरेली में घर है, बल्कि रणनीति का केंद्र भी है। सोनिया गांधी लोकसभा चुनाव मैदान में जब भी उतरीं तो भुएमऊ गेस्ट हाउस को चकाचक किया गया। अब फिर से वहां रंगत दिख रही है।

**सोशल मीडिया एक्सपर्ट का लिया जाएगा साथ:** भुएमऊ गेस्ट हाउस को कांग्रेस के रणनीतिकार मीडिया वॉर रूम बनाने की तैयारी में हैं। सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसरों पर भी नजर रहेगी।

कांग्रेस की नीतियों का समर्थन करने और कांग्रेस के लिए पोस्ट अपलोड करने वालों को भी जोड़ा जाएगा। दिल्ली, राजस्थान व गुजरात के आईटी एक्सपर्ट भी जल्द ही रायबरेली में कांग्रेस के वॉर रूम में होंगे।

**तेलंगाना सोशल मीडिया मॉडल पर होगा काम:** कांग्रेस ने अभी हाल ही में तेलंगाना में सरकार बनाकर सभी को चौंका दिया। इसमें कांग्रेस का आईटी और मीडिया प्रबंधन अहम रहा है। तेलंगाना में युवा मतदाताओं पर फोकस किया गया था। प्रियंका गांधी ही स्टार प्रचारक रही थीं। ऐसे में जब रायबरेली में प्रियंका का नाम चल रहा है तो मीडिया सेल और आईटी वार रूम में तेलंगाना का सोशल मीडिया मॉडल भी नजर आएगा।

## अयोध्या: यात्री ना मिलने से रामनगरी से चार शहरों की उड़ानें हुईं ठप, जयपुर, पटना सहित बड़े शहर शामिल




**अयोध्या , एजेंसी।** महर्षि वाल्मीकि एयरपोर्ट से बीते एक माह में चार शहरों की सीधी विमान सेवाएं ठप हो गई हैं। इनमें कुछ ऐसी भी फ्लाइट हैं, जो शुरू होने के बाद एक सप्ताह भी सही से नहीं चलीं।

ऐसे में अब कनेक्टिंग फ्लाइट के सहारे यात्रियों को हवाई सफर करना पड़ रहा है। इसके चलते किराये पर भी असर देखने को मिल रहा है। इन विमान सेवाओं के ठप होने की वजह यात्रियों की कमी बताई जा रही है।

नौ फरवरी को रामनगरी से स्पाइसजेट ने जयपुर, दरभंगा और पटना समेत छह शहरों की सीधी विमान सेवाएं शुरू की थीं। 30 दिसंबर को एयरपोर्ट के लोकार्पण के बाद एक ही माह में एक साथ कई शहरों की फ्लाइट शुरू होने से रामनगरी की एयर कनेक्टिविटी खासा बेहतर हो गई थी। धीरे-धीरे यात्रियों की कमी ने एयरलाइन कंपनी को विमान सेवाएं ठप करने पर मजबूर कर दिया।

यही हाल देहरादून की फ्लाइट का भी हुआ। छह मार्च को देहरादून एयरपोर्ट से सीएम पुष्कर सिंह धामी ने हरी झंडी दिखाकर अयोध्या के लिए एलायंस एयर का विमान रवाना किया था। ये फ्लाइट सोमवार, बुधवार और शुक्रवार को अयोध्या आनी थी, लेकिन शुरुआती एक सप्ताह के बाद ये विमान सेवा ठप हो गई।

## क्षय रोग अस्पताल में टीबी की दवा खत्म, सात हजार मरीजों पर संकट, बाहर से लिखी जा रहीं महंगी दवाएं

**प्रयागराज, एजेंसी।** क्षय रोगियों की जान कई दिनों से मुश्किल में है। वजह है जिले के अस्पतालों में टीबी की दवाओं का खत्म हो जाना। खरीद न हो पाने से पिछले 12 दिन से टीबी की दवा मरीजों को नहीं मिल पा रही है। अस्पतालों में बाहर से लिखी जाने वाली दवाएं क्षय रोगियों की जेब पर भारी पड़ रही है। मोहम्मदपुर सराय अली मऊआइमा की प्रीति मौर्या पिछले तीन दिन से दवा के लिए क्षय रोग अस्पताल का चक्कर काट रही हैं। शुक्रवार को उन्होंने अस्पताल के एसआईसी डॉ.शैलेश द्विवेदी को दिखाया था।

एक्सरे, ब्लड और बलगम की जांच लिखी गई। प्रीति बताती हैं कि तब चिकित्सक ने उनको 21 सौ रुपये की दवा बाहर से खरीदकर लाने के लिए पर्ची बना दी। प्रीति के साथ आए उसके भाई पीयूष मौर्या ने बताया कि बाहर मेडिकल स्टोर पर पर्चा लेकर वह पहुंचा तो दवा की कीमत चुकाने भर के पैसे उसके पास नहीं थे। स्टोर संचालक से यूपीआई के जरिये रकम मंगाने का आग्रह किया, लेकिन उसने बार कोड देने से इन्कार कर दिया। शनिवार को भी दोनों भाई-बहन जांच और दवा के लिए अस्पताल परिसर में भटकते रहे। इसी तरह चकिया के सुनील की टीबी की दवा मोती लाल नेहरू मंडलीय अस्पताल (कॉल्विन) में चल रही थी। हालत बिगड़ने पर उसकी बहन रोमा, पत्नी सोना उसे लेकर शनिवार को क्षय रोग अस्पताल पहुंचीं। वहां दवा के लिए उससे छह सौ रुपये लिए गए।

रोमा ने बताया कि कॉल्विन में हमेशा उसे मुफ्त में ही दवा मिलती रही है, लेकिन यहां बाहर से खरीदनी पड़ी। इसी तरह रानीमंडी के हनी सिंह को खून की उल्टी हो रही है। हनी की मां शीला के मुताबिक उसे दो दिन की ही दवा पैसे से मिली है। एक्सरे भी बाहर से ही कराना पड़ा। हनी, प्रीति और सुनील की तरह इन दिनों सैकड़ों मरीज दवा के लिए भटक रहे हैं। उधर, टीबी अस्पताल के प्रमुख चिकित्सा अधीक्षक डॉ.शैलेश द्विवेदी का कहना है कि मरीजों को बाहर से दवा खरीदने के लिए मजबूर नहीं किया जा रहा है। ऐसी शिकायत मिलेगी तो जांच कराई जाएगी।

उन्होंने खुद पर बाहर से दवा लिखने के लग रहे आरोपों को गलत बताया। जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ.एके तिवारी के मुताबिक दिल्ली से दवा नहीं आ रही है। लखनऊ केंद्र को टीबी की दवा खरीदने के लिए कहा गया था, लेकिन फिर कहा गया कि जिले से ही दवा की खरीद करा ली जाए। ऐसे में दवा खरीदी ही नहीं जा सकी और किल्लत पैदा हो गई। इस कमी को दूर करने की दिशा में पहल शुरू कर दी गई है।

जल्द स्थिति सामान्य हो जाएगी। आंकड़ों के मुताबिक जिले में मौजूदा समय सात हजार टीबी मरीज पंजीकृत हैं। इन मरीजों को मुफ्त दवा दिए जाने की व्यवस्था है, ज्यादातर मरीजों को दवा बाहर से खरीदनी पड़ रही है। सरकारी केंद्रों पर टीबी की दवा न मिलने से मरीजों की जान संकट में पड़ गई है।

## भाजपा नेता सुनील बंसल ने बताए जीत के पांच मंत्र, कहा- फर्स्ट टाइम वोटर पर करें फोकस




**वाराणसी , एजेंसी।** रोहनिया स्थित भाजपा के क्षेत्रीय कार्यालय पर शनिवार को वाराणसी लोकसभा क्षेत्र के विस्तारकों की कार्यशाला हुई। राष्ट्रीय महामंत्री सुनील बंसल ने जीत के पांच मंत्र बताए। कहा कि बस इन्हीं पर अमल कर लें। युवाओं से कहा कि आधे दिन खुद के लिए और आधे दिन संगठन के लिए काम करें। सुनील बंसल ने कहा कि मतदान में सिर्फ 50 दिन ही बचे हैं। फर्स्ट टाइम वोटर पर फोकस करें। पहला काम करें कि फर्स्ट टाइम वोटर के लिए अगले 10 दिनों के अंदर वाराणसी लोकसभा क्षेत्र की सभी 340 शक्ति केंद्रों पर नमो युवा चौपाल का आयोजन करें। प्रत्येक नमो युवा चौपाल में 100 से अधिक संख्या होनी चाहिए। दूसरा, वाराणसी लोकसभा क्षेत्र में 1909 बूथ है। प्रत्येक बूथ पर 10 युवाओं की सूची बनानी है। इस सूची में शामिल सभी दस सदस्य फर्स्ट टाइम वोटर होने चाहिए।

कहा कि सूची में नाम के साथ साथ मोबाइल नंबर भी होना चाहिए। इनके साथ 21 मंडलों में मंडल के अनुसार नव मतदाता सम्मेलन करें। तीसरा, वाराणसी लोकसभा क्षेत्र की पांचों विधानसभाओं में युवाओं के पांच बड़े कार्यक्रम कराने है जिसमें पदयात्रा, बाइक रैली, सम्मेलन, सेमिनार, सभा आदि प्रमुख हैं। यह सभी युवा प्रधानमंत्री की नामांकन रैली में प्रधानमंत्री का स्वागत करेंगे। चौथा, इन युवाओं की सौ टीमें बनाकर जनसंपर्क शुरू कर दें। पांचवा, प्रतिभावान युवाओं से विशेष संपर्क कर उन्हें संगठन से जोड़ना है। इस मौके पर क्षेत्रीय अध्यक्ष दिलीप पटेल, क्षेत्रीय महामंत्री आशुतोष पाल, क्षेत्रीय अध्यक्ष युवा मोर्चा शैलेंद्र मौर्या, राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार गिरीश चंद्र यादव, क्षेत्रीय मीडिया प्रभारी नवरतन राठी समेत अन्य मौजूद रहे।

**20 अप्रैल तक हर हाल में मतदान पर्ची का वितरण:** भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री सुनील बंसल ने विधानसभा चुनाव प्रबंधन समिति की बैठक की और कहा कि 20 अप्रैल तक मतदान पर्ची का वितरण कर दें। राष्ट्रीय महामंत्री ने कहा कि आपस में समन्वय स्थापित कर काम करें। हर विधानसभा स्तर पर प्रबंध समिति की हर तीन दिन में बैठकें होनी हैं। अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, महिला, युवा, पिछड़ा सम्मेलन समेत सभी अभियानों का अच्छे ढंग से योजना बनाकर आगे बढ़ाएं। हर बूथ पर मतदान का प्रतिशत कैसे बढ़े इसकी योजना बनाकर कार्य करें। हर बूथ से ऐसे पांच कार्यकर्ताओं के नाम तैयार करें जो सोशल मीडिया सबसे अधिक सक्रिय हैं।

### 30 फीसदी आबादी को नहीं मिल रहा साफ पानी

**साहिबाबाद , एजेंसी।** गर्मी बढ़ने के साथ पीने से लेकर रोजमर्रा काम के लिए पानी की मांग बढ़ गई है। जनपद की करीब 30 फीसदी आबादी को साफ और पर्याप्त पानी नहीं मिल पा रहा है। कहीं गंदे पानी तो कहीं कम समय के लिए पानी की आपूर्ति होने से लोगों की समस्या बढ़ती जा रही है। लोग बाजार से बोतलबंद पानी खरीदकर पीने को मजबूर हैं। शहर के ऐसे कई वार्ड हैं, जहां जरूरत से कम और गंदे पानी की आपूर्ति हो रही है। इसकी बड़ी वजह जर्जर व पुरानी पाइपलाइन है। पुरानी पाइपलाइन होने की वजह से जगह-जगह से रिसाव हो रहा है, जिससे लोगों को घरों में गंदा पानी पहुंच रहा है। टीएचए की 30 से अधिक छोटी-बड़ी कॉलोनियों में रहने वाली लाखों की आबादी को दोनों समय पानी नहीं मिल रहा है। मोहननगर जोन की छह लाख की आबादी को 75 एमएलडी पानी की जरूरत है जबकि नगर निगम केवल 35-40 एमएलडी पानी की आपूर्ति कर रहा है। खोड़ा के लोग कई साल से गंगाजल की मांग कर रहे हैं। सात लाख की आबादी को केवल पांच एमएलडी गंगाजल की आपूर्ति की जा रही है। जीडीए के तुलसी निकेतन कॉलोनी और इंद्रप्रस्थ योजना में आए दिन नलकूप और पाइपलाइन में रिसाव की समस्या बनी रहती है। एक बार नलकूप फूंक जाने पर स्थानीय निवासियों को तीन से चार दिन का इंतजार करना पड़ता है। शहर के 1000 से अधिक घरों में रोजाना गंदा पानी पहुंच रहा है। बुधवार को शालीमार गार्डन मेन में गंदे पानी की आपूर्ति हुई।

## संक्षिप्त समाचार

### मणिपुर में फिर हुई गोलीबारी, दो की मौत; मृतकों की अभी तक नहीं हुई पहचान

**इंफाल।** मणिपुर में शनिवार को फिर गोलीबारी हुई है। राज्य के इंफाल पूर्वी जिले में शनिवार को दो सशस्त्र समूहों के बीच हुई गोलीबारी में दो लोगों की मौत हो गई है। मृतकों की अभी तक पहचान नहीं हो पाई है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि गोलीबारी कांगपोकपी जिले की सीमा के करीब हुई। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए राज्य और केंद्रीय पुलिस बल को क्षेत्र में भेजा गया है। अतिरिक्त सुरक्षा बल को तैनात कर दिया गया है। इलाकों में सुरक्षा बलों के पहुंचने के बाद सशस्त्र समूहों के कैडर शवों को छोड़कर इलाके से भाग गए। यह घटना टेंग्नौपाल जिले में ग्रामीण स्वयंसेवकों और अज्ञात बंदूकधारियों के बीच गोलीबारी में तीन लोगों के घायल होने के एक दिन बाद हुई है।

### बीबीएफएस आवासीय अकादमी भोपाल में परीक्षण आयोजित करने के लिए तैयार

**भोपाल।** एनजोगो द्वारा संचालित बाईचुंग भूटिया फुटबॉल स्कूल (बीबीएफएस) 21 अप्रैल 2024 को बरकतुल्लाह विश्वविद्यालय, भोपाल में अपने आवासीय अकादमी कार्यक्रम के लिए परीक्षण आयोजित करेगा। ट्रायल में भाग लेने के लिए 1 जनवरी 2007 से 31 दिसंबर 2014 के बीच जन्मे खिलाड़ी पात्र हैं। रिपोर्टिंग समय 8ः00 ढ्डस्त्र है। फुटबॉल खिलाड़ियों को अपनी किट और एक वैध सरकारी आईडी लानी होगी। सभी उपस्थित लोगों के लिए 100/- रुपये का पंजीकरण शुल्क लागू है।बीबीएफएस के सह-संस्थापक और फुटबॉल के दिग्गज बाईचुंग भूटिया ने इस पहल के महत्व पर जोर देते हुए कहा, युवा खिलाड़ियों को सही अवसर पाने और पेशेवर फुटबॉलर बनने के लिए, उन्हें कम उम्र से ही एक अच्छी तरह से संरचित खेल पाठ्यक्रम में प्रवेश करना होगा। बीबीएफएस आवासीय अकादमी ट्रायल प्रतिभाशाली खिलाड़ियों के लिए हमारे कार्यक्रम में शामिल होने और अपनी सर्वश्रेष्ठ क्षमता हासिल करने के लिए प्रशिक्षण लेने का एक शानदार अवसर है। बिल्डिंग फ्यूचर चैंपियंस के आदर्श वाक्य के साथ, बीबीएफएस आवासीय अकादमी परीक्षणों का आगामी संस्करण एक बार फिर देश के सभी हिस्सों को कवर करेगा। चुनिंदा बीबीएफएस स्काउट्स विभिन्न शहरों की यात्रा करेंगे और प्रतिभाओं के एक बड़े समूह को शामिल करेंगे। फुटबॉल में करियर बनाने की इच्छा रखने वाले युवा खिलाड़ियों के लिए ट्रायल एक महत्वपूर्ण कदम बन गया है। यह न केवल उन्हें खेल में अपने कौशल का मूल्यांकन करने के लिए एक मंच देता है बल्कि देश के सबसे बड़े और सबसे अधिक रेटिंग वाले फुटबॉल कार्यक्रम में शामिल होने का मौका भी देता है।

### फ्लाइंग स्क्वाड ने 1 हजार करोड़ मूल्य का 1,425 किलोग्राम सोना जब्त किया

**चेन्नई, एजेंसी।** चुनाव से पहले यहां एक बड़ी जब्ती हुई। चुनाव आयोग (ईसी) के फ्लाइंग स्क्वाड ने तमिलनाडु में एक ट्रक से लगभग 1,000 करोड़ रुपये मूल्य का 1,425 किलोग्राम सोना जब्त किया है। एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। ईसी फ्लाइंग स्क्वाड के अधिकारियों ने कुंद्राथुर के पास वंडालूर-मिजिनूर आउटर रिंग रोड पर एक ट्रक और कार को रोका, जिससे भारी मात्रा में कीमती धातु जब्त की गई। ट्रक की जांच के दौरान डिब्बों में सोना होने का पता चला। ट्रक के पीछे चल रही कार में सवार लोगों ने अधिकारियों को बताया कि उनके पास सभी कागजात हैं और सोना श्रीपेरंबदूर की एक फर्म में ले जाया जा रहा है।हालांकि, ईसी फ्लाइंग स्क्वाड के अधिकारी पेश किए गए दस्तावेजों से संतुष्ट नहीं थे और ट्रक के साथ-साथ उन्होंने कार को भी रोक लिया।सूत्रों के अनुसार, दोनों वाहनों को श्रीपेरंबुदूर राजस्व कार्यालय ले जाया गया। कांचीपुरम जिला राजस्व अधिकारी और आयकर अधिकारी जब्त किए गए सोने की सही कीमत का पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं। शुरुआत में लगभग 1,000 करोड़ रुपये का अनुमान लगाया गया था।चुनाव आयोग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने आईएएनएस को बताया कि हिरासत में लिए गए लोगों से पूछताछ की जा रही है।तमिलनाडु और पुडुचेरी में 19 अप्रैल को लोकसभा चुनाव के पहले चरण के मतदान में एक सप्ताह से भी कम समय बचा है, इसलिए चुनाव आयोग ने तलाशी अभियान तेज कर दिया है।

# दुनिया के सबसे ऊंचे युद्ध क्षेत्र में सर्वोच्च साहस का परिचय दे रहे भारतीय सेना के जांबाज, 24 घंटे कर रहे निगरानी

**नईदिल्ली, एजेंसी।** सियाचिन, काराकोरम पर्वत श्रृंखला में करीब 20,000 फुट की ऊंचाई पर स्थित दुनिया का सबसे ऊंचा युद्धक्षेत्र। सालभर यहां बर्फ जमी रहती है और सर्दियों में तापमान माइनस 50 डिग्री तक गिर जाता है। ऊपर से बर्फीली और सर्द हवा। इन तमाम विपरीत हालातों के बावजूद इस निर्जन और बीहड़ इलाके में भारतीय सेना के जांबाज अदम्य शौर्य और साहस का परिचय देते हुए अत्याधुनिक साजोसामान से लैस होकर 24 घंटे निगहबानी कर रहे हैं। ऑपरेशन मेघदूत की वर्षगांठ पर शनिवार को इन जांबाजों का जोश देखते ही बनता था। आखिर ऐसा हो भी क्यों न? आज ही के दिन ठीक 40 साल पहले यानी 13 अप्रैल 1984 को इस क्षेत्र में पाक सेना को भारतीय सेना ने शिकस्त जो दी थी। उस वक्त पाकिस्तान की ओर से अबाबील ऑपरेशन चलाकर 17 अप्रैल तक सियाचिन पर कब्जा करने की योजना बनाई गई थी लेकिन भारतीय सेना ने इससे चार दिन पहले ही मोर्चा मारते हुए सियाचिन ग्लेशियर पर अपना झंडा लहरा दिया था। भारतीय सेना ने शनिवार को



40वें सियाचिन दिवस के अवसर पर कर्तव्य के दौरान अपने प्राणों की आहुति देने वाले अपने बहादुरों को श्रद्धांजलि दी। भारतीय सेना की फायर एंड फ्यूरी कोर ने दुनिया के सबसे ऊंचे युद्धक्षेत्र में ऑपरेशन शुरू करने वाले सैनिकों को सलाम करते हुए एक वीडियो के साथ इंटरनेट मीडिया पर पोस्ट किया- वे बर्फ में घिरे हुए हैं, चुप रहेंगे। जब बिगुल बजेगा, तो वे उठेंगे और फिर से मार्च करेंगे। वीडियो में दिखाया गया कि कैसे दुर्गम इलाकों में भारतीय जांबाज बड़ी मुस्तैदी से डटे हुए हैं। सफेद चादर से ढके ऊंचे-ऊंचे पहाड़ों पर भारतीय सेना के जवानों को चढ़ते हुए दिखाया गया है। इसमें सियाचिन ग्लेशियर के 40 साल के सफर को दिखाया गया है। एक सैन्य अधिकारी ने बताया कि सामरिक रूप से अति महत्वपूर्ण सियाचिन ग्लेशियर में भारतीय सेना ने अपनी मौजूदगी के 40 साल पूरे किए हैं और पिछले कुछ वर्षों में बुनियादी ढांचा बढ़ने से उसकी ऑपरेशनल क्षमता में काफी सुधार आया है। भारी सामानों को ले जाने में सक्षम हेलीकाप्टरों और ड्रोनों का उपयोग, सभी सतहों के लिए अनुकूल वाहनों की तैनाती, मार्गों के विशाल नेटवर्क आदि उठाए गए कई अहम कदमों ने युद्धक्षेत्र सियाचिन में भारत का सैन्य कौशल और बढ़ाया है। प्रत्येक सैनिक के पास पॉकेट वेदर ट्रैकर्स जैसे गैजेट मौसम के बारे में समय पर अपडेट प्रदान करते हैं और उन्हें संभावित हिमस्खलन के बारे में चेताते हैं। उन्होंने कहा कि सियाचिन ग्लेशियर पर भारतीय सेना का नियंत्रण न केवल अद्वितीय वीरता और दृढ़ संकल्प की गाथा है, बल्कि प्रौद्योगिकी उन्नति और साजो-सामान संबंधी सुधारों की एक असाधारण यात्रा भी है जिसने दुनिया के सबसे दुर्जेय इलाकों में से एक इस क्षेत्र को अदम्य जोश और नवाचार के प्रतीक में बदल दिया है। उन्होंने कहा कि खासकर पिछले पांच सालों में उठाए गए कदमों ने सियाचिन में तैनात इन जवानों के जीवन स्तर और ऑपरेशनल क्षमताओं में सुधार लाने में लंबी छलांग लगाई है। एक अन्य अधिकारी ने कहा कि डीआरडीओ द्वारा विकसित एटीवी पुल जैसे नवाचारों से सेना प्राकृतिक बाधाओं पर पार पाने में समर्थ हुई है तथा हवाई केबलवे में उच्च गुणवत्ता वाली डायनेमा रस्सियों के जरिये सबसे दूरस्थ चौकियों में भी सामानों की बेरोकटोक आपूर्ति सुनिश्चित हुई है।

## शिमला सीट पर कांग्रेस का दबदबा, केडी सुल्तानपुरी के नाम रिकॉर्ड

**शिमला, एजेंसी।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी ने आगामी लोकसभा चुनावों के लिए हिमाचल प्रदेश की चार में से दो सीटों पर उम्मीदवारों की घोषणा कर दी है। कांग्रेस हाईकमान ने सबको चौंकाते हुए दोनों सिटिंग विधायकों को उम्मीदवार बनाया है। इनमें कैबिनेट मंत्री हैं तो दूसरे सिटिंग एमएलए हैं। मंडी लोकसभा सीट पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा सिंह के बेटे विक्रमादित्य सिंह उम्मीदवार होंगे जबकि शिमला लोकसभा सीट पर मौजूदा विधायक विनोद सुल्तानपुरी को उतारा गया है। इस रिपोर्ट में जानें कौन हैं विनोद सुल्तानपुरी जिन्हें पार्टी ने दिया है मौका... 42 वर्षीय विनोद सुल्तानपुरी शिमला संसदीय क्षेत्र के सोलन जिला के कसौली से विधायक हैं। वह पहली बार विधानसभा पहुंचे हैं। उनका मुकाबला भाजपा के सुरेश कश्यप से होगा। विनोद सुल्तानपुरी के पिता स्वर्गीय केडी सुल्तानपुरी के नाम शिमला लोकसभा सीट पर लगातार छह बार कांग्रेस सांसद बनने का रिकॉर्ड है। कांग्रेस ने विनोद सुल्तानपुरी को टिकट देकर शिमला लोकसभा सीट पर चुनावी मुकाबले को बेहद रोचक बना दिया है। साथ ही संदेश देने की कोशिश की है कि उसकी सरकार को कोई खतरा नहीं है। कांग्रेस की फिल्डिंग से साफ है कि शिमला सीट पर अब उसका भाजपा के साथ कड़ा मुकाबला देखने को मिलेगा।

शिमला आरक्षित लोकसभा सीट पर कांग्रेस का दबदबा रहा है। ज्यादातर यहां से कांग्रेस जीतती रही है। पिछले 10 वर्षों से यह सीट भाजपा के कब्जे में है। कांग्रेस की ओर से उम्मीदवार घोषित बिनोद सुल्तानपुरी के पिता स्वर्गीय केडी सुल्तानपुरी ने इस लोकसभा सीट पर ऐसा दुर्ग बनाया जिसे उनके चुनाव मैदान में रहते कोई भेद नहीं पाया। वह लगातार छह बार यहां से विजयी रहे। उनके लगातार जीत के रिकार्ड को कोई नहीं तोड़ पाया है।

## यदि नरेंद्र मोदी नहीं होते तो अयोध्या में राममंदिर का निर्माण नहीं हो पाता: राज ठाकरे

**मुंबई, एजेंसी।** महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) के अध्यक्ष राज ठाकरे ने शनिवार को दावा किया कि यदि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी नहीं होते तो उच्चतम न्यायालय के फैसले के बाद भी अयोध्या में राममंदिर का निर्माण नहीं हो पाता। राज ठाकरे ने यहां संवाददाताओं से कहा कि मनसे नेताओं की एक सूची तैयार करेगी जिनसे महायुति गठबंधन के नेता चुनावी समन्वय के लिए संपर्क कर सकते हैं। हालांकि उन्होंने इन प्रश्नों को टाल दिया कि क्या वह महाराष्ट्र में भारतीय जनता पार्टी, शिवसेना और राकंपा के सत्तारूढ़ गठबंधन महायुति के पक्ष में रैलियों को संबोधित करेंगे।

राज ठाकरे ने आगामी लोकसभा चुनाव के वास्ते प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को बिना शर्त समर्थन देने की घोषणा की है। उन्होंने आज कहा कि उन्होंने अपनी पार्टी के नेताओं, पदाधिकारियों एवं अनुषंगी संगठनों के साथ बैठक की है और उन्हें महायुति समर्थित प्रत्याशियों के पक्ष में प्रचार करने का निर्देश दिया है। उन्होंने उम्मीद जतायी कि मनसे नेताओं को उचित सम्मान मिलेगा। महाराष्ट्र में लोकसभा की 48 सीट हैं और राज्य में 19 अप्रैल एवं 20 मई के बीच पांच चरणों में मतदान होगा। राज ठाकरे ने कहा, यदि नरेन्द्र मोदी (केंद्र की सत्ता में) नहीं होते तो उच्चतम न्यायालय के आदेश के बाद भी राममंदिर का निर्माण नहीं हो पाता। यह लंबित मुद्दा बना रहता।

नवंबर, 2019 में एक ऐतिहासिक फैसले में उच्चतम न्यायालय ने अयोध्या में विवादित स्थल पर राममंदिर के निर्माण की कानूनी बाधा दूर कर दी थी। इस साल 22 जनवरी को राममंदिर में प्राण प्रतिष्ठा समारोह हुआ। राज ठाकरे ने कहा कि राममंदिर के निर्माण का मामला 1992 से लंबित था जब बाबरी मस्जिद गिरायी गयी थी। भाजपा को मनसे के समर्थन पर सफाई देते हुए उन्होंने कहा, कुछ ऐसी अच्छी बाते हैं, जिनकी सराहना करने की जरूरत है।

## पहले दोस्त की गर्लफ्रेंड छीनी फिर दिल्ली बुलाकर कर दी हत्या

**नईदिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली की द्वारका जिला पुलिस की एंटी ऑटो थेफ्ट स्क्वाड (एएटीएस) ने हत्या के मामले का खुलासा कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी सुरेश गंगवार ने अपने दोस्त आशीष कुमार को उत्तर प्रदेश के बरेली से दिल्ली बुलाकर उसकी हत्या की थी। आरोपी ने पूछताछ में बताया कि आशीष उसकी प्रेमिका को आपत्तिजनक फोटो भेजकर ब्लैकमेल कर रहा था। इसलिए उसने आशीष को काम का लालच देकर बरेली से पहले दिल्ली बुलाया और फिर उसकी हत्या कर दी। आरोपी के पास से पुलिस ने चाकू के अलावा मोबाइल और कपड़े बरामद किए है।

पुलिस उपायुक्त अंकित सिंह ने बताया कि 9 अप्रैल को द्वारका सेक्टर-21 मेट्रो स्टेशन के पीछे जंगल में एक व्यक्ति का शव मिला था। शख्स की गला रेत का हत्या की गई थी और उसकी पहचान न हो पाए इसलिए चेहरे को पत्थर से कुचला गया था। पुलिस को उसके पास से कोई दस्तावेज नहीं मिला, जिससे उसकी पहचान हो। एसीपी राम




अवतार की देखरेख में इंस्पेक्टर कमलेश कुमार की टीम को मामले की जांच सौंपी गई। टीम ने लोगों से पूछताछ के बाद शव की पहचान 28 वर्षीय आशीष कुमार के रूप में की। प्राथमिक जांच में पुलिस को पता चला कि आशीष मौत होने से कुछ ही दिन पहले बरेली से दिल्ली आया था। पुलिस ने दिल्ली आने के बाद उसकी गतिविधियां और मोबाइल की लोकेशन, सीसीटीवी की जांच की तो पुलिस आरोपी सुरेश गंगवार तक जा पहुंची। पुलिस ने उसे हिरासत में लिया और पूछताछ शुरू की।

## सत्ता संग्राम: छत्तीसगढ़ में कांग्रेस के सामने भाजपा का किला भेदने की चुनौती

**रायपुर, एजेंसी।** छत्तीसगढ़ में 11 लोकसभा सीटों पर भाजपा और कांग्रेस में सीधी टक्कर है। विधानसभा चुनाव में चोट खाई कांग्रेस यहां अपना प्रदर्शन सुधारने के लिए पूरा जोर लगा रही है। कांग्रेस ने राजनांदगांव सहित तीन-चार सीटों पर जबर्दस्त मुकाबले का माहौल बनाया है। कांग्रेस अपनी गारंटी से ज्यादा विक्टिम कार्ड और जातीय समीकरणों के भरोसे मैदान में है। कांग्रेस की कोशिश भाजपा के किलों को भेद कर अपना प्रदर्शन सुधारने की है। उधर, राज्य में सरकार बनाने के बाद उत्साहित भाजपा इस बार सभी 11 सीटों पर जीत का लक्ष्य तय कर मैदान में है।

चुनाव प्रचार में दोनों ओर से आरोप-प्रत्यारोप का दौर जारी है। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल अपनी सरकार में शुरू गई योजनाओं का लाभ अब राज्य के लोगों को नहीं मिलने और एजेंसियों के दुरुपयोग का मामला उठाकर राजनांदगांव में अपनी सीट के अलावा अन्य सीटों पर भी पार्टी के लिए वोट मांग रहे हैं। हाल में कथित शराब घोटाले को लेकर कोर्ट से मिली कुछ राहत के बाद कांग्रेस बता रही है कि कैसे भाजपा ने विधानसभा चुनावों में लोगों को गुमराह कर ऐसे घोटाले के नाम पर वोट लिया जो हुआ ही नहीं। जबकि भाजपा अभी भी कांग्रेस राज के कथित भ्रष्टाचार गिना रही है। इस चुनाव में अमित जोगी और आम आदमी पार्टी का फैक्टर जमीन पर नहीं दिख रहा है। बसपा की मौजूदगी महज दो सीटों पर है। ऐसे में मुख्य मुकाबला कांग्रेस बनाम भाजपा ही है।

लगभग ढाई दशक पहले आस्तित्व में आए छत्तीसगढ़ राज्य के गठन के बाद अगर लोकसभा चुनाव का इतिहास देखें तो यहां हर चुनाव में भाजपा



का पलड़ा भारी रहा है। 2004 के आम चुनाव से लेकर 2014 तक सभी तीनों चुनाव में राज्य की 11 सीटों में से 10 सीटों पर बीजेपी जीतती रही है। 2019 के चुनाव में पहली बार कांग्रेस ने प्रदर्शन सुधारते हुए दो लोकसभा सीटें जीतीं। कांग्रेस को कोरबा और बस्तर से जीत का रास्ता मिला। राज्य की छह लोकसभा सीटें ऐसी हैं, जिन पर आजतक बीजेपी कभी नहीं हारी। भाजपा का गढ़ कही जाने वाली सीटों में रायपुर, कांकेर, सरगुजा, रायगढ़, जांजगीर चांपा और राजनांदगांव शामिल हैं। मौजूदा चुनाव में कांग्रेस और भाजपा दोनों की निगाहें इन सीटों पर है। भाजपा अपने मजबूत किलों को बचाए रखने के साथ-साथ राज्य में कांग्रेस को खाता नहीं खोलने देने का दावा कर रही है। बीजेपी पीएम मोदी के नाम और काम पर लोगों से वोट मांग रही है तो वहीं कांग्रेस यहां अभी भी पूर्व सीएम भूपेश बघेल की अगुवाई में चुनाव लड़ती दिख रही है। कांग्रेस ने अपने मौजूदा दो सांसदों में एक का टिकट काट दिया, जबकि कोरबा से वर्तमान सांसद ज्योत्सना महंत को फिर प्रत्याशी बनाया है।

## नामांकन पत्र नहीं लूंगा वापस, बेटे को टिकट ना मिलने से भाजपा से नाराज पूर्व उपमुख्यमंत्री केएस ईश्वरप्पा

**शिवमोगा।** भाजपा के बागी नेता एवं कर्नाटक के पूर्व उपमुख्यमंत्री केएस ईश्वरप्पा ने उन खबरों को खारिज कर दिया है कि वह लोकसभा चुनाव में अपनी उम्मीदवारी वापस ले लेंगे। ईश्वरप्पा ने शिवमोगा लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र से निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में शुक्रवार को अपना नामांकन पत्र दाखिल किया।

वह पूर्व मुख्यमंत्री बीएस येदियुरप्पा के बड़े बेटे एवं इस सीट से भाजपा के मौजूदा सांसद बीवाई राघवेंद्र एवं कांग्रेस उम्मीदवार गीता शिवराजकुमार के खिलाफ चुनाव लड़ेंगे। उन्होंने कहा कि उनका उद्देश्य प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को मजबूत करना है।

ईश्वरप्पा ने मीडिया से कहा कि कुछ लोग अफवाह फैला रहे हैं कि मैं अपना नामांकन पत्र वापस ले लूंगा। जो लोग मेरा समर्थन कर रहे हैं, मैं उनसे कहना चाहूंगा कि मैं कभी धोखा नहीं दूंगा और मुकाबले में बना रहूंगा।

पार्टी की प्रदेश इकाई के अध्यक्ष रह चुके ईश्वरप्पा अपने बेटे केई कांतेश को हावेरी संसदीय क्षेत्र से टिकट नहीं दिए जाने से नाराज हैं। उन्होंने येदियुरप्पा और उनके बेटे राघवेंद्र तथा भाजपा की प्रदेश इकाई के अध्यक्ष बीवाई विजयेंद्र पर निशाना साधते हुए उन पर वंशवाद की राजनीति करने का आरोप लगाया है।





## देश में इमरजेंसी लगाकर लोकतंत्र की हत्या करने वाले संविधान बचाने की कर रहे बात- मुख्यमंत्री साय

**रायपुर, एजेंसी।** लोकसभा चुनाव के प्रचार-प्रसार के दौरान छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कांग्रेस नेता कन्हैया कुमार को लेकर बड़ी बात कही है। सीएम साय ने कन्हैया कुमार के जनरल डायर वाले बयान का पलटवार करते हुए कहा कि यह कोई नई बात नहीं है। यह लोग पहले भी प्रधानमंत्री को बहुत कुछ कहते आए हैं। सीएम साय ने कहा कि देश की जनता ने कांग्रेस को स्वीकार नहीं किया है, इसका खामियाजा आने वाले दिनों में इन्हें भुगतना पड़ेगा।

राहुल गांधी के आज छत्तीसगढ़ दौरे को लेकर कहा की जनता सब कुछ देख रही है। देश में किसकी सरकार में विकास हुआ है और किसकी सरकार में देश बर्बाद किया गया है, यह सब जनता जानती है। सीएम विष्णु देव साय ने कहा कि हम प्रदेश की सभी 11 लोकसभा सीटें जीत रहे हैं। आज कांग्रेस के पास कुछ भी नहीं है, इसलिए यह लोग कुछ भी बोलते जा रहे हैं।

मुख्यमंत्री विष्णु देव ने कहा कि कांग्रेस सरकार के दौरान इमरजेंसी के समय लोकतंत्र की हत्या करने का काम किया गया था। आज कांग्रेस के लोग भारतीय जनता पार्टी पर आतंकवादी की तरह बात करने की बात करते हैं, सीएम ने कहा कि लोकतंत्र की हत्या करने वाले लोग संविधान का गला घोटने की बात करने वाले लोग इस तरह के आरोप लगा रहे हैं। सीएम ने कहा कि यह वही लोग हैं।

## घोसी के रण में ओमप्रकाश राजभर के सियासी कौशल की परीक्षा, टिकीं सबकी निगाहें

**घोसी, एजेंसी।** यूपी की हॉट सीटों की बात करें तो घोसी भी उनमें शामिल हो गई है। सुभासपा प्रमुख ओमप्रकाश राजभर के बेटे अरविंद के चुनाव मैदान में होने और इस सीट पर विपक्ष द्वारा बुने सियासी ताने-बाने ने इसे खास बना दिया है। ऐसे में सबकी निगाहें घोसी के चुनावी संग्राम पर टिक गई हैं। घोसी के रण में ओमप्रकाश राजभर के सियासी कौशल की परीक्षा है। बेटे को सांसद बनाने के लिए उन्हें भाजपाइयों को साधना है। पिछड़े वोटों में बिखराव रोकना है। मुख्तार अंसारी फैक्टर से निपटना है। वहीं दारा सिंह चौहान की पहलवानी का फैसला भी इसी अखाड़े में होना है।

घोसी का मैदान भाजपा के लिए कभी मुफीद नहीं रहा। सिर्फ 2014 की मोदी लहर को छोड़ दें तो भाजपा को इस सीट पर कभी सफलता नहीं मिली। शायद यही सोचकर भाजपा ने समझौते में यह सीट अपने सहयोगी सुभासपा को दे दी। पूर्वी यूपी के राजभर वोटों पर दावेदारी करने वाले ओमप्रकाश राजभर ने अपने बेटे को संसद भेजने के लिए इसे सबसे मुफीद समय माना। मगर शायद तब उन्हें अंदाजा न रहा हो कि उनका बड़बोलापन कैसे उनके बेटे की राह मुश्किल कर देगा। 2022 के चुनाव में भाजपाइयों को निशाने पर रखने वाले राजभर के भगवा खेमे के कार्यकर्ता पूरे दमखम से जुटने को तैयार नहीं हैं। ऐसे में ओमप्रकाश राजभर को अपना अधिकांश समय घोसी में ही देना पड़ रहा है। भाजपा के प्रदेश से लेकर केंद्रीय नेतृत्व तक वे गुहार लगा चुके हैं कि सबके जुटे बिना नैया पार नहीं होगी।

सपा-बसपा का चक्रव्यूह तोड़ने की चुनौती

दरअसल सपा और बसपा ने भी इस सीट पर राजभर की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। घोसी विधानसभा उपचुनाव में जीत के बाद सपा के हौंसले बुलंद हैं। समाजवादी पार्टी ने राजीव राय पर दांव लगाकर अगड़ों को साधने का प्रयास किया है।

## नोएडा में युवक को कार से खींचकर लात घूंसों से बेरहमी से पीटा

**नईदिल्ली, एजेंसी।** सेक्टर-125 स्थित निजी विश्वविद्यालय के पास फॉर्च्यूनर में पीछे की सीट पर बैठे एक छात्र को तीन युवकों द्वारा पीटने का वीडियो सोशल मीडिया के विविध प्लेटफॉर्म पर शनिवार को वायरल हो गया। वायरल वीडियो में तीन युवक फॉर्च्यूनर के अंदर बैठे युवक को लात और घूंसों से मारते हैं। इसके बाद युवक को आरोपी कार से बाहर निकाल लेते हैं और फिर जमीन पर लिटाकर मारते हैं। वीडियो घटनास्थल से करीब 20 मीटर दूर खड़ी एक कार के चालक ने बनाया है।

वीडियो में कमिश्नरेट पुलिस के अधिकारियों को टैग कर यूजर ने आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है। वीडियो में एक युवती भी युवक के साथ है जो युवकों के जाने के बाद उसे बचाती है। सेक्टर-126 थाना प्रभारी ने बताया कि वीडियो 21 मार्च का है। मारपीट एम थ्री एम कंस्ट्रक्शन कंपनी के निर्माणाधीन प्रोजेक्ट के पास हुई है। दिल्ली का एक युवक निजी विश्वविद्यालय में बीएएलएलबी तृतीय वर्ष में पढ़ाई करता है।

वह 21 मार्च को अपनी महिला दोस्त के साथ सफेद रंग की फार्च्यूनर कार में बैठा था। तभी तीन युवक उसकी कार के पास आते हैं और खिड़की खुलवाकर बातचीत करने लगते हैं। बातचीत के दौरान ही युवक उसे खींचकर बाहर निकालने का



प्रयास करते हैं। जब लड़का विरोध करता है तो उसके पैर पकड़कर बाहर निकाल लेते हैं और लात-घूंसों की बौछार कर देते हैं। लड़का बचाव करता है और सड़क पर गिर जाता है। तभी एक अन्य युवक भी आता है और उसे लात मारने लगता है। छात्र को लात-घूंसों से पीटने के बाद युवक भाग जाते हैं। इसके बाद कार से निकली युवती सड़क पर पड़े युवक के जूतों को उठाती है और गाड़ी में रख लेती है। फिर घटनास्थल के आसपास मौजूद लोग युवक की मदद कर उसे वाहन में बैठाते हैं। शनिवार को मारपीट का वीडियो वायरल होने के बाद जब इसकी जांच की गई तो कई अहम जानकारी निकल कर सामने आई। एसीपी प्रवीण कुमार सिंह ने बताया कि जिस फॉर्च्यूनर में छात्र बैठा था वह दिल्ली के नंबर की है। इस मामले में पीड़ित छात्र ने थाने में कोई शिकायत नहीं की है। वर्तमान में वह चंडीगढ़ में है। वहां से आने के बाद छात्र ने मामले की शिकायत करने की बात कही है। वहीं पुलिस ने वीडियो का स्वतः संज्ञान लेकर आरोपियों की पहचान करनी शुरू कर दी है।

आईपीएल : 2024

# आईपीएल में युजवेंद्र चहल के नाम दर्ज हुआ शर्मनाक रिकॉर्ड



**नईदिल्ली, एजेंसी।** पंजाब किंग्स और राजस्थान रॉयल्स के बीच मुकाबला खेला जा रहा है। इस मैच में राजस्थान रॉयल्स के कप्तान संजू सैमसन ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला लिया।

इस दौरान राजस्थान रॉयल्स के गेंदबाजों ने शानदार प्रदर्शन किया और उन्होंने पंजाब किंग्स ने 20 ओवर में 8 विकेट खोकर 147 रन बनाने दिए, लेकिन इसी बीच आरआर के स्टार गेंदबाज युजवेंद्र चहल के नाम एक शर्मनाक रिकॉर्ड दर्ज हो गया। उन्होंने एक खास मामले में दोहरा शतक जड़ा है और आईपीएल में इतिहास में वह ऐसा करने वाले सिर्फ दूसरे गेंदबाज हैं।

### चहल ने नाम जुड़ा ये अनचाहा रिकॉर्ड

युजवेंद्र चहल आईपीएल और टी20 क्रिकेट में भारत के सबसे बड़े स्पिन गेंदबाजों में से एक हैं। आईपीएल 2024 में भी वह शानदार फॉर्म में नजर आ रहे हैं, लेकिन युजवेंद्र चहल अब आईपीएल इतिहास में दूसरे ऐसे गेंदबाज बन गए हैं जिनके खिलाफ 200 छक्के जड़े जा चुके हैं। चहल ने आईपीएल में अपने 151वें मैच में इस अनचाहे रिकॉर्ड को बनाया। उन्होंने आईपीएल में कुल 3305 गेंद फेंके हैं।

जहां उन्हें 200 गेंदों पर छक्के जड़े गए हैं। चहल के अलावा पीयूष चावला ने 200 से ज्यादा छक्के खाए हैं। उनके खिलाफ कुल 211 छक्के आईपीएल में जड़े जा चुके हैं।

### आईपीएल में इन गेंदबाजों के खिलाफ जड़े गए सबसे ज्यादा छक्के

पीयूष चावला - 211 छक्के
युजवेंद्र चहल - 200 छक्के
रवींद्र जडेजा - 198 छक्के
आर अश्विन - 189 छक्के
अमित मिश्रा - 182 छक्के

#### आईपीएल में चहल का रिकॉर्ड

युजवेंद्र चहल का रिकॉर्ड आईपीएल में काफी शानदार रहा है। इस सीजन उन्होंने 6 मैचों में कुल 11 विकेट झटके हैं। वहीं पर्पल कैप की रेस वह भी हैं। आईपीएल में चहल ने कुल 151 मैचों में 21.31 की औसत और 7.66 इकॉनमी से 198 विकेट झटके हैं। वहीं उनकी बेस्ट बॉलिंग फिगर 40 रन देकर 5 विकेट का है। आपको बता दें कि आईपीएल में इतिहास में सबसे ज्यादा विकेट चहल के ही नाम हैं। वहीं वह आईपीएल में 200 विकेट के काफी करीब हैं और वह ऐसा करने वाले पहले गेंदबाज भी बन सकते हैं।

## संक्षिप्त समाचार

आईपीएल: 2024

### आशुतोष शर्मा के नाम जुड़ा खास रिकॉर्ड



**नईदिल्ली, एजेंसी।** पंजाब किंग्स ने आईपीएल 2024 के लिए मध्य प्रदेश के 25 साल के खिलाड़ी आशुतोष शर्मा को अपनी टीम का हिस्सा बनाया था। अब तक उन्हें इम्पैक्ट खिलाड़ी के तौर पर टीम ने इस्तेमाल किया है, जिसमें तीन मैचों में आशुतोष ने अपनी आक्रामक बल्लेबाजी के दम पर सभी को काफी प्रभावित किया है।

गुजरात टाइटंस के खिलाफ मैच में आईपीएल में डेब्यू करते हुए आशुतोष ने सिर्फ 17 गेंदों में 31 रनों की पारी खेली थी, वहीं इसके बाद सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ मैच में आशुतोष के बल्ले से 15 गेंदों में नाबाद 33 रनों की पारी देखने को मिली, जबकि राजस्थान के खिलाफ मैच में भी वह 31 रन बनाने में कामयाब रहे। इसी के साथ आशुतोष आईपीएल इतिहास में पहले ऐसे खिलाड़ी बन गए हैं, जिन्होंने लगातार तीन मैचों में नंबर 8 या उससे नीचे बल्लेबाजी करते हुए 30 प्लस रनों की पारी खेली है।

आशुतोष शर्मा का आईपीएल के उनके शुरुआती तीन मैचों में रिकॉर्ड देखा जाए तो 47.5 के औसत से उन्होंने 95 रन बनाए हैं, जिसमें उनका स्ट्राइक रेट 197.92 का देखने को मिला है। वहीं टी20 क्रिकेट में आशुतोष का रिकॉर्ड देखा जाए तो उन्होंने 17 मैचों में 32.20 के औसत से 483 रन बनाए हैं और इस दौरान उनके बल्ले से 4 अर्धशतकीय पारियां भी देखने को मिली है।

फ्लाइट को वापस लौटना पड़ा...

### ईरान के इजरायल पर हमले के बीच फंस गए थे केविन



**नई दिल्ली, एजेंसी।** इंग्लैंड क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान केविन पीटरसन के साथ शनिवार को एक डरावनी घटना हुई। उनकी फ्लाइट को रास्ते में रोकना पड़ा। उन्होंने सोशल मीडिया पर बताया कि ईरान ने इजरायल पर मिसाइलें दागीं, जिसकी वजह से उनकी फ्लाइट को रास्ता बदलना पड़ा और ज्यादा ईंधन भरवाना पड़ा। ऐसा लगता है कि यह घटना उस वक्त हुई जब वह आईपीएल के मुंबई इंडियंस और चेन्नई सुपर किंग्स के मैच के लिए मुंबई लौट रहे थे।

#### पीटरसन ने बताया अपना अनुभव

केविन पीटरसन ने अपने सोशल मीडिया पोस्ट में बताया कि फ्यूल लेने के लिए उनकी फ्लाइट को वापस लौटना पड़ा। साउथ अफ्रीका में जन्मे पीटरसन ने लिखा, अभी तक ऐसा कभी नहीं हुआ। रात को हमारी फ्लाइट को वापस लौटना पड़ा और ज्यादा फ्यूल भरवाना पड़ा क्योंकि ईरान की मिसाइलों से बचने के लिए हमें रास्ता बदलना पड़ा। खैर, अब मैं मुंबई में हूं और बाद में वानखेड़े स्टेडियम जाऊंगा। ये मेरे पसंदीदा क्रिकेट मैदानों में से एक है।

आईपीएल 2024 की शुरुआत में केविन पीटरसन कॉमेंट्री कर रहे थे। लेकिन इस महीने की शुरुआत में वह इंग्लैंड वापस चले गए थे।

एशियन चैम्पियनशीप :

# भारतीय महिला पहलवानों का जलवा, राधिका को मिला रजत, शिवानी को कांस्य पदक

**बिश्केक, एजेंसी।** पिछले साल अंडर-23 एशियाई चैंपियनशिप में रजत पदक जीतने वाली राधिका 2022 सीनियर एशियाई चैंपियनशिप में भी दूसरे स्थान पर रही थीं। उन्होंने कजाखस्तान की अलबीना के को पहले मुकाबले में तकनीकी श्रेष्ठता से हराया। एशियाई कुश्ती चैंपियनशिप में भारतीय महिला पहलवानों ने जलवा बिखेरा। राधिका ने 68 किग्रा भार वर्ग में रजत पदक जीता, जबकि शिवानी पवार ने कांस्य पदक अपने नाम किया। एशियाई चैंपियनशिप में राधिका का यह दूसरा पदक है।

### राधिका ने 2022 में भी जीता था रजत

पिछले साल अंडर-23 एशियाई चैंपियनशिप में रजत पदक जीतने वाली राधिका 2022 सीनियर एशियाई चैंपियनशिप में भी दूसरे स्थान पर रही थीं। उन्होंने कजाखस्तान की अलबीना के को पहले मुकाबले में तकनीकी श्रेष्ठता से हराया। इसके बाद किर्गिस्तान की गुलनूरा ताशतांबेकोवा को मात दी। हालांकि, उन्हें स्वर्ण पदक के मुकाबले में जापान की नोनोका ओजाकी से तकनीकी श्रेष्ठता के आधार पर हार का सामना करना पड़ा।

### क्वार्टर फाइनल में मिली हार के बाद शिवानी ने की वापसी



भारत की एक अन्य पहलवान शिवानी पवार को 50 किग्रा वर्ग के क्वार्टर फाइनल में जिकि फेंग से हार गई थी, लेकिन चीन की इस पहलवान के फाइनल में पहुंचने के बाद उन्होंने रेपचेज के जरिये कांस्य पदक के मुकाबले में जगह बना ली। उन्होंने मंगोलिया की ओट्गोनजार्गल डोल्गोज्राव को 9-7 से हराकर कांस्य पदक जीता। वहीं, 55 किग्रा वर्ग में तमन्ना को क्वलीफिकेशन दौर में जापान की मोए कियूका ने 9-0 से हराया, लेकिन कियूका के फाइनल में पहुंचने से तमन्ना भी पदक की दौड़ में शामिल हो गई।

वह हालांकि मौके का फायदा नहीं उठा सकीं और रेपचेज राउंड में उन्हें चीन की मिन यांग से 0-4 से हार का सामना करना पड़ा।

### अन्य भारतीय पहलवानों को मिली हार

भारत के पास रेपचेज के जरिये अन्य वर्गों में पदक हासिल करने का मौका था, लेकिन अन्य पहलवान इस मौके का फायदा नहीं उठा सके। पुष्पा यादव (59 किग्रा) और प्रिया (76 किग्रा) भी उन्हें हराने वाली पहलवानों के फाइनल में पहुंचने से पदक की दौड़ में शामिल हो गई थीं, लेकिन इन दोनों भारतीय पहलवानों को हार का सामना करना पड़ा और वे पदक जीतने में नाकाम रहीं।

कांस्य पदक के प्लेऑफ में पुष्पा को कजाखस्तान की डायना कयूमोवा ने 11-8 से हराया, जबकि प्रिया को भी कजाखस्तान की एल्मिरा सिज्डीकोवा ने मात दी।

आई पीएल: 2024

# कोलकाता की लखनऊ पर पहली जीत

### सॉल्ट का अर्धशतक, स्टार्क ने तीन विकेट लिए



**कोलकाता, एजेंसी।** कोलकाता नाइटराइडर्स ने इंडियन प्रीमियर लीग में पहली बार लखनऊ सुपर जायंट्स को हराया। कोलकाता की 17वें सीजन की यह चौथी जीत है। सीजन के 28वें मैच में रविवार को कोलकाता ने लखनऊ को 8 विकेट से हराया। ईडन गार्डन स्टेडियम में कोलकाता ने टॉस जीतकर पहले बॉलिंग का फैसला लिया। लखनऊ ने पहले बैटिंग करते हुए 20 ओवर में 7 विकेट खोकर 161 रन बनाए। जवाब में कोलकाता ने 15.4 ओवर में 2 विकेट खोकर टारगेट हासिल कर लिया।




# दीपेंद्र सिंह टी-20 में 6 गेंद में 6 सिक्स जड़े

**नईदिल्ली, एजेंसी।** नेपाल के बैटर दीपेंद्र सिंह एरी ने कतर के खिलाफ एसीसी प्रीमियर कप के 7वें मैच में 6 गेंद में 6 सिक्स लगाया। वह इंटरनेशनल क्रिकेट में ऐसा करने वाले तीसरे बल्लेबाज बन गए। उनसे पहले साल 2007 में युवराज सिंह ने टी-20 वर्ल्ड कप में इंग्लैंड के खिलाफ स्टुअर्ट ब्रॉड के ओवर में यह कारनामा किया था। वहीं कायरन पोलार्ड ने 2021 में श्रीलंका के खिलाफ टी-20 सीरीज में 6 गेंद पर 6 छक्के लगाए थे।

### दीपेंद्र सिंह 21 गेंदों पर 64 रन बना कर रहे नाबाद

दीपेंद्र ने नेपाल के लिए 5वें नंबर पर बैटिंग करते हुए 21 गेंद पर 64 रन बनाकर नाबाद रहे। दीपेंद्र 20 वें ओवर से पहले 15 गेंद में 28 बनाकर खेल रहे थे और नेपाल का स्कोर 7 विकेट पर 174 रन था। कतर की ओर से आखिरी ओवर कमरान खान करने आए।

दीपेंद्र ने सभी 6 गेंदों पर छक्का जड़कर अपना स्कोर 28 से 64 किया। वहीं नेपाल का स्कोर भी 200 के पार पहुंचा दिया। दीपेंद्र ने अपनी पारी के दौरान 7 छक्के और 3 चौके भी लगाए। उनकी इस दमदार पारी के बौदलत ही नेपाल ने निर्धारित 20 ओवर के खेल में 7 विकेट पर 210 रन का स्कोर खड़ा किया।

### दीपेंद्र टी-20 में सबसे तेज अर्धशतक बनाने वाले बल्लेबाज भी

दीपेंद्र टी-20 में सबसे तेज अर्धशतक बनाने वाले बल्लेबाज भी हैं। उन्होंने एशियन गेम्स में मंगोलिया के खिलाफ मैच में सिर्फ 9 गेंद में फिफ्टी ठोक दी थी।

उनसे पहले टी-20 में सबसे तेज फिफ्टी बनाने का रिकॉर्ड भारत के बैटर युवराज सिंह के नाम था।

युवराज सिंह ने 2007 टी-20 वर्ल्ड कप के दौरान 12 गेंद में अपना 50 रन पूरा किया था।

### दीपेंद्र ने टी-20 में 143.70 की स्ट्राइक रेट से बनाया है रन

24 साल के दीपेंद्र नेपाल के लिए 55 वनडे और 59 टी-20 मैच खेल चुके हैं। वनडे क्रिकेट में उन्होंने 3 फिफ्टी और एक शतक के साथ 896 रन बनाए हैं, जबकि टी-20 क्रिकेट में दीपेंद्र ने 143.70 के स्ट्राइक रेट से 1496 रन बना चुके हैं। इस फॉर्मेट में भी उन्होंने एक शतक लगाया है।

# क्वालीफायर के लिए अमित पंघाल भारतीय टीम में शामिल



**नई दिल्ली , एजेंसी।** विश्व चैम्पियनशिप 2023 के कांस्य पदक विजेता दीपक भोरिया (51 किले ) और मोहम्मद हुसामुद्दीन (57 किलो) , छह बार के एशियाई चैम्पियनशिप पदक विजेता शिवा थापा (63.5 किलो ), मौजूदा राष्ट्रीय चैम्पियन लक्ष्य चाहर ( 80 किलो ) और 2022 राष्ट्रमंडल खेल कांस्य पदक विजेता जे लम्बोरिया (60 किलो ) को टीम में जगह नहीं मिली है। f

वश्व चैम्पियनशिप रजत पदक विजेता अमित पंघाल ने बैंकाक में 25 मई से दो जून तक होने वाले आखिरी ओलंपिक क्वालीफाइंग टूर्नामेंट के लिये भारतीय मुक्केबाजी टीम में वापसी की है। पिछले महीने इटली में ओलंपिक क्वालीफायर में खराब प्रदर्शन के बाद पांच मुक्केबाजों को दूसरे विश्व क्वालीफिकेशन टूर्नामेंट के लिये टीम में जगह नहीं मिली है । भारत के हाई परफॉर्मेंस निदेशक बर्नार्ड डुन्ने को भी पद छोड़ना पड़ा । विश्व चैम्पियनशिप 2023 के कांस्य पदक विजेता दीपक भोरिया (51 किले ) और मोहम्मद हुसामुद्दीन (57 किलो) , छह बार के एशियाई चैम्पियनशिप पदक विजेता शिवा थापा (63.5 किलो ), मौजूदा राष्ट्रीय चैम्पियन लक्ष्य चाहर ( 80 किलो ) और 2022 राष्ट्रमंडल खेल कांस्य पदक विजेता जे लम्बोरिया (60 किलो ) को टीम में जगह नहीं मिली है।

विश्व चैम्पियनशिप 2019 रजत पदक, 2022 राष्ट्रमंडल खेल और 2024 स्ट्रांजा मेमोरियल टूर्नामेंट में स्वर्ण पदक विजेता पंघाल के पास दूसरे ओलंपिक में जगह पक्की करने का यह आखिरी मौका है। राष्ट्रीय चैम्पियन सचिन सिवाच (57 किलो ) को भी टीम में जगह मिली है । हिमाचल प्रदेश के अबिनाश जामवाल 63 . 5 किलो वर्ग में थापा की जगह खेलेंगे जबकि अभिमन्यु लाउरा ने 80 किलो में लक्ष्य की जगह ली है। अभी तक भारत के किसी भी पुरूष मुक्केबाज ने ओलंपिक कोटा हासिल नहीं किया है । अभी तक निकहत जरीन (50 किलो ), प्रीति पंवार (54 किलो ) परवीन हुड्डा (57 किलो ) और लवलीना बोरगोहेन (75 किलो ) ही ओलंपिक कोटा हासिल कर सकी हैं।

आईपीएल 2024

# धवन कब तक हुए आईपीएल 2024 से बाहर?

**नईदिल्ली, एजेंसी।** आईपीएल 2024 के बीच पंजाब किंग्स के लिए बुरी खबर सामने आ रही है। टीम के नियमित कप्तान शिखर धवन चोट के चलते 7 से 10 के लिए टूर्नामेंट से बाहर हो गए हैं। गब्बर के टूर्नामेंट से बाहर होने की जानकारी कोच संजय बांगर ने पीबीकेएस वर्सेस आरआर मैच के बाद दी है।



इस मैच में धवन के जगह सैम कुर्रन ने टीम की कमान संभाली थी और राजस्थान रॉयल्स ने यह मैच 3 विकेट से अपने नाम किया था। संजय बांगर ने बताया कि धवन को कंधे में चोट लगी है जिस वजह से वह कुछ मैच मिस करेंगे।

शिखर धवन अगर एक हफ्ते के लिए बाहर होते हैं तो वह कम से कम दो मुकाबले मिस करेंगे। पंजाब किंग्स का अगला मैच मुंबई इंडियंस से 18 अप्रैल को है, वहीं गुजरात टाइटंस के खिलाफ टीम 21 अप्रैल को मैदान पर उतरेगी।

# क्या शिवम दुबे को मिलना चाहिए टी20 वर्ल्ड कप टीम में मौका?

### सीएसके कोच फ्लेमिंग के बयान ने बढ़ाया भारतीय चयनकर्ताओं का सिरदर्द

**नईदिल्ली, एजेंसी।** न्यूजीलैंड के पूर्व कप्तान और चेन्नई सुपर किंग्स के कोच स्टीफेन फ्लेमिंग का कहना है कि टी20 विश्व कप के लिए टीम चुनने से पहले भारतीय टीम मैनेजमेंट को खेलने की सही शैली की पहचान करनी होगी. चेन्नई सुपर किंग्स के मुख्य कोच स्टीफन फ्लेमिंग का मानना है कि आगामी टी20 विश्व कप के लिए भारतीय टीम में ऑलराउंडर शिवम दुबे को मौका मिलना चाहिए. दुबे पिछले दो आईपीएल सीज़न में एक शानदार हिटर के रूप में उभरे हैं. फ्लेमिंग ने शनिवार को मीडिया से बातचीत में कहा, मेरे लिए बात यह है कि वे (भारत) विश्व कप के दौरान किस प्रकार का गेम प्लान खेलना चाहते हैं?

उन्होंने विदेशी परिस्थितियों में भारत के लिए खेलने की सही शैली की पहचान की है. सीएसके कोच ने कहा, फिर केवल खिलाड़ियों को चुनने और गेम प्लान खोजने की कोशिश करने के बजाय खिलाड़ियों को इसमें शामिल करें. मैं खेल की वह शैली देखूंगा जो मैं चाहता हूं, और फिर उन खिलाड़ियों को चुनूंगा जो फॉर्म में हैं और वह



भूमिका निभा सकते हैं जो उस डिज़ाइन को सर्वश्रेष्ठ रूप से जीत सके.

कीवी दिग्गज ने कहा, भारतीय चयनकर्ता होना शायद विश्व क्रिकेट में सबसे मुश्किल कामों में से एक है, है न? एक तरफ, एक कीवी के रूप में मैं शो में मौजूद प्रतिभाओं की मात्रा और हर खेल में सामने आने वाले नए खिलाड़ियों को देखकर बहुत ईर्ष्यालु हूं. इसके बाद फ्लेमिंग ने दुबे को विश्व कप स्क्वाड में मौका देने के बारे में कहा, मुझे उसकी शक्ति पसंद है. मैं पक्षपाती हूं, है ना? लेकिन मुझे लगता है कि जब आपके पास उस तरह की थोड़ी अलग शक्ति होती है; मैं उसे टीम में रखूंगा.

2018 में अपने टी20 डेब्यू के बाद टीम से बाहर हो गए दुबे को सीएसके के साथ अपनी हालिया हरकतों के कारण राष्ट्रीय टीम में वापसी का रास्ता मिल गया है. 2022 में फ्रैंचाइज़ी में शामिल होने के बाद से, दुबे ने 32 पारियों में 883 रन बनाए हैं

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉग ऑन करें
www.sonvarshavani.com
ई-पेपर
sonvarshavani.com.epaper


## एक नजर

### बीजेपी नेता ने एनडीए प्रत्याशी के समर्थन में किया धुआंधार जनसंपर्क

**औरंगाबाद (नि.सं.)**। बीजेपी के छत्तीसगढ़ के वरीय नेता राजेश कुमार सिंह और बिहार के बख्तियारपुर के वरीय भाजपा नेता भरत सिंह ने स्थानीय नेताओं के साथ रविवार को औरंगाबाद से बीजेपी प्रत्याशी व निवर्तमान सांसद सुशील सिंह के समर्थन में रफीगंज प्रखंड के दर्जनों गांवों में धुआंधार जनसंपर्क किया। इस दौरान दोनों नेताओं ने कई गांवों में वोटरों के साथ बैठक की। महिलाओं और पुरुषों से मिले। सबको प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा राष्ट्र हित और देश की जनता के हित में किए गए कार्यों, केंद्र सरकार की कल्याणकारी योजानाओं और सुशील सिंह द्वारा किए गए कार्यों के बारे में बताया। कहा कि जैसे नरेंद्र मोदी देश के लायक बेटे है। वैसे ही सुशील सिंह भी औरंगाबाद के लायक बेटे है। वें आपके बेटे और भाई है। उन्होंने बेटा और भाई बनकर औरंगाबाद लोकसभा क्षेत्र और जनता की सेवा की है। यह वक्त उनकी सेवा का मोल चुकाने का है। आप उन्हे फिर से लोकसभा में भेजिए ताकि वें पहले से ज्यादा दोगुनी-चौगुनी ताकत से आपके लिए काम कर सके। क्षेत्र में ढेर सारे विकास कर सके। इसलिए नरेंद्र मोदी के साथ-साथ सुशील सिंह का भी हाथ मजबूत करे। जनसंपर्क में रालोमो नेता राकेश कुमार सिंह उर्फ पप्पू सिंह के अलावा दर्जनों एनडीए कार्यकर्ता शामिल रहे।

### देवकुंड स्थित सहस्त्रो धारा तालाब में सैकड़ों व्रतियों ने दिया अर्घ्य

**गोह (औरंगाबाद) (नि.सं.)**। लोक आस्था व सूर्य उपासना के पर्व चैती छठ के तीसरे दिन रविवार को पहला अर्घ्य दिया गया. शाम के समय डूबते भगवान सूर्य को देवकुंड स्थित सहस्त्रो धारा तालाब में हजारो श्रद्धालुओ ने पंहुचकर तालाब में स्नान कर अस्ताचलगामी भगवान भास्कर को अर्घ दिया।इस दौरान छठ घाट पर छठ के गीत बजते रहे। इधर पुनपुन नदी के साथ साथ गोह स्थित तालाब में दर्जनों लोगो ने भगवान भास्कर को अर्घ दिया।इधर पेमा नहर पर,देवहरा पुनपुन नदी,मलहद तालाब,डिहुरी तालाब सहित पुनपुन के कई घाट, तालाब के जलाशयों के किनारे सैकड़ों श्रद्धालुओं ने अस्त होने वाले भगवान सूर्य को अर्घ्य दिया और पूजा-अर्चना की. चार दिनों तक चलने वाले इस अनुष्ठान के अंतिम दिन आज सोमवार को व्रती सुबह उगते सूर्य को अर्घ्य अर्पित करेंगे। चैती छठ के तीसरे दिन पर्व को लेकर व्रती देवकुंड सहस्त्रो धारा तालाब के घाट से लेकर पुनपुन नदियों के तटों, तालाब और जलाशयों पर पहुंचे और भगवान भास्कर की पूजा-अर्चना की. देवकुंड तटों पर छठ पूजा के पारंपरिक गीत गूंजते रहे. छठ पर्व को लेकर घाटों पर व्रतीयो को किसी तरह की परेशानी ना हो इसको लेकर थानाध्यक्ष अनंत कुमार सिंह के साथ महिला पुलिस के द्वारा सुरक्षा की पुख्ता व्यवस्था की गई है।

### पसमांदा अंसारी समाज ने लिया एनडीए प्रत्याशी को समर्थन करने का निर्णय

**रफीगंज (औरंगाबाद) (नि.सं.)**। शहर के राजा बगीचा स्थित एक निजी भवन में राष्ट्रीय लोक क्षमता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष वसीम नैयर अंसारी, बिहार प्रदेश अध्यक्ष धीरू शर्मा के द्वारा अंसारी समाज का बैठक बुलाया गया। इस बैठक में औरंगाबाद लोकसभा के एनडीए प्रत्याशी सुशील कुमार सिंह मौजूद थे। उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए वसीम नैयर अंसारी ने कहा कि राजनीतिक हिस्सेदारी की लड़ाई हम लोग लड़ रहे हैं।2019 से ही महागठबंधन में चुनाव में हिस्सेदारी देने को कहा।लेकिन महागठबंधन के लोग उपेक्षा किए और टिकट नहीं दिए।उन्होंने कहा कि अंसारी पसमांदा को आबादी के अनुसार हिस्सा नहीं मिल रहा है। राजद ने दो टिकट अपने घर में ही दिया।जबकि पूरे देश में मुसलमान की 35 करोड़ की आबादी है।

# औरंगाबाद संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत संपन्न होने वाले मतदान के समय किया गया निर्धारन

कार्यालय संवाददाता

**औरंगाबाद**। भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली, मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी बिहार तथा जिला निर्वाचन पदाधिकारी औरंगाबाद के द्वारा प्राप्त निर्देश के आलोक में 37 औरंगाबाद संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत विभिन्न विधानसभा में संपन्न होने वाले मतदान के समय का निर्धारण कर दिया गया है।

औरंगाबाद(37) लोकसभा संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र 222-कुटुम्बा (अ.जा.), 224-रफीगंज, 225-गुरूआ, 227-इमामगंज (अ.जा.) एवं 231-टिकारी में मतदान का समय 19.04.2024 (शुक्रवार) को पूर्वाह्न 7:00 बजे अपराह्न 4:00 बजे तक निर्धारित किया गया है। वहीं 223-औरंगाबाद विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में मतदान का समय पूर्वाह्न. 7:00 बजे से अपराह्न 6:00 बजे निर्धारित किया गया है।

## मतदान के दिन बूथों पर उपलब्ध रहेंगे मेडिकल किट

कार्यालय संवाददाता

**औरंगाबाद**। औरंगाबाद जिला प्रशासन लोकसभा चुनाव की तैयारियां पूर्ण की जा रही है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री मतदान के सफल आयोजन एवं मतदान से जुड़े हुए कर्मियों तथा पदाधिकारी को स्वस्थ्य एवं सुरक्षित होकर मतदान कार्य संपन्न कराने हेतु कटिबद्ध है। इसके तहत जिला निर्वाचन पदाधिकारी के निर्देश पर औरंगाबाद लोकसभा संसदीय क्षेत्र में संपन्न होने वाले सभी मतदान केंद्रों पर एक-एक मेडिकल किट की व्यवस्था की गई है। इस मेडिकल किट में पेरासिटामोल, डाइक्लोफिनेक, डॉमपेरिडॉन, मेट्रोनिडाजोल, लिवोसिट्रिज, बेटाडिन ओआईनटमेंट, कॉटन, बैंडेज, अमाक्सीसिलिन आदि दवाईयां की उपलब्धता की गई है। सिविल सर्जन डॉ. रवि भूषण श्रीवास्तव ने बताया कि जिला निर्वाचन पदाधिकारी के निर्देशानुसार हीट वेव एवं लोकसभा चुनाव के सफल आयोजन में अवरोध नहीं हो, इसके लिए मतदान कर्मियों एवं पदाधिकारी के लिए आवश्यक व्यवस्था की गई है। इसी क्रम में सफल मतदान हेतु 1100 मेडिकल किट जिला निर्वाचन कार्यालय को उपलब्ध कराया गया है। विदित है कि इस संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में 1001 मतदान केंद्रों पर मतदान का कार्य संपन्न किया जाना है। जिला स्वास्थ्य प्रबंधक अनवर आलम ने बताया कि जिला निर्वाचन पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री के निर्देशानुसार चुनाव में प्रति नियुक्त 107 सेक्टर ऑफिसर के साथ 12 मेडिकल स्टाफ भी लगाया गया है। इसके अतिरिक्त 12 जोनल ऑफिसर के साथ एक-एक मेडिकल टीम की भी प्रति नियुक्ति की गई है जिसमें सभी आवश्यक उपलब्धता की गई है। अनवर आलम ने बताया की जिला स्वास्थ्य समिति के द्वारा लोकसभा चुनाव के सफल आयोजन के क्रम में निर्देशानुसार संबंधित सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई है।

## राज्यपाल ने अंबेडकर को किया नमन

**पटना (नि.सं.)**। राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर ने भारतरत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर के जन्म दिवस के पर रविवार को आयोजित राजकीय समारोह में पटना हाई कोर्ट से पश्चिम स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया तथा भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर अन्य लोगों ने भी डॉ. अंबेडकर को श्रद्धांजलि दी। समारोह में सूचना एवं जन-सम्पर्क विभाग के कलाकारों द्वारा आरती-पूजन किया गया तथा भजन एवं गीत प्रस्तुत किए गए। इस दौरान बिहार गीत की भी प्रस्तुति हुई।

# भाजपा प्रत्याशी सुशील सिंह के लिए मंत्री डॉ. प्रेम कुमार ने किया जनसंपर्क

कार्यालय संवाददाता



**औरंगाबाद**। बिहार सरकार के सहकारिता सह पर्यावरण मंत्री डॉ. प्रेम कुमार ने रविवार को बीजेपी प्रत्याशी सुशील सिंह के समर्थन में औरंगाबाद लोकसभा क्षेत्र के इमामगंज विधानसभा क्षेत्र में बांकेबाजार, हसनपुर, विसनपुर, मैगरा, बिकुआ, बरवाडीह, कोलसइता, इमामगंज, रानीगंज सहित विभिन्न गांवों में जनसंपर्क अभियान चलाया। इस दौरान डॉ. कुमार ने जनता के बीच पीएम मोदी की गतिविधियों और योजनाओं की विस्तार से चर्चा की। उन्होंने जनता से सीधे संपर्क में आकर उनकी समस्याओं को सुना और उन्हें समाधान करने की गारंटी दी। इसके साथ ही, उन्होंने वोट की मांग की और लोगों से नरेंद्र मोदी को पुनः प्रधानमंत्री बनने के लिए प्रत्याशी सुशील सिंह के लिए समर्थन मांगा। डॉ कुमार ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि नरेंद्र मोदी ने विगत 10 वर्षों में जितने काम किए, जितनी योजनाएं लागू की हैं, वह विगत 60 वर्षों में नहीं हुआ। क्यों नहीं हुआ, क्योंकि लोग एक योजना बनाकर उसको लूटने में लगे रहते थे। देश में कांग्रेस और बिहार में लालू की सरकार ने केवल घोटाला कर लूटने का काम किया अभी जोर-जोर से बोल रहे हैं कि अगर उनकी सरकार बनी तो भाजपा के लोग जेल जाएंगे। उनको यह देखना चाहिए की नौकरी के बदले जमीन का सौदा करने वाले, जिनकी विरासत ही घोटाले से शुरू होकर घोटाले पर खत्म होती है। वह देश को नई ऊंचाई पर पहुंचाने वाले मोदी सरकार पर उंगली उठा रहे हैं। जो लोग वंचितों गरीबों और दलितों का शोषण करते रहे, इस्तेमाल करते रहे, कभी उनको आगे बढ़ाने का कोशिश नहीं किया क्योंकि आगे बढ़ जाएगा तो समझदार हो जाएगा और उनके इशारों पर नहीं चलेगा। लेकिन मोदी सरकार में सबका साथ सबका विकास और सबका विश्वास के साथ सबका प्रयास से सभी का उत्थान हो रहा है। गरीबों को गरीबी से बाहर निकाला जा रहा है। वंचितों और दलितों को विशेष योजनाएं बनाकर सहायता प्रदान की जा रही है। डॉ. कुमार का जनसंपर्क अभियान इमामगंज से शुरू होकर डुमरिया आमस औरंगाबाद देव होते हुए वापस गया में समाप्त हुआ। अभियान में सैकड़ो भाजपा कार्यकर्ता भी शामिल हुए, जिसमें लघु उद्योग प्रकोष्ठ के प्रदेश सह संयोजक प्रेम सागर, इमामगंज विधानसभा प्रतिनिधि विरेंद्र दांगी, चंद्रवंशी महासभा शेर घाटी अनुमंडल के अध्यक्ष नरेश चंद्रवंशी, युवा नेता अक्षय चंद्रवंशी, संजीव पाठक, बिरबल राय, नरेंद्र प्रसाद दांगी, प्रमोद चंद्रवंशी, अखौरी पिंकू लाल, ओमप्रकाश चंद्रवंशी सहित सैकड़ों लोग शामिल है।

## भाजपा कार्यालय में मनी बाबा साहब अंबेडकर की जयंती



निज संवाददाता

**गोह (औरंगाबाद)**। भाजपा कार्यालय में गोह में रविवार को भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने बाबा साहब भीम राव अंबेडकर की 133वी जयंती मनाई गई। इस दौरान उनके चित्र पर फूल माला पहनाकर उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया गया, मंडल अध्यक्ष उमेश पासवान कहा कि संविधान निर्माता बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के जन्म 14 अप्रैल 1891 महू मध्यप्रदेश में हुआ था, बाबा साहब को भारतीय संविधान का जनक भी कहा जाता है,इन्हे समाज सुधारक और दलित शोषितों को महानायक भी कहा जाता है ,इनके बताए मार्गो को अपनाने वाले व्यक्ति आज भी महान कहला सकते हैं, इस मौके पर उपहरा मंडल अध्यक्ष राजू कुमार, विद्यार्थी चुन्नू सिंह, सचिन चंद्रवंशी, क्षेत्रीय प्रदेश प्रभारी इंदल चंद्रवंशी, सुरेंद्र शर्मा, मोहर लाल मिश्रा उपस्थित रहे।

# राहुल गांधी विचार मंच के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष बीजेपी में शामिल

कार्यालय संवाददाता



**औरंगाबाद**। औरंगाबाद के निवर्तमान बीजेपी सांसद सह एनडीए प्रत्याशी सुशील सिंह के आवास पर रविवार को राहुल गांधी विचार मंच के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष सह बिहार के टॉप-10 सोशल मीडिया वॉरियर्स में शुमार मनोज कुमार पांडेय ने कांग्रेस पार्टी के सभी पदों से इस्तीफा देकर भाजपा की सदस्यता ग्रहण कर ली। सदस्यता ग्रहण करने पर निवर्तमान सांसद ने उन्हे अंगवस्त्र देकर सम्मानित कर पार्टी में स्वागत किया। इस मौके पर सुशील सिंह ने कहा कि आपके पार्टी में शामिल होने पर बीजेपी मजबूत होगी। दोनो ही प्रखर नेता के साथ साथ समाजसेवी भी है और लगातार जनहित के कार्य करते रहते है। आप दोनो एक कर्मठ राजनीतिक कार्यकर्ता है। बीजेपी में आपका स्वागत है। इस मौके पर मनोज कुमार पांडेय ने कहा कि कांग्रेस पार्टी अपनी विचारधारा से भटक गई है। कार्यकर्ता को मान-सम्मान नही मिल रहा है। बिहार में संगठन नाम का कोई चीज नही है। महागठबंधन में राजद के द्वारा लगातार बेइज्जत करने का काम किया जा रहा है। इससे काफी संख्या में युवा पार्टी से नाराज है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी राष्ट्रवादी विचारधारा और समाज के हर वर्गों के लिए लगातार विकास का कार्य कर रहे है। मैं इन सभी बातों से प्रभावित होकर और राजग प्रत्याशी निवर्तमान सांसद सुशील कुमार सिंह द्वारा समाज के हर वर्ग के लोगों को साथ लेकर चलने की उनकी नीति और सभी लोगों को मान सम्मान देने से प्रेरित होकर भाजपा परिवार में शामिल हुआ हूं। मैं चुनाव में भरपूर समर्थन करूंगा और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने में सहयोग करूंगा। एनडीए प्रत्याशी सुशील सिंह को इस चुनाव में आमजनों का भरपूर सहयोग मिल रहा है और अपार बहुमत से चुनाव जीतेंगे।

## औरंगाबाद में यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ की चुनावी सभा आज

- 19 अप्रैल को अपना बहुमूल्य मत कमल छाप पर क्रमांक संख्या 3 पर देकर मुझे भारी मतों से विजयी बनाएं।

कार्यालय संवाददाता



**औरंगाबाद**। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सोमवार 15 अप्रैल को औरंगाबाद में जनसभा को संबोधित करेंगे। औरंगाबाद से एनडीए समर्थित भाजपा प्रत्याशी व निवर्तमान सांसद सुशील कुमार सिंह ने बताया कि योगी आदित्यनाथ 11:30 बजे हेलिकॉप्टर से औरंगाबाद आएंगे। इसके बाद वें शहर के रतनुआ गांव के पास विशाल जनसभा को संबोधित करेंगे। सभा की सभी आवश्यक तैयारी पूरी कर ली गई है। कहा कि यह वहीं सभा स्थल है जहां 2 मार्च को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सभा हुई थी। उन्होंने कहा कि योगी आदित्यनाथ के औरंगाबाद आगमन को लेकर आम जनता में गजब का उत्साह है। लोग उन्हें सुनना चाहते हैं। सभी से आग्रह है कि इस जनसभा में आए और इनकी बातों को सुने। साथ ही 19 अप्रैल को अपना बहुमूल्य मत कमल छाप पर क्रमांक संख्या 3 पर देकर मुझे भारी मतों से विजयी बनाएं।

# जीएनएसयू में प्लेसमेंट हेतु पुनः सार्थक प्रयास



निज संवाददाता

**जमुहार (सासाराम)**। गोपाल नारायण सिंह विश्व विद्यालय द्वारा संचालित प्रबंधन एवं वाणिज्य संकायों में इस हफ्ते भी दो प्लेसमेंट ड्राइव हुए। पहला ऐसाफ स्मॉल फाइनेंस बैंक तथा दूसरा श्रीराम फाइनेंस लिमिटेड ने कैम्पस के लिए अपना अभियान चलाया। इस अभियान के लिए बीबीए ,बीसीए, बीकॉम, एम बी ए, एम कॉम आदि सभी भाग लेने के लिए योग्य हैं। विश्वविद्यालय ट्रेनिंग एवं प्लेसमेंट सेल के अनुसार 56 विद्यार्थी फाइनल प्लेसमेंट हेतु इन दोनों कंपनियों के प्लेसमेंट ड्राइव में सम्मिलित हुए तथा कई राउंड के पश्चात 20 विद्यार्थियों को फाइनल साक्षात्कार हेतु चयनित कर लिया गया है। औरंगाबाद के सरकारी इंजीनियरिंग कॉलेज के विद्यार्थी भी इसमें सम्मिलित हुए। कुल मिलाकर लगभग पांच से छह लाख के सालाना सैलरी पैकेज हेतु शीघ्र हेड ऑफिस में साक्षात्कार आयोजित होगा एवं फाइनल प्लेसमेंट प्रदत्त होगा।प्रबंधन संकाय के प्लेशमेंट कोर्डिनेटर डॉ भबानी शंकर गुप्ता के अनुसार अभी तक दस कंपनियां पहले खेप में जीएनएसयू पधार रही हैं तथा इसी माह इनके द्वारा प्रदत्त प्लेसमेंट मूर्त रूप ले लेंगे। इस अवसर पर संकाय अध्यक्ष प्रबंधन, वाणिज्य संकाय के अलावे अन्य वरीय अध्यापकगण भी उपस्थित थे। विश्वविद्यालय ट्रेनिंग एवं प्लेसमेंट सेल के अनुसार 56 विद्यार्थी फाइनल प्लेसमेंट हेतु इन दोनों कंपनियों के प्लेसमेंट ड्राइव में सम्मिलित हुए तथा कई राउंड के पश्चात 20 विद्यार्थियों को फाइनल साक्षात्कार हेतु चयनित कर लिया गया है। औरंगाबाद के सरकारी इंजीनियरिंग कॉलेज के विद्यार्थी भी इसमें सम्मिलित हुए। कुल मिलाकर लगभग पांच से छह लाख के सालाना सैलरी पैकेज हेतु शीघ्र हेड ऑफिस में साक्षात्कार आयोजित होगा एवं फाइनल प्लेसमेंट प्रदत्त होगा। प्रबंधन संकाय के प्लेशमेंट कोर्डिनेटर डॉ भबानी शंकर गुप्ता के अनुसार अभी तक दस कंपनियां पहले खेप में जीएनएसयू पधार रही हैं तथा इसी माह इनके द्वारा प्रदत्त प्लेसमेंट मूर्त रूप ले लेंगे। इस अवसर पर संकाय अध्यक्ष प्रबंधन, वाणिज्य संकाय के अलावे अन्य वरीय अध्यापकगण भी उपस्थित थे।

## खेल प्रतियोगिता का आयोजन



निज संवाददाता

**जमुहार (सासाराम)**। गोपाल नारायण सिंह विश्वविद्यालय ,जमुहार सासाराम में नेशनल कैडेट कोर द्वारा खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस मौके पर कुल 64 चौसठ से अधिक एनसीसी कैडेट्स ने हिस्सा लिया। इस दौरान रस्सा-कसी और वॉकिंग रेस का आयोजन किया गया। वॉकिंग रेस में सीनियर विंग की कैडेट मुस्कान ने प्रथम स्थान प्राप्त किया वहीं सीनियर डिविजन से कैडेट्स नंदलाल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। रस्साकसी में अपने टीम के कप्तान नंदलाल ने सभी सहयोगियों के प्रयास से प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसी क्रम में स्वच्छ भारत - स्वस्थ भारत की परिकल्पना को साकार करने की दिशा में कैडेट्स ने विश्वविद्यालय परिसर की साफ-सफाई किया। सभी कैडेट्स और प्रशिक्षक रौशन सिंह को विश्वविद्यालय एनसीसी अधीक्षक डॉ मयंक कुमार राय ने बधाई और उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं प्रेषित किया।

# केंद्रीय संचार ब्यूरो द्वारा औरंगाबाद में चलाया गया मतदाता जागरूकता अभियान

- विभिन्न प्रखंडों में चार दिन तक चलेगा अभियान

कार्यालय संवाददाता



**औरंगाबाद**। भारत सरकार के सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के केंद्रीय संचार ब्यूरो, पटना द्वारा 14 अप्रैल से औरंगाबाद जिले में चार दिवसीय विशेष मतदाता जागरूकता अभियान शुरू किया गया। इस अवसर पर नगर के चित्रगुप्त सभागार सह लोकनायक जयप्रकाश नारायण सांस्कृतिक भवन परिसर में एक विशेष परिचर्चा आयोजित की गई। परिचर्चा में मुख्य अतिथि के रूप में जिला स्वीप कोषांग की नोडल अधिकारी श्वेता प्रियदर्शी ने सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय द्वारा जिले में मतदान प्रतिशत में वृद्धि हेतु चलाए जा रहे अभियान की प्रशंसा की तथा अभियान को दूर - दराज के क्षेत्रों तक ले जाने का सुझाव दिया। उन्होंने औरंगाबाद जिले में मतदाता जागरूकता के लिए किए जा रहे प्रयासों को विस्तार से चर्चा की। उन्होंने बताया कि घर-घर जाकर मतदाताओं को जागरूक किया जा रहा है तथा अब तक जागरूकता अभियान के माध्यम से लगभग पांच लाख लोगों तक संदेश पहुंचाया गया है । विशेष रूप से महिला, वृद्धजनों तथा दिव्यांग मतदाताओं को मतदान करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी अभिषेक कुमार ने कहा कि चुनाव आयोग प्राप्त आंकड़ों के आधार पर बिहार के विभिन्न जिलों में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है, इसके अंतर्गत विभिन्न प्रकार के जनसंपर्क अभियान चलाए जा रहे हैं, जिसमें पहली बात मत दे रहे मतदाताओं पर विशेष रूप से ध्यान केंद्रित किया जा रहा है।

कार्यक्रम का विषय प्रवेश करते हुए सामाजिक कार्यकर्ता अजय श्रीवास्तव द्वारा मतदान के महत्व को रेखांकित किया गया। वरिष्ठ पत्रकार कमल किशोर ने औरंगाबाद में मतदाता जागरूकता वृद्धि के लिए अनेक सुझाव रखे। कार्यक्रम में उपस्थित आम जनता को मतदाता शपथ भी दिलाई गई। इस अवसर पर मंत्रालय से संबद्ध नव सर्वोदय समाज कल्याण संस्थान, सारण के कलाकारों द्वारा मतदाता जागरूकता गीत प्रस्तुति दी गई । कार्यक्रम के अंत में धन्यवाद ज्ञापन केंदीय संचार ब्यूरो, पटना के प्रचार अधिकारी प्रकाश कुमार सिंह द्वारा किया गया।

इस कार्यक्रम में सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के ऐश्वर्य कुमार तथा स्थानीय नागरिकों की प्रमुख भूमिका रही, जिनमें शिवनारायण सिंह, अजय वर्मा, राजू रंजन सिन्हा, सुनील सिन्हा, दीपक बलजोरी, सूर्यकांत, गणेश प्रसाद, दीनानाथ मौआर, मनीष कुमार, अटल बिहारी सिंह, पूर्णानंद उपाध्याय तथा संजय कुमार शामिल थे। दिनांक 15 अप्रैल 2024 को जागरूकता अभियान जिले के मदनपुर प्रखंड में आयोजित किया जाएगा।

### रोटरी क्लब ने दिव्यांगों को दिया व्हील चेयर व कृत्रिम उपकरण

**पटना(नि.स.)**। रोटरी क्लब ऑफ पटना मिलेनियम की ओर से दिव्यांगों के बीच व्हील चेयर और कृत्रिम उपकरण का वितरण किया गया। भारत विकास एवं संजय आनंद विकलांग अस्पताल सह रिसर्च सेंटर में दिव्यांगों के बीच उपकरण वितरण किया गया। क्लब के अध्यक्ष चिंतन जैन ने कहा कि दिव्यांगों के जीवन को बेहतर बनाने के लिए उन्हें यह उपकरण दिये गए हैं। यह उपकरण उन्हें जीवन जीने में मददगार साबित होंगे।

# राज्यसभा सदस्य भीम चंद्रवंशी ने किया बीजेपी कैंडिडेट के समर्थन में अति पिछड़ों के गांवों में जनसंपर्क

निज संवाददाता



कुटुंबा (औरंगाबाद)। भाजपा नेता व राज्यसभा सांसद डॉ. भीम सिंह चंद्रवंशी ने रविवार को कुटुंबा विधानसभा क्षेत्र के अलग-अलग गांव का दौरा कर जनसंपर्क अभियान चलाया। उन्होंने अति पिछड़ा चंद्रवंशी समाज से विशेष तौर पर संपर्क किया। उन्हे एनडीए समर्थित भाजपा प्रत्याशी सुशील कुमार सिंह के पक्ष में वोट डालने के लिए प्रेरित किया। गौरतलब है कि उन्होंने औरंगाबाद लोकसभा क्षेत्र में रविवार को चार दिवसीय जनसंपर्क यात्रा का समापन कुटुम्बा विधानसभा में किया। इस दौरान डॉ.भीम सिंह ने कहा कि पूरे संसदीय क्षेत्र में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के पक्ष में जो हवा चल रही थी, वह हवा तूफान का रूप ले चुका है। भाजपा उम्मीदवार सुशील कुमार सिंह के पक्ष में मतदाताओं में आकर्षण है। पिछड़ी और अत्यंत पिछली जातियों में गजब का उत्साह है। भाजपा उम्मीदवार सुशील कुमार सिंह की जीत तय है। उन्होंने औरंगाबाद के अलग-अलग क्षेत्र में सोरी पंचायत केमाली, इटवा, जय हिन्द तेंदुआ आदि दर्जनों गांवों का दौरा किया। इस मौके पर ओबीसी मोर्चा जिलाध्यक्ष विनोद सिंह चंद्रवंशी, टेंगरा पंचायत के पैक्स अध्यक्ष जितेंद्र कुमार चंद्रवंशी, भाजपा जिला मंत्री बिजेन्द्र चंद्रवंशी, उमेश सिंह चंद्रवंशी, सुरेंद्र सिंह चंद्रवंशी, बसंत चंद्रवंशी, प्रेम सिंह चंद्रवंशी राजेश चंद्रवंशी, आलोक सिंह चंद्रवंशी, उमेश चंद्रवंशी, राज नारायण चंद्रवंशी, उपेन्द्र चंद्रवंशी आदि सैकड़ो लोगों ने अलग-अलग जगह पर बैठक में सुशील कुमार सिंह के पक्ष में वोट देने के लिए संकल्पित हुए।

जन-जन की वाणी...
सोन वर्षा वाणी
2 राज्य | 4 संस्करण
केंद्र सरकार के डी.ए.वी.पी. तथा बिहार, झारखंड एवं उत्तराखंड राज्य सरकार के आईपीआरडी से मान्यता प्राप्त
औरंगाबाद, पटना, आरा एवं रांची (झारखंड) से प्रकाशित हिंदी दैनिक


आवश्यकता :
25 वर्षों से निरंतर प्रकाशित हो रहे प्रतिष्ठित हिंदी दैनिक समाचारपत्र सोन वर्षा वाणी को पेजिनेटर, कॉपी एडिटर, विज्ञापन प्रबंधक, मार्केटिंग प्रतिनिधि एवं प्रत्येक जिले से पत्रकार / संवाददाता की आवश्यकता है।
इच्छुक सम्पर्क करें : 7766886433, mail : svvpress@gmail.com
नोट : अनुभव के आधार पर पद सृजित किये जायेंगे.
प्रधान कार्यालय : सोन वर्षा वाणी बिल्डिंग, क्लब रोड, औरंगाबाद (बिहार) | मो. 9934957121
आरा कार्यालय : जयहिंद कॉलोनी, नाला मोड़, आरा (भोजपुर) बिहार | मो. 9142681546
रांची कार्यालय : 204, निर्मला एन्क्लेव, रानी बागान, बरियातू हाउसिंग कॉलोनी, बरियातू, रांची (झारखंड) | मो. 7766886433